राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल ...

कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 339 | पटना, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

संक्षिप्त खबरें

श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, आरपीएफ जवान की मौत

पटना/मुजफ्फरपुर। राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने दलगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आईजी जंक्शन पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरूकी।एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

पिथौरागढ़ में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में सोमवार तड़के सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पिथौरागढ़ निवासी आठ लोग किसी शादी समारोह में शामिल होने के बाद आज सुबह वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ऐंचोली क्षेत्र में अडोली के पास उनका वाहन अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद राज्य आपदा प्रबंधन बल के सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह की अगुवाई में एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सबसे पहले घायलों को बाहर निकाला और चिकित्सालय पहुंचाया। साथ ही शवों को भी खाई से बाहर निकाल कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आतंकवादी साजिश का मामला, श्रीनगर में नौ जगहों पर छापेमारी

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू कश्मीर को अस्थिर करने के लिए नवगठित आतंकी संगठनों से जुड़ी कथित साजिश की जांच के तहत सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि यह मामला भौतिक एवं साइबरस्पेस दोनों तरह की साजिश रचने तथा जम्मू कश्मीर में बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के षडयंत्र से संबंधित है। इस तरह के षडयंत्र जम्मू कश्मीर में युवाओं और भूमिगत कार्यकताओं के साथ मिलकर आतंकवादी समूहों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं।

पीएम की सभा 26 को अररिया में, आमंत्रण के लिए अक्षत

अररिया। फारबिसगंज के हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसमे शामिल होने के लिए आमजनों के घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता अक्षत देकर आमंत्रण देंगे। यह जानकारी बिहार सरकार के मंत्री एवं प्रधानमंत्री के फारबिसगंज में आयोजित कार्यक्रम के प्रभारी नीरज कुमार बबलू ने कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 26 अप्रैल के कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का दावा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है।

सीएम ने भागलपुर व बांका में चुनावी सभा को किया संबोधित, राजद पर साधा निशाना

अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं कुछ लोग, हमने परिवार को नहीं बढ़ाया : नीतीश

- मुखिया के चुनाव में महिलाओं को दिया आरक्षण
- 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी

कहा-जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं

प्रात : किरण

पटना/भागलपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है। लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया। सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है।

हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है।

हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया।

महिलाओं के लिए नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया : बांका के रजौन में जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाएं, रोजगार, नौकरी आदि पर कई काम किए है। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर चोट किया।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग परिवारवादी नहीं है पर वे लोग परिवार के लिए काम करते हैं। लालू प्रसाद का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपनी पत्नी व बेटे-बेटी के लिए ही काम करते हैं। पहले खुद लड़ा फिर पत्नी और बेटा को बनाया अब सब बेटी को बनवा रहा है। महिलाओं को पढ़ने लिखने से लेकर नौकरी रोजगार का अवसर दिया है एवं महिलाओं के लिए नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

कांग्रेस ने पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

लोस चुनाव : महाराजगंज से आकाश तो मुजफ्फरपुर से अजय निषाद लड़ेंगे चुनाव

समस्तीपुर में बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे आमने-सामने

प्रात : किरण

पटना/नई दिल्ली। महागठबंधन की तरफ से चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने बिहार में अपने हिस्से की बची छह सीटों में से पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने जहां अपने कोटे के नौ सीटो में से तीन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पहले ही कर दिया था। वहीं सोमवार को बचे हुए छह सीटों में पांच पर अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद, महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह, समस्तीपुर से सन्नी हजारी और सासाराम से मनोज कुमार को उम्मीदवार घोषित किया है। पश्चिम चंपारण सीट से मदन मोहन तिवारी का मुकाबला भाजपा के डा. संजय जायसवाल से होगा। इसी तरह मुजफ्फरपुर सीट से वर्तमान सांसद अजय निषाद मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी राजभूषण निषाद से होगा।

पांच प्रत्याशियों की सूची

1. **महाराजगंज :** आकाश सिंह
2. **मुजफ्फरपुर :** अजय निषाद
3. **समस्तीपुर:** सन्नी हजारी
4. **सासाराम :** मनोज कुमार
5. **पश्चिम चंपारण :** मदन मोहन तिवारी

अजय निषाद इससे पहले भाजपा से सांसद थे, लेकिन टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने कांग्रेस के साथ जाने का फैसला किया। समस्तीपुर से रोचक मुकाबला समस्तीपुर में देखने को मिलेगा। यहां से बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे चुनावी मैदान में हैं। एक तरफ मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी चिराग की पार्टी लोजपारा से चुनाव लड़ रही हैं।

वही, दूसरी तरफ जदयू से कांग्रेस में गए सन्नी हजारी भी अब चुनाव में उन्हें कड़ा मुकाबला देने को तैयार हैं। सन्नी हजारी मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। महाराजगंज सीट से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह को टिकट दिया गया है। आकाश का मुकाबला यहां भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रिवाल से होगा। इसके अलावा यहां निर्दलीय एमएलसी सच्चिदानंद राय ने अपनी पत्नी को चुनाव में उतारने का फैसला लिया है। सासाराम सीट से मनोज कुमार का मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार शिवेश राम से होगा।

पटना साहिब सीट पर संशय बरकार : हालांकि पटना साहिब सीट से कांग्रेस ने अपने चेहरे पर से पर्दा नहीं हटाया है। यहां कौन उम्मीदवार होगा। इस पर सस्पेंस कायम है। माना जा रहा है कि यहां मीरा कुमार के बेटे को पार्टी अपना उम्मीदवार बना सकती है।

बिहार में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ रही चुनाव: बता दें कि बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे में कांग्रेस को 9 सीटें मिली हैं। जबकि 23 सीटों पर आरजेडी चुनाव लड़ रही है। वहीं, 5 सीटें वाम दल को दी गई हैं। 3 सीट पर वीआईपी चुनाव लड़ रही है।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चार लोगों की ली जान

प्रात : किरण

लखीसराय/एजेंसी। बिहार के लखीसराय जिले के मेदनी चौक थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, दो बाइक पर सवार होकर पांच लोग पास से ही एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर हैबतगंज के पास अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। मेदनी चौक थाना के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मृतकों में पुग्गी यादव, लक्ष्मी महतो, मनीष कुमार, कुणाल कुमार शामिल हैं, वहीं सूरज कुमार जख्मी है। हादसे के शिकार सभी लोग लखीसराय और मुंगेर के निवासी थे और पास के ही एक गांव में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे।

लोस चुनाव : तीसरे चरण के पांच सीटों पर 54 उम्मीदवार मैदान में

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के लिए सोमवार को बिहार की पांच सीटों अररिया, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया के चुनाव में नामांकन पर नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के पर्चा की जांच की गयी। एक लोकसभा सीट पर नॉमिनेशन करने वाले 20 उम्मीदवारों का पर्चा खारिज कर दिया गया। पांच सीटों पर कुल मिलाकर 42 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। तीसरे चरण के मतदान वाली पांच सीटों पर अब कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर 7 मई को होने वाली तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। इन सीटों में अररिया, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया शामिल हैं। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक नामांकन पत्र में अधूरी जानकारी, शपथ पत्र नहीं लगाने या चुनाव अधिकारी के सामने प्रस्तावक को पेश नहीं करने जैसे कारणों से 42 उम्मीदवारों का नॉमिनेशन कैंसिल कर दिया गया है। अररिया में 20 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द : चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक अररिया लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 20 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। अररिया के डीएम इनायत खान ने मीडिया को बताया कि अररिया सीट के लिए 29 कैंडिडेट ने 40 सेट में नामांकन किया था। कैंडिडेट या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने नॉमिनेशन पेपर की जांच की गई। जिनका पर्चा खारिज किया गया उन सबको पक्ष रखने का मौका दिया गया। उधर, झंझारपुर और मधेपुरा सीट पर 7-7 उम्मीदवारों के नामांकन का पर्चा रद्द कर दिया गया है। वहीं, सुपौल सीट पर 5 और खगड़िया सीट पर 3 कैंडिडेट का नामांकन पत्र रद्द हो गया है। तीसरे चरण के मतदान वाली पांच सीटों पर अब कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। सोमवार को नाम वापसी का आखिरी दिन है और अगर इनमें कोई अपना नाम वापस नहीं लेता है तो इन सबका लड़ना तय है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन उम्मीदवारों का पर्चा खारिज हुआ है उनमें ज्यादातर निर्दलीय चुनाव मैदान में खड़े होने पहुंचे थे। बिहार में लोकसभा चुनाव में अब हुए तीन चरणों के नामांकन में तीसरे चरण में सबसे ज्यादा उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया है।

दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे : शाह

प्रात : किरण

जगदलुपर/एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं और नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा। श्री शाह बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आए। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, उन्हें पता नहीं है कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं। पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गए और 250 ने आत्मसमर्पण किया। दो साल के अंदर छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगें। उन्होंने बचे हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह देते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा के साथ सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री श्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, पर कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

सूरत से मिली भाजपा को पहली सीट, मुकेश दलाल निर्विरोध विजयी

सभी निर्दलीय और राजनीतिक दलों ने वापस लिया नामांकन पत्र

- कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने किया था रद्द

प्रात : किरण

सूरत/एजेंसी। लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है।

नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। सोमवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के अब्दुल हमीद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के जेयेश मेवाडा, लोग पार्टी के सोहेल शेख, निर्दलीय अजीत उमट, निर्दलीय किशोर डायाणी, निर्दलीय रमेश भाई बारैया और निर्दलीय भरतभाई प्रजापति ने अपने नाम वापस ले लिए। हालांकि बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती ने सबसे अंत में अपना नाम वापस लिया। इससे पूर्व उनकी पार्टी की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर सुरक्षा की मांग की गई थी। उनका आरोप था कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार को अनजान नंबरों से फोन कर धमकी दी जा रही है। हालांकि बाद में उन्होंने भी अपना नाम वापस ले लिया।

दौरा | **सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी**

सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री, जवानों का बढ़ाया हौसला

माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची बैटल फील्ड में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया और भारत माता की जय का उद्घोष किया। रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया। इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों में उनके संपूर्ण व्यावसायिकता और अनुकरणीय कार्य के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

पश्चिम बंगाल में एसटीएफ ने आतंकी को पकड़ा

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है।

कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था।

एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था। कोलकाता पुलिस का कहना है कि 26/11 जैसे हमले का प्लान किया जा रहा था। आरोपित ने अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने की भी कोशिश की थी। शुरूआती जांच में पता चला है कि राजाराम ने कोलकाता में कुछ और लोगों से मुलाकात की थी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

संक्षिप्त खबरें

निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

फतुहा। शहर में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्लोगन लिखे तख्ती और नारों से मतदाता को जागरूक किया गया। एक जून को मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताया गया। साथ ही परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में जागरूक किया गया। प्रखंड कार्यालय से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करते हुए मतदाता जागरूकता रैली वापस प्रखंड कार्यालय पहुंचा। रैली में डीसीएलआर, बीडीओ सुनील कुमार, सीओ मुकेश कुमार, जीविका बीपीएम प्रियंका सहित अधिकाधिक लोग शामिल हुए

जीविका दीदी के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जीविका दीदीयो ने कोथवां पंचायत में रैली निकला। सोमवार को मतदाम प्रतिशत बढाने एवं मतदान को लेकर जागरूक करने के अभियान के तहत जीविका दीदी कोथवां पंचायत पहुंची। जीविका दीदी ने रैली निकालकर हर दस्तक गतिविधि के साथ मतदाता को जागरूक किया। जीविका दीदी ने लोगो को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान आपका अधिकार है। इससे आप अपना सरकार बना सकते है आपका एक वोट देश के सरकार बनाने में अहम है। रैली में हाथो में तख्तिया लिये जीविका दीदी शामिल हुई।

बंद घर के ताला काट कर चोरों ने चोरी की

दानापुर रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वेदनगर में चंद घंटे के अंदर ही चोरो ने दो बंद घरो का अपना निशाना बनाते हुए एक लाख नगद समेत लगभग चार लाख का जेवरात ले भागे। इस बाबत दोनो पीडित ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि वेदनगर निवासी एस के सिन्हा रविवार की रात शादी में परिवार के साथ निकले थे। देर रात जब वापस आये तो चोर घटना का अंजाम दे चुके थे। चोर घर को निशाना बनाते हुए ताला तोड़ एक लाख नगद समेत करीब पांच लाख के जेवरात ले भागे थे। चोरो ने पास के अंशु कुमार के घर को भी अपना निशाना बनाया। चोरो ने अंशु के घर से नगद समेत करीब 25 हजार का समान ले भागे। अंशु भी घर बंद कर कही गये हुए थे। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि बंद घर का ताला तोड चोरो ने घटना का अंजाम दिया। गृहस्वामी एस के सिन्हा ने एक लाख नगद एवं पांच लाख के जेवरात चोरी होने की बात बतायी है। जबकि अंशु कुमार ने करीब 25 हजार के सामान आदि की चोरी की बात बतायी है। छानबीन की जा रही है।

लोस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को एसडीओ ने शांति समिति सदस्यों से मांगी मदद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अनुमंडलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान के लिए बैठक का आयोजन सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में हुआ। इसमें पटना सिटी के जागरूक नागरिक एवं निजी स्कूल के संचालकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़े, लोगों में मतदान करने को लेकर जागरुकता पैदा हो। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। मतदान केंद्रों पर पीने के पानी, स्वच्छ शौचालय, धूप से बचाव बचने के लिए शामियाना एवं बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा गली-गली भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जाएगा। प्रमुख स्थलों पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कंगन घाट, मंगल तालाब, जगदेव पार्क, जैसे अन्य स्थान, जहां आम जनता सुबह-शाम टहलने आती है, उन लोगों से सम्पर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करने का काम किया जाएगा। विभिन्न धार्मिक स्थल, पार्क, सब्जी मंडी, जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों का आवागमन होता है, वैसे स्थान पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर टांग कर लोगों को जागरूक किया जाएऊ *पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता अनुमंडलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान के लिए बैठक का आयोजन सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में हुआ। इसमें पटना सिटी के जागरूक नागरिक एवं निजी स्कूल के संचालकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़े, लोगों में मतदान करने को लेकर जागरुकता पैदा हो। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। मतदान केंद्रों पर पीने के पानी, स्वच्छ शौचालय, धूप से बचाव बचने के लिए शामियाना एवं बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा गली-गली भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जाएगा। प्रमुख स्थलों पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कंगन घाट, मंगल तालाब, जगदेव पार्क, जैसे अन्य स्थान जहां आम जनता सुबहआ7सुबह टहलने आते हैं उन लोगों से सम्पर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करने का काम किया जायेगा।

(5) विभिन्न धार्मिक स्थल, पार्क, सब्जी मंडी, जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों का आवागमन होता है वैसे स्थान पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर टांग कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रदीप काश ने बैठक में कंगन घाट में मतदाता जागरुकता, कट आउट, सेल्फी प्वाइंट बनाने का प्रस्ताव रखा। राजेश साह ने सभी मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों के लिए ई-रिक्शा का विचार व्यक्त किया। शांति समिति के लोगों में प्रफुल्ल पांडेय, रामनारायण सिंह आदि शामिल थे। वहीं विभिन्न निजी विद्यालयों की ओर से कौशलेंद्र, नागेंद्र पांडेय, अमित पांडेय, रामाधार सिंह आदि शामिल थे। एसडीओ गुंजन सिंह ने कहा कि वह निजी विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों के साथ बाद में अलग से बैठक करेंगी। हालांकि उन्होंने सभी मौजूद शिक्षकों को कहा कि वह छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करें कि वह अपने माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ-फूफा यानी जिनका भी नाम मतदाता सूची में है, उन सबों को वोट करने के लिए जरूर प्रेरित करें। साथ ही स्कूल अवधि में प्रभातफेरी निकाल कर भी वोटरों को वोट करने के लिए जागरूक करने का काम करें।

मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएंगे: पूर्व मंत्री जनक चमार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियारा के पतलापुर पंचायत स्थित मकसूदपुर दलित बस्ती में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर मूर्ति लगाने पर असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट कर विक्रमा राम की हत्या करने की सुचना पर शोकाकुल परिजनों से मिलने पूर्व खान एवं भूविज्ञान मंत्री जनक चमार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए घटना जानकारी ली एवं प्रशासन से दोषियों पर करवाई करने का निर्देश दिया एवं घटना में घायलों से मिलकर सांत्वना देते हुए उनकी हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। इस मौके पर उन्होने कहा कि मकसुधपुर गांव के लोग घटना के बाद डरे और सहमें हुए हैं मृतक के परिजनों ने उन्हे बताया है कि छः माह के अंदर सरकार दोषीयों को सजा दिलाई जाए और घटना स्थल के पास एक हमेशा के लिए पुलिस चौकी खोलने की मांग लोगों ने किया है। उन्होने कहा कि वे सरकार के द्वारा दोषियों को सजा दिलाने कि बात करेंगे। इस मौके पर पूर्व मंत्री के साथ भाजपा नेता भाई सनोज यादव, बिजेंद्र यादव, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, अजीत यादव, संजय राम, सूरज राम, विजय यादव, शम्भू राय उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विगत 17 अप्रैल की रात डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने के लिए चबूतरा का निर्माण कराने से नाराज दबंगों ने स्व. हरिवंश राम का 17 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार की गोली मारकर हत्या कर दिया था। इस मामले में शाहपुर पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

बड़ी पहल : ग्रीन चैनल-2 से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों तक पहुँचेगी दवा

पायलट जिले के रूप में मुजफ्फरपुर और शेखपुरा के दो-दो प्रखंडों का चयन

● हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सेवाओं की उपलब्धता व वितरण में होगी वृद्धि

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य के सबसे निचले स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण औषधियों की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ह्लग्रीन चैनल-2ह्व कार्यक्रम शुरू होगा। इसकी शुरूआत मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट व मुरौल और शेखपुरा जिले के शेखोपुरसरास व अरियरी प्रखंड से की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति ने दोनों जिलों के जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को इस आशय के लिखे पत्र में कहा है कि इस कार्यक्रम के तहत आपूर्ति श्रृंखला विशेषज्ञों के सहयोग से एक निश्चित समयावधि के अंतर्गत प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में औषधियों की मांग से लेकर औषधियों के ससमय परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मरीजों में औषधियों के वितरण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अभी सबसे निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों के कम्युनिटी हेल्थ आफिसर या केंद्र प्रमुख प्रखंड स्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर दवा अपने स्वास्थ्य केंद्र तक लाते हैं। इससे कई बार औषधियों के लिए डेडिकेटेड वाहनों की कमी के कारण स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाओं की गुणवत्ता और वितरण में असुविधा होती रही है। यहाँ याद दिलाना ठीक होगा कि वर्ष 2020 में ह्लआरोग्य दिवस ग्रीन चैनलह्व के नाम से एक पहल की गयी थी। इसमें आरोग्य दिवस सत्रों पर जरूरी सामग्रियों के लिए अल्टरनेट वैक्सीन डिलीवरी सिस्टम लागू किया गया था। यह पहल बेहद सफल रही थी। ग्रीन चैनल-2 में शामिल होंगे ये तत्व राज्य स्वास्थ्य समिति के पत्र के अनुसार, ग्रीन चैनल-2 के तहत स्टॉक प्रबंधन, औषधियों की मांग एवं खपत का पूवार्नुमान तथा ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम पर स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावर्धन आदि करना शामिल है। औषधि मांग पत्र के लिए फिक्स्ड डेट, मूल दुकानों से दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों की समय पर आपूर्ति, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं पीएचसी का अनुश्रवण भी शामिल है। ग्रीन चैनल-2 के फायदे इस कार्यक्रम के माध्यम से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के क्षमता का विकास, संसाधन प्रबंधन में निपुणता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास होगा। इसके साथ ही औषधियों की बबार्दी को रोका जा सकेगा। औषधियों की ससमय आपूर्ति के साथ कम्युनिटी हेल्थ आफिसर द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

पालीगंज से लापता लड़की एक लड़का के साथ दानापुर न्यायालय परिसर से बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के पालीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लापता नाबालिक लड़की को दानापुर पुलिस ने एक युवक के साथ दानापुर न्यायालय परिसर से बरामद किया। जिसे पुछताछ के बाद पालीगंज पुलिस के हवाले कर दिया। जिसे लेकर आगे के कार्रवाई के लेकर पालीगंज पुलिस ले गयी। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम नाबलिग लड़की घर से निकली थी। दो घंटे बाद जब वापस नही आयी तो खोजने निकले। बाद में लड़की की मां ने पालीगंज थाना में रविवार को लिखित शिकायत दर्ज करायी। जिसमें गांव के ही दो युवक का आरोपित किया। थाने में दिये आवेदन में बताया गया कि शनिवार की शाम नाबालिक शौच के लिए घर से निकली थी। दो घंटे बाद भी वापस नही आने पर लड़की के खोजबीन के लिए निकले। इसी क्रम में पालीगंज बजरंगबली स्थान के पास बाइक से कालोपुर निवासी रूपेश कुमार अपने दोस्त विवेक के साथ नाबालिग को बीच में बैठाकर ले जाते दिखा।

पूर्व जत्थेदार को अपना व वाई प्लस गार्ड का कमरा 10 दिन में खाली करने का आदेश

ऐसा नहीं करने पर बिजली व पानी का कनेक्शन काटे जाने की धमकी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तक श्री हरि मंदिर की पटना साहिब के पूर्व जत्थेदार यानी रणजीत सिंह गहरे मस्कीन को 10 दिनों में अपना और उन्हें मिले बाय प्लस सुरक्षा गार्ड से कमरा खाली करने को पत्र सोपा गया है साथी कहा गया है कि यदि 10 दिनों के अंदर कमरा खाली नहीं किया गया तो ऐसी स्थिति में आपके और आपके गार्ड के कमरे की बिजली और पानी का संबंध काट दिया जाएगा इसके लिए आप खुद जिम्मेवार होंगे 21 अप्रैल 24 को जारी पत्र में अध्यक्ष जगजोत सिंह महासचिव इंद्रजीत सिंह वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के हस्ताक्षर हैं। दरअसल पिछले 2 साल से एक संगत के द्वारा लगाए गए आप के बाद यानी रणजीत सिंह को सेवा करने से रोक दिया गया था साथ ही उसे समय के कमेटी के अध्यक्ष रहे अवतार सिंह हिट ने एक हाई पावर कमेटी का गठन किया था साथी कहा गया था कि रिपोर्ट यदि आपके पक्ष में आएगा तो आपकी सेवा बहाल कर दी जाएगी मगर ऐसा नहीं हो पाया जारी रिपोर्ट में निर्दोष साबित होने के बाद भी कमेटी के पदाधिकारी ने उन्हें तवज्जो नहीं दिया और सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय ले लिया इसके बाद ज्ञानी रणजीत सिंह पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां विश्लेषणिया स्वाद दायर कर रखे हैं इस पर आज ही आदेश पारित होना था मगर जिला न्यायाधीश के छुट्टी में रहने के कारण अब अगली तिथि पर फैसला सुनाया जा सकेगा इधर कमेटी के चार पदाधिकारी के हस्ताक्षर से 21 अप्रैल को जारी तपस/ई/243/24 मैं कहां गया है कि पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह अपना एवं अपने भाई प्लस सुरक्षा गार्ड का कमरा खाली कर दें। तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबान के द्वारा कन्हैया करने एवं जेठालाल श्री अकाल तख्त से सेवा समाप्त करने एवं कमरा खाली करने का आदेश पर आपकी सेवा गत वर्ष ही समाप्त की जा चुकी है एवं कमरा खाली करने को लिखा गया था इससे पूर्व भी अनेक बार कमल खाली करने को पत्र दिया जा चुका है मगर आपके द्वारा अब तक कमरा खाली नहीं किया गया है तक श्री पटना साहिब के दर्शनार्थ आने वाले संगठन की संख्या में खास वृद्धि हुई है इसके चलते कमरे की जरूर अधिक हो रही है आप अपना एवं ए प्लस सिक्योरिटी गार्ड का कमरा 10 दिनों में खाली करने अन्यथा मजबूर होकर आपके एवं ए प्लस गार्ड के सभी कैमरे का बिजली पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे पत्र की प्रतिलिपि सीआरपीएफ के कमांडेंट को भी भेजी गई है।

इंटरनेट कनेक्शन काटा

इधर प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 21 अप्रैल, 24 को एक पत्र जारी किया है। यह पत्र आईटी इंचार्ज गौरव सिंह को संबोधित है। उन्हें कहा गया है कि आपको तत्काल प्रभाव से आदेश दिया जाता है कि पूर्व जत्थेदार रणजीत सिंह के यहां जो इंटरनेट कनेक्शन है, उसे तत्काल काट दिया जाए।

दो बाइक चार अपराधियों ने 6.94 लाख आर्म्स के बल पर लूटा

मोटरसाइकिल से रुपया जमा करने जा रहा था बैंक, चौक शिकारपुर आरओबी पर घटी घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ में सोमवार की दोपहर में हथियार के बल पर एक व्यक्ति से छह लाख 93 हजार 920 रुपया छिन लिया गया। घटना तब हुई, जब विवेक उर्फ विकेश कुमार अपनी मोटरसाइकिल से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की गुलजारबाग शाखा में रुपया जमा करने जा रहा था। वह पिट्ठू बैग में रुपया रखा था। चार की संख्या में रहे बदमाशों ने उसे ओवर टेक कर रोका और हथियार के बल पर थैला छीन कर भाग गया। विवेक ने बताया कि वह जीरो माइल के पास से अमेजन कूरियर कंपनी का लगभग छह लाख 91 हजार 920 रुपया लेकर मोटरसाइकिल से निकला था। उसे रास्ते में डोमिनोज और पुरानी सिटीकोर्ट के पास वी मॉल से भी कैश उठाना था। मगर उन दोनों प्रतिष्ठान में जाते कि उसके पूर्व ही दो बाइक पर कर सवार अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर उनके पास रहे रूपया लूट लिया दरअसल एक बाइक सवार उसे ओवरटेक कर रोकने का काम किया जबकि दूसरा बाइक सवार पिस्तौल दिखाकर रुपया रख बिट्ठू बैग लेकर सामने की ओर भाग निकला इसके बाद उसने घटना की सूचना बाईपास थाना की पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के अलावा बाइपास थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा और चौक थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा भी अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। वहीं गुजरने वाले रास्ते के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस खंगाल रही है। घटना दोपहर के करीब पौने एक से एक बजे के बीच घटित हुई है। इसके बाद मामले में तफ्तीश शुरू की गई। डीएसपी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है। अपराधियों के भागने की दिशा में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस घटनास्थल से कुछ दूर मिले एक सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अपराधियों की पहचान में जुटी है। डीएसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की जा रही है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है।

चोरी गया बाइक खोजने गया मो तज्जु की गोली मार की गई हत्या

घटना के विरोध में सदर गली की दुकानों को बंद करा जताया आक्रोश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मो अली इमाम उर्फ मो तज्जु की मोटरसाइकिल आलमगंज थाना क्षेत्र के गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय के बाहर से चोरी चली गई। उसी को खोजने के लिए मो तज्जु सदर गली स्थित गड़हुआ टोला में होने की सूचना पर पहुंचा था। इसी दौरान कुछ लोगों के साथ हुए विवाद के बाद उसे गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खाजेकलां थाना और चौक थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सदर गली स्थित दुकानों को बंद करा दिया। साथ ही घटना के प्रति आक्रोश जताने का काम किया। उन सबों का कहना था कि सदर गली के गड़हुआ मोहल्ला में अपराधियों का ठिकाना बना हुआ है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार का कहना है कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा है, जिसमें गोली मारने के बाद दो अपराधी भागते दिख रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार खाजेकलां थाना क्षेत्र के शेखा का रोजा के रहने वाले स्व एनामुल हक अंसारी के पुत्र अली इमाम उर्फ मो तज्जु सुबह गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय गया था। वह कोर्ट परिसर के बाहर रोड पर ही मोटरसाइकिल लगा रखा था। जब कुछ देर के बाद वह वहां पहुंचा, तो उसका बाइक वहां पर नहीं था। आसपास में काफी खोजबीन किया, मगर कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में अपराह्न करीब चार बजे उसे पता चला कि सदर गली के गड़हुआ पर स्थित उसके बाइक को देखा गया है। इसके बाद वह वहां जाता है। वहां पहले से मौजूद तीन लोगों के साथ उसका विवाद होता है। गरमा-गरम बहस के साथ हाथापाई भी होने की बात कही जाती है। इसी दौरान उन सबों ने हथियार निकाल कर गोलीबारी करना शुरू कर दिया। बताया जाता है की मो तज्जु को सीना और पीठ में गोली लगी है। जबकि एक अन्य युवक अनमोल कुमार को पीठ से गोली छूते हुए निकल गई। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। गोली से घायल को लोगों ने इलाज के लिए गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल ले गए। यहां उसका प्राथमिक इलाज करने के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि वहां जाने के दौरान या वहां पहुंचने के बाद उसकी मौत हो गई। इधर गोलीबारी की घटना से आक्रोशित लोगों ने सदर गली की सारी दुकानों को बंद करा दिया। घटना के प्रति पुलिस के समक्ष आक्रोश जताने का काम किया। इधर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को जनता के आक्रोश का सामना भी करना पड़ा। लोग पुलिस के समक्ष ही कह रहे थे कि सदर गली में शराब, गेसिंग, जुआ का धंधा बेरोकटोक चलता है। यहां अपराधियों का जमावड़ा भी लगा रहता है। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया है। घटनास्थल से पुलिस को खोखा बरामद नहीं हुआ है, मगर गोली मार कर भागने वाले के शरीर पर खून का दाग भी है और वह घबराता हुआ तेजी के साथ भागता भी दिख रहा है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम हो जाने और परिजन के द्वारा मामला दर्ज कराए जाने के बाद ही इस मामले के बारे में कुछ कहा जा सकेगा। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। मृतक शादीशुदा है और उसके चार बच्चे भी हैं।

ग्रीष्म ऋतु में होने वाले रोगों से बचाव एवं उपचार :वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, पटना, बेगूसराय , दरभंगा, बिहार के पूर्व प्राचार्य एवं पटना ,शेखपुरा ,के पाल मार्केट स्थित अमृत आयुर्वेद का निदेशक सहः मुख्य चिकित्सक हर घर, हर दिन आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत आज ग्रीष्म ऋतु में होने वाले रोगों पर विशेष रूप से लू (धूप लगने के बाद होने वाले उपद्रव)विषय पर जानकारी दी । अमृत आयुर्वेद के बगल में 65 नंबर पिलर के सामने पाल मार्केट में है। इस ऋतु में सूर्य अपने प्रखर किरणों से वातावरण के स्नेह शितलता एवम चिकनाई को नस्ट कर देता हैं।इसी कारण इस ऋतु आमजन के साथ साथ पेड़, पौधे, पशु, पक्षी,सभी गर्मी से संतप्त एवं परेशान रहते है। नदियों, तालाबों एवं जलाशयो से जल सुख जाते है। धरती यानी जमीन के अंदर का जल विशेष रूप से कुआ,नदी, बोरिंग, हैंडपंप का जल काफी नीचे चला जाता है,कही कही तो पानी इतना नीचे चला जाता है की जल की निकासी समाप्त हो जाती है। नदियों का किनारा काफी चौड़ा हो जाता है ।इस काल में मधुर (मिठ्ठा) शितल (ठंडा) जंगली पशु पक्षियों का मांस रस, घृत (घी), दूध, चावल, आदि का सेवन कर शरीर के बल को बचाये रखना चाहिए।पानी का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु में मद, मदिरा,लवण,(नमकीन पदार्थों) का सेवन, अम्ल (खट्टा) कटु (कड़वा) रस वाले आहार पदार्थ एवं उष्ण वीर्य (गर्म करने वाले खाद्य पदार्थो विशेस रूप से गर्म मसालों का सेवन तथा ज्यादा मेहनत करने वाला काम या ज्यादा व्यायाम तथा संभोग से बचाव करना चाहिए। शिरो धारा, नेत्र तर्पण, नस्य कर्म,विरेचन, इत्यादि का प्रयोग वैद्य के देख रेख मे करना लाभकर है। इस ऋतु के कोप से बचने केलिए शितल जगह,या शितल कमरा, अथवा नार्मल रेंज में ऐसी, कूलर, युक्त कमरों या पेड़ों के नीचे अथवा बाग बगीचा मे रहना लाभ दायक होता हैं। इस ऋतु में अत्यधिक गर्मी के कारण वात एवं पित दोष से संबंधित रोग विशेष रूप से हाई ब्लडप्रेशर,लू (धूप लगने के कारण) सन स्ट्रोक, अनपच,दस्त,उल्टी, हाइपर एसिडिटी, चर्म रोग, (विशेष रूप से (जूलपिति) कमजोरी, नपुसकता, रक्त पित(,आंख नाक, मुख, तथा पेशाब, पैखाना के रास्ते से खून आने का शिकायत,) पेचिस, अनिंद्रा, शिर में चकर, पक्षाधात, पेशाब में जलन, शरीर में सूजन, बुखार इत्यादि रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। ठंडा, गर्म होने के कारण खासी, सर्दी, जुखाम, नकसीर, हैजा, कोबिड, जैसा संक्रामक रोगों के बढ़ने की संभावना ज्यादा रहती है। रसायन, आचार रसायन, सदव्रित का पालन, लाभकर होता है। ग्रीष्म ऋतु से बचाव के लिए धूप में निकलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, अगर निकलना ही पड़े तो छाता, गमछा,, सूती, खादी या, रेशम, के कपड़ों का फूल साइज के कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए ताकी पुरा बदन ढंका हो। दोनो समय चंदन, एलोवेरा, लेमनग्रास, नीम,के पत्ते या उससे बने शैम्पू साबुन का उपयोग करते हुए स्नान जरूर करना चाहिए। जौ, चना,का सत्तू, नारियल , प्याज, बेल, पुदीना, नींबू, इलाइची, दही, तेल, इत्यादि,का शर्बत, मठ्ठा, लसी ,जीरवानी, कच्चे डाभं, का पानी, पालक, हरे पत्तेदार साक, सब्जी,जो कम तेल मसाला से तैयार हो सके उसका प्रयोग करना लाभकर होता है। गुड़ के साथ, हडे (हरितकी),का प्रयोग तरबूज,खरबूज, अमरूद, पपीता, अनार ,खीरा, ककड़ी, प्याज,टमाटर, एवं, अन्य मौसमी फल, सब्जिया एवं उसका सलाद, गुलकंद, लवंग, छोटी इलायची, सौफ, धनिया का पानी या शर्बत कुल्फी, तथा सुपाच्य खाद पदार्थो का सेवन जरूर करना चाहिए। मुनका,अंजीर, पक्का हुआ आम, चिक्कू, केला,इत्यादि,का

कांग्रेसियों ने हाईकमान व प्रदेश अध्यक्ष का फूंका पुतला

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र की सीट पर बाहरी प्रत्याशी को उतारने के लिए पार्टी के लिए जा रहे फैसले का विरोध स्थानीय कांग्रेसी कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं ने मालसलामी के पास सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। इस दौरान कांग्रेस बिहार प्रदेश पिछड़ा विभाग के महासचिव अशोक यादव के नेतृत्व में बाहरी उम्मीदार को प्रत्याशी बनाने का विरोध करते हुए हाईकमान और प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। आंदोलन में सतीश यादव, अरविंद कुमार, उमेश गुप्ता, गौरी पासवान, नौशाद आलम, शम्मी कपूर, रघु साहब, राजेश यादव, छोटू यादव, सुरेश प्रसाद, बलराम यादव, दीपक पासवान, बालकृष्ण राय, विनोद अवस्थी आदि कांग्रेसी शामिल थे। आंदोलनकारी पटना साहिब के सक्रिय कार्यकर्ता को पार्टी का प्रत्याशी बनाने की मांग कर रहे थे। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन तेज करने का फैसला लिया गया। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं की बैठक रजी अहमद सिद्दीकी की अध्यक्षता व शारीफ अहमद रंगरेज के संचालन में हुआ। इसमें स्थानीय कार्यकताओं को प्रत्याशी बनाने की मांग की गई।

तख्त साहिब में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी (प्राकि)। सिख पंथ के आठवें गुरु श्री हरिकिशन साहिब का ज्योति जोत को ले सोमवार को तख्त साहिब के दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा। इसमें कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह और ज्ञानी चरणजीत सिंह ने कथा कही। रागी जत्था भाई जोगिंदर सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई जगत सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण ने कीर्तन पेश किया। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने हुकुमनामा व शस्त्र दर्शन के साथ अरदास कर विशेष दीवान का समापन किया। वक्ताओं ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन को मानवता की सेवा के लिए प्रासंगिक बताया। विशेष दीवान आरंभ होने से पहले तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ।

यूपीए का नाम बदलकर नकली राष्ट्रवाद दिखाने का प्रयास : सम्राट

कहा-कांग्रेस- राजद सत्ता में रही तो भ्रष्टाचार के आकंठ डूबी रही

● इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र के विरोध में भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा ने आज इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र के विरोध में एक आरोप पत्र जारी किया जिसका नाम महा ठगबंधन बिहार को पीछे करते परिवारवादी रखा गया है। 17 पेज वाले इस आरोप पत्र में बिहार गणराज्य से ,गन राज, कांग्रेस के पाप, राजद की लूट सहित 11 विषयों को सिलसिलेवार वर्णन किया गया है। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य नेताओं ने आरोप पत्र जारी किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्ष गठबंधन यूपीए का नाम बदलकर नकली राष्ट्रवाद दिखाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह भारत को श्रेष्ठ करने वाले लोग नहीं बल्कि ये भारत को तोड़ने वाले संगठन के लोग हैं। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस जब 55 साल सत्ता में रही तो कोयला घोटाला, 2जी घोटाला और जीजाजी का भी घोटाला हुआ । राजद जब भी सत्ता में रही तो भ्रष्टाचार के आकंठ डूबी रही। उन्होंने कहा कि लालू जी का जीवन ही परिवार के लिए समर्पित हो गया। मुख्यमंत्री रहते हुए वे चारा के आरोप में आरोप सिद्ध हुआ और सजा हुई। राहुल गांधी द्वारा जब अध्यादेश फाड़ा गया, उसके बाद अब लालू जी अब मुखिया भी नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि एनडीए के साथियों ने तो प्रमाण दिया था, उससे यह साबित हुआ कि लालू प्रसाद भ्रष्टाचार में लिप्त थे। उन्होंने कहा कि इस आरोप पत्र में ठगबंधन के पाप को बताने का काम किया। 1984 में जो दंगा हुआ उसमे कांग्रेस का हाथ था , भागलपुर में जो दंगे हुए उसमे भी कांग्रेस का हाथ था। एनडीए की सरकार बनी तो आरोपियों को सजा हुई और पीड़ितों को मुआवजा भी दिया गया। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस का भ्ष्टार्चार को देश की जनता जान रही है। श्री चौधरी ने कहा कि भारत को आज ऐसा प्रधानमन्त्री मिला है जो देश को श्रेष्ठ और प्रदेश को भी श्रेष्ठ बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यूपीए के 10 साल में बिहार को जितनी राशि केंद्र से मिली थी उससे ज्यादा राशि एनडीए की सरकार में मिली है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस एक तो परिवारवाद पर विश्वास करती है जबकि राजद का एक परिवार के प्रति ही जीवन है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया गया है जबकि सही अर्थ में यह देश के लोगों के लिए अन्याय पत्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 17 बार अल्पसंख्यक लिखा गया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक भाषण का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबन्धन को जीतना नहीं है। इस प्रेस वार्ता में इनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, रणवीर नन्दन, संजय टाइगर, दानिश इकबाल उपस्थित रहे।

कांग्रेस के तुष्टिकरण की राजनीति का प्रमाण है यूपीए कार्यकाल : जयराम

कहा- पीएम मोदी ने कांग्रेस के काले इरादों को बेनकाब कर दिया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कांग्रेस के तुष्टिकरण की राजनीति को निशाना बनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी ने कांग्रेस के काले इरादों को बेनकाब कर दिया है। यह एक तथ्य है कि राष्ट्रीय हितों को दरकिनार करते हुए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। भारत विभाजन, वक्फ बोर्ड का गठन , पर्सनल लॉ बोर्ड इमरजेंसी लगाकर संविधान की प्रस्तावना से छेड़छाड़ और यूपीए शासन में मुसलमानों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने और सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण प्रदान करने के प्रयास जैसे काम से कांग्रेस की मंशा जगजाहिर है। श्री विप्लव ने कहा कि प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के विवादास्पद बयान मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक है, तुष्टिकरण का प्रमाण है। इस तरह के बयान और नीतियां न केवल सामाजिक तनाव पैदा करती हैं, बल्कि यह भी दशार्ती हैं कि कांग्रेस की राजनीतिक प्राथमिकताएँ वोट बैंक पर आधारित हैं न कि राष्ट्रीय हित पर। उसी दौरान रंगनाथ कमीशन ने मुसलमानों को नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की थी। ओबीसी के 27 प्रतिशत से 6 प्रतिशत काटकर मुसलमानों को देने की सिफारिश भी कांग्रेस द्वारा गठित इस आयोग में है। मनमोहन सिंह के बयान से ठीक एक महीना पहले सच्चर कमेटी की रिपोर्ट भी आई थी । पूरा माहौल बनाया गया कि मुस्लिमों की हालत एससी एसटी से भी खस्ताहाल है। ताकि आरक्षण के व्यवस्था में मुस्लिमों को जोड़ा जा सके। कांग्रेस ने जो अपने राज में किया वो संविधान द्वारा स्थापित समानता के सिद्धांत के खिलाफ है। सभी भारतीयों को समान अवसर प्रदान करना चाहिए, न कि किसी एक समुदाय को विशेषाधिकार। 2024 का कांग्रेस मेनिफेस्टो भी उसी लकीर का फकीर है। कांग्रेस फिर से मुसलमानों को तुष्टिकरण का फॉमूर्ला समझाने में जुटी है। मुस्लिम लीग जैसी बातें कर रहे हैं देश को हिंदू मुसलमान में बांट रही है। इस प्रकार की नीतियाँ समाज में विभाजन और असंतोष को जन्म देती हैं, जो देश के लिए हानिकारक है। जनता ने 2014 में ही तुष्टिकरण को तिलांजलि देकर सबका साथ सबका विकास चुना है 2024 में जनता वही चुन रही है।

संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे नेता प्रतिपक्ष : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं के बारे में अपमानजनक बातें करना तेजस्वी की राष्ट्र और संविधान विरोधी मानसिकता को बताता है। उनको पता होना चाहिए कि इन संवैधानिक संस्थाओं के गठन से लेकर कामकाज से जुड़े सारे नियम-कानून उनके सहयोगी कांग्रेस के राज में बनाए गए हैं। मोदी जी की सरकार ने उन नियम कानूनों में कोई बदलाव नहीं किया है। श्री सिन्हा ने कहा तेजस्वी इन संस्थाओं पर सवाल खड़े कर अपने परिवार के कुकृत्यों से जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं। इसीलिए वे समय-समय पर हमारी न्यायपालिका की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाते हैं। लेकिन उनकी ये मंशा पूरी नहीं होने वाली श्री सिन्हा ने कहा कि पिछले दिनों में एऊ और उइक द्वारा जो जांच किए गए हैं उनमें से केवल 3 प्रतिशत मामले राजनेताओं से जुड़े हैं। इसलिए उनका ये कहना कि मोदी सरकार अपने विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, सरासर झूठ है। श्री सिन्हा ने कहा तेजस्वी की पार्टी और उनका परिवार हमेशा से राष्ट्र और सनातन विरोधी अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के प्रश्रयदाता रहा है। इसीलिए वे मां भारती की संतानों के गौरवग्रंथ और बाबासाहेब अम्बेडकर जैसे हमारे पुरखों के जीवंत दस्तावेज हमारे संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के लिए अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ उनके पिता रामकाज के लिए रथयात्रा पर निकले भारतरत्न आडवाणी जी की रथयात्रा तो रुकवाते हैं लेकिन राज्य में धर्मविशेष के घुसपैठियों को खुलेआम वोटर बनाने वाले लोगों को मंत्री बनाते हैं। ये खुद नवरात्रि के दिनों में मांसाहार की तस्वीरें सार्वजनिक कर सनातन की संतानों का अपमान करते हैं और राम के अस्तित्व को नकारने और रामचरितमानस को गाली देने वालों को महत्वपूर्ण विभाग का मंत्री बनाकर पुरस्कृत करते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी के राष्ट्र और सनातन विरोधी पारिवारिक जमींदारी का हिसाब करते हुए जनता 4 जून को करारा जवाब देगी और ये लोग एक बार फिर से शून्य पर आउट होंगे ।

परिवार की संख्या पर तेजस्वी ने जारी की 14 लोगों की सूची

कहा-मुद्दे व विकास की बात होनी चाहिए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर हमलावर हैं। इसी कड़ी कटिहार में सीएम की सभा में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की परिवार की संख्या को लेकर तंज कसा गया। इसको लेकर तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश सहित बाबा साहब अंबेडकर और देशभक्तों के परिवार का लेखा-जोखा पेश कर दिया है। दरअसल, आज चुनावी प्रचार पर जाने से पहले तेजस्वी यादव ने यह बड़ा बयान किया है। उन्होंने कहा है कि, सीएम नीतीश हमारे अभिभावक है पिता तुल्य हैं, हमेशा से हम उनका सम्मान करते हैं, हम उनके बेटे के रुप में खड़े रहे हैं। उनके परिवार के ऊपर हुए हमले को पर तेजस्वी ने कहा कि, वह नहीं बोलना चाहते हैं, वो नहीं बोल रहे हैं, उनसे कोई बुलवा रहा है, जो बोलवाने वाले लोग हैं उनका जिक्र हम जब किताब लिखेंगे तब करेंगे, जो बोलवा रहे हैं, उनको हम जानकारी दे दें कि बाबा साहब अंबेडकर जिन्होंने संविधान लिखा है वह खुद 14 भाई-बहन थे और वे अपने माता-पिता की अंतिम संतान थे। हमारे देश के लिए जिन्होंने कुबार्नी दिया, वो खुद 14 भाई बहन थे, और महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद बोस 8 वें भाई थे। प्रखर विद्वान और भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी के 14 बच्चे थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 7 भाई-बहन थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं 5 भाई-बहन हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 भाई-बहन हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिता दामोदर दास 7 भाई-बहन थे। प्रधानमंत्री मोदी के चाचा नरसिंह दास के 8 बच्चे है। गृहमंत्री अमित शाह 7 भाई-बहन है। 6 बहनों के बाद 7वां नंबर इनका है। पटना साहिब के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद 7 भाई-बहन है। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव 19 भाई बहन हैं। राष्ट्रगान लिखने वाले रवीन्द्र नाथ टैगोर जी 7 भाई-बहन थे। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा जी के 6 बच्चे है। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जी के 8 बच्चे है। तेजस्वी यादव ने कहा कि, इस तरह की बयान जो है जो लोग मुख्यमंत्री जी से बुला रहे हैं पहले देखे के बोलना चाहिए। यह कोई मुद्दा नहीं है। मुद्दे की बात बोलनी चाहिए। बिहार की तरक्की की बात होनी चाहिए। विकास की बात होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन कोई विजन नहीं है। क्यों नहीं मांग कर रहे हैं बिहार को विशेष राज्य दर्जा देने को। बिहार में अब तो डबल इंजन की सरकार है, तो अब बिहरा के लिए विशेष पैकेज क्यों नहीं मांग रहे हैं।

आजादी के आंदोलन के नायक का अपमान कर रहें तेजस्वी : नीरज

पटना। जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार ने मीडिया को जारी बयान में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने परिवारवाद को एक राजनैतिक महापाप बताते हुए तेजस्वी यादव के बयान पर कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम का परिवारवादी राजनीति में उल्लेख किया जाना देश की आजादी के आंदोलन के नायक का अपमान है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव, आपको जानकारी का अभाव है चाहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस हों अथवा डॉ भीमराव अंबेडकर हों, जिन्होंने देश को ब्रिटिश हुकूमत से आजाद कराने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया, उनके परिवार के लोग राजनीति में अपने परिवार के सदस्यों का राजनैतिक संपोषण और संपत्ति पोषण नहीं करते थे। सच तो यह है कि आरजेडी नव जमींदार के रुप में सर्वविदित है जिसके छह सदस्य माननीय लालू प्रसाद यादव, श्रीमती राबड़ी देवी, माननीय तेज प्रताप यादव, माननीय तेजस्वी यादव, श्रीमती मीसा भारती और श्रीमती रोहिणी आचार्य सक्रिय राजनीति में हैं। परिवारवाद केवल राजनीति में सक्रियता तक ही सीमित नहीं है बल्कि तेजस्वी यादव आपके परिवार के लिए वो राजनीति में अवैध संपत्ति अर्जित करने का एक जरिया भी है। उन्होंने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया के समाजवाद, भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की विचारधारा, समाजवादी नेता मधु दंडवते और मधु लिमये जैसे व्यक्तित्व के विरासत का दावा करने वाले, बेशुमार संपत्ति संग्रहण एवं परिवारवादी राजनीति कर समाजवाद के आंदोलन की गौरव गाथा के साक्षी नहीं हो सकते, बल्कि कलंक कथा के साक्षी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव हताशा में आकर बयान दे रहे हैं।

राजद और कांग्रेस के युवराज को अपने परिवार के सशक्तिकरण की चिंता : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आगामी 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर पूर्णिया, कटिहार एवं भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभाएं की और उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों के लिए स्थानीय मतदाताओं से वोट मांगा। अपने संबोधन में श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार में विगत 18 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा पूरे देश-दुनिया में हो रही है। नीतीश सरकार आने के बाद अतिपिछड़ा समाज के आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए अतिपिछड़ा आयोग का गठन किया गया साथ ही नगर निकाय एवं पंचायती राज में आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद अल्पसंख्यकों को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन 2005 में अल्पसंख्यक कल्याण का जो बजट महज 3.5 करोड़ रुपये था उसे हमारे नेता ने 18 वर्षों में 700 करोड़ रुपये का किया। श्री नीतीश कुमार सभी जाति, धर्म और समुदाय की चिंता करते हैं, सभी को साथ लेकर चलते हैं। यही हमारी पार्टी और नेता की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता जंगलराज के काले दौर में वापस नहीं जाना चाहती है। राजद और कांग्रेस के दोनों युवराज को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है, परिवार से आगे इनकी सोच नहीं जाती। उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी ने मल्लाह समाज के नाम पर अपना राजनीतिक दुकान खोला था लेकिन जब राजनीतिक भागीदारी देने की बात आई तो मुकेस सहनी ने एक भी टिकट मल्लाह समाज को नहीं दिया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद में जब पद, प्रतिनिधत्व और भागीदारी देने की बात आती है तो लालू परिवार के सदस्य सबसे आगे खड़े मिलते हैं मगर अब चुनाव में उन्हें लव-कुश समाज की चिंता सता रही है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लव-कुश समीकरण पूरी मजबूती से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खड़ा है, यह समाज किसी के राजनीतिक झांसे में नहीं आने वाला। उन्होंने कहा कि विकास ही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहचान है। विकसित बिहार-विकसित भारत बनाने एवं नए पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एनडीए उम्मीदवार को भारी मतों से विजय बनाएं।

नीतीश कुमार बिहार की जनता की धड़कन हैं : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की जनता की धड़कन हैं। बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती। जनता की यही चाहत है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की जनता की सेवा करते रहे। मुख्यमंत्री के 18 वर्षों के कार्यकाल में बिहार में जो व्यवस्था परिवर्तन हुआ है और उसके साथ विकास की जो गंगा की धारा बही है उससे प्रभावित होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की जनता की दिलों की धड़कन बन गए हैं। पांडेय ने नीतीश कुमार को देश का सर्वोच्च राजनीतिज्ञ करार देते हुए कहा कि नीतीश कुमार बिहार की जनता की पहली पसंदीदा और सर्वमान्य नेता है। सबका साथ और सबका विकास मुख्यमंत्री की जो नीति और रणनीति रही है उससे बिहार ने विकास का एक नया अध्याय देश के राजनीतिक इतिहास के पन्नों पर स्वर्णअक्षरों से लिख दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को जंगल राज से मुक्ति दिलाकर नरसंहार मुक्त बिहार बनाने का काम किया है।

वर्ष 2005 के पूर्व ना जाने बिहार की मिट्टी कितने बेगुनाह, निरीह और बेबस लोगों की खुनों से लाल थी। जातीय और धार्मिक उन्माद चरम पर पहुंच गया था। जिसे सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में कानून एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ कर राज्य में शांति व्यवस्था बहाल कर अमन चैन स्थापित करने का काम किया। जनता अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में अमन चैन की जीवन यापन कर रहे हैं।

भाजपा की नींव हीं भ्रष्टाचार पर टिकी हुई है : अरुण

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि भाजपा की नींव हीं भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के बल पर टिकी हुई है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं को बताना चाहिए भ्रष्टाचार के आरोपी अजीत पवार, छगन भुजबल, जय पांडा, मुकुल रॉय, वी.एस. येदुरप्पा, नारायण राणे, पं. सुखराम और हेमंत विश्वशर्मा जैसे नेता भाजपा में शामिल होते ही सदाचारी कैसे हो गये? सच्चाई यह है कि भाजपा खुद भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में करारी हार सुनिश्चित देखकर भाजपा-जदयू बौखला गई है। इसलिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनके परिजनों के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते हैं। श्री यादव ने कहा कि बिहार में 17 साल से एनडीए सरकार में है वहीं केंद्र में विगत 10 साल से सरकार में है। फिर भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं मिला? पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा क्यों नहीं मिला? बिहार से पलायन क्यों नहीं रुका? बिहार में कल-कारखाने क्यों नहीं खुले? बिहार को क्या मिला भाजपा नेताओं को बताना चाहिए। बिहार की जनता जानना चाहती है।

एस के सिंघल की सिक्योरिटीज एडवाइजर पद पर नियुक्त अनुचित: आप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा एवं प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश ने बिहार के पूर्व डीजीपी एस के सिंघल को बिहार स्टेट पावर होल्डिंग्स कंपनी के सिक्योरिटीज एडवाइजर पद पर नियुक्त को अनुचित करार दिया है। आप नेताओं ने कहा कि हाल ही में सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में केन्द्रीय चयन परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष सह पूर्व डीजीपी एस के सिंघल से पूछताछ की गई थी। इस मामले की जाँच के लिए आर्थिक अपराध इकाई के स्तर पर गठित एसआईटी की टीम ने उनसे पूछताछ की थी। कहा कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को जिनपर इतनी गंभीर मामले में जाँच चल रही हो को इतने महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त से नीतीश कुमार की भ्रष्टाचार मामले पर जीरे टालरैंस की पोल खुल गयी है।

किताब में राजद शासन का जिक्र जरूर करिएगा : जदयू

● जदयू प्रवक्ता ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रवक्ता मनीष यादव ने बयान जारी कर कहा कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव किताब लिखने की बात कर रहे हैं। लेकिन मेरा आपसे प्रश्न है आप तो मैट्रिक की परीक्षा भी नहीं दे पाए तो आखिर आप किताब कैसे लिख पाएंगे? हां ये हो सकता है कि, आपने अपने अगल- बगल कुछ लोगों को रखा है जिनकी सहायता से आप कुछ भाषण दे पाते हैं। दरअसल वो जो आपको लिख के देते हैं, आप पढ़ लेते हैं। आप भला कहां किताब के चक्कर में पड़ गए। आपने सोच ही लिया है किताब लिखने को, तो मेरी गुजारिश है आपसे कि जिनके सहयोग से आप किताब लिखवाएंगे उन्हें ये भी लिखने के लिए बोलिएगा कि, साल 2005 में आपके माता-पिता के कुशासन के अंत के बाद कैसे बिहार की तस्वीर बदली है। आप उन्हें ये बात भी बोलिएगा लिखने को कि आज कैसे गांव गांव में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। कैसे गांव-गांव में बिजली से बल्ब जल रहा है और लालटेन का दौर खत्म हो चुका है। ये लिखवाना नही भूलिएगा कि कैसे आज सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ लेकर बिहार की बेटियां सरकारी नौकरियां कर रही हैं और बड़े शान से अपनी जिंदगी बिता रही हैं। उस किताब में बिहार पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी की भी बात लिखिएगा और ये भी बताइएगा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों की वजह से आज देश भर में सबसे ज्यादा महिलाओं की तादाद बिहार पुलिस बल में है।

चुनाव में फासीवादी ताकतों को निर्णायक चोट दें : स्वदेश भट्टाचार्य

माले महासचिव ने भी तमाम पार्टी सदस्यों व शुभचिंतकों को बधाई दी

भाकपा-माले की स्थापना की 55वीं वर्षगांठ पर पार्टी महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य ने सभी पार्टी सदस्यों और शुभचिंतकों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि हम अपने महान शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं और एक समतावादी समाज के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं। उन्होंने इस मौके पर देश की जनता का लोकसभा चुनाव में तानाशाही मोदी शासन के खिलाफ वोट करने का एक बार फिर आह्वान किया। स्थापना दिवस की 55 वीं वर्षगांठ पर आज राजधानी पटना सहित सभी जिला मुख्यालयों पर पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। राज्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, रामजी राय, केडी यादव, सरोज चैबे, शिवसागर शर्मा, उमेश सिंह, प्रकाश कुमार, विभा गुप्ता आदि उपस्थित हुए। वहीं विधायक दल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कमलेश शर्मा, कुमार परवेज, पुनीत पाठक, प्रमोद यादव, शोभन चक्रवर्ती आदि पार्टी नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए। पटना के विभिन्न इलाकों में भी पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता का। स्वदेश भट्टाचार्य ने इस मौके पर कहा कि हम बेहद महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच इस बार पार्टी स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर हम भारत के सभी मतदाताओं से यह भी अपील करते हैं कि वे वोट देने के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग संवैधानिक बुनियाद और हमारे गणतंत्र के संसदीय व संघीय ढांचे को बढ़ते फासीवादी हमले से बचाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि अपने जन्म से ही भाकपा(माले) ने जनता के एक सच्चे लोकतंत्र में भारत का रूपांतरण और एक समतामूलक सामाजिक विन्यास की स्थापना करने के लिए निरंतर संघर्ष किया है। मोदी सरकार का तीसरी बार फिर सत्ता में आना इस क्रांतिकारी उद्देश्य की राह में विनाशकारी बाधा साबित होगा। अम्बेडकर के ही शब्दों में कहें तो यह महान विपत्ति होगी। हमें 2024 के चुनाव को फासीवादी ताकतों को निर्णायक चोट देने और तानाशाह मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के ऐतिहासिक जनान्दोलन में तब्दील कर देना होगा।

काव्य-शास्त्र के मनीषी मर्मज्ञ थे आचार्य राम दहिन मिश्र

पृथ्वी की रक्षा के लिए मानसिक-प्रदूषण मिटाना सबसे आवश्यक

● साहित्य सम्मेलन में पृथ्वी दिवस के साथ मनाया गया जयंती समारोह

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी और बांगला के उद्भट विद्वान आचार्य राम दहिन मिश्र काव्य-शास्त्र के भी मनीषी मर्मज्ञ थे। काव्य-दर्पण और कवि-विमर्श आदि अपने आलोचना-ग्रंथ में उन्होंने काव्य-शास्त्र और कवि की महिमा का अत्यंत ही हृदय-स्पर्शी चित्रण किया है। अंग्रेजी के सभी महान कवियों का गहरा अध्ययन रखने वाले मिश्र जी काव्य-शास्त्र में भारत के शास्त्रीय स्वरूप को ही उचित और महत्त्वपूर्ण मानते थे। उन्होंने बाल-साहित्य और पाठ्य-पुस्तकों के लेखन में भी आचार्य राम लोचन शरण की भाँति बड़ा योगदान दिया। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पृथ्वी-दिवस और जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को केवल पर्यावरण-प्रदूषण से ही नहीं, जन-मानस में तेजी से फैल रहे मानसिक-प्रदूषण से भी खतरा है। बल्कि यह अधिक खतरनाक है, क्योंकि समाज में सभी प्रकार के प्रदूषणों के पीछे मनुष्य का मानसिक-प्रदूषण ही है। आतंकवाद और अतिवाद का संकट झेल रहा संसार आज तीसरे विश्व-युद्ध के किनारे खड़ा है।

भारतीय संस्कृति और विश्व-बंधुत्व के सिद्धांत को अपना कर ही, पृथ्वी की रक्षा की जा सकती है। सुरधारा कला केंद्र, गया के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में संस्था के निदेशक और दिव्यांग शिक्षक विपिन बिहारी ने कहा कि पर्यावरण-कार्यकर्ता के रूप में आज अनेक युवाओं को आगे आना चाहिए। जिस प्रकार मैं बिहार सरकार के एक शिक्षक के रूप में प्राप्त अपने वेतन का बहुलांश वृक्षारोपण और जागरूकता के कार्यक्रमों पर व्यय करता हूँ, उसी प्रकार अन्य लोग भी आगे आएँ। यदि पृथ्वी पर मानव-जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक है कि पर्यावरण को अनुकूल बनाया जाए। हरे वृक्ष नहीं काटे जाएं, बड़ी संख्या में पेंड लगाए जाएं। बिहार के पूर्व निःशक्तता आयुक्त डा शिवाजी कुमार, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा विनोद कुमार बरबिगाहिया, कुमार अनुपम, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा अर्चना त्रिपाठी तथा बाँके बिहारी साव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एक कवि-सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसका आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, नीता सहाय, चितरंजन लाल भारती, ई अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठकिया। आरंभ में सुरधारा के कलाकारों सौम्या सुमन और मनीषा कुमारी ने ह्यगणेश-वंदनाह्न के साथ नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियाँ दीं। मंच का संचालन ब्रह्मानंद पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। साहित्यकार डा हुमायूँ अख़्तर, डा चंद्रशेखर आजाद, नन्दन कुमार मीत, मयंक कुमार मानस, राहूल कुमार, अंकित शर्मा, कुमारी मेनका, पल्लवी शर्मा, डौली कुमारी आदि हिन्दी-प्रेमी उपस्थित थे।

नेशनल टाईगर पार्टी ने इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का लिया फैसला :राजद

● पूर्व विधायक जय नंदन यादव सहित कई लोग राजद में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में सोमवार को पूर्व विधायक जय नंदन यादव जदयू के सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के समक्ष ,विधायक मुकेश यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार साधु की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा गणेश साहनी, राजीव साहनी एवं सोनेलाल साहनी के अलावा सैकड़ो लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। एजाज ने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने जय नंदन यादव सहित अन्य लोगों को सदस्यता रसीद के साथ पार्टी का प्रतीक गमछा,माला और लालू के संघर्ष और संसदीय कार्यो पर आधारित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने जय नंदन यादव सहित जदयू के नेताओं को सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर विश्वास करके राजद की नीतियों और सिद्धांतों के साथ जय नंदन यादव जी और अन्य लोगों के राजद में शामिल होने से मिथिलांचल और सीतामढ़ी में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इन्होंने ने आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है उन्हें हर स्तर पर सम्मान भी देती है। इस बीच राजद के प्रदेश प

संक्षिप्त खबरें

मां का अर्थ मां ही होता है : संजय पंकज

मुजफ्फरपुर।ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पकड़ी, मुजफ्फरपुर की संस्थापिका,गोलोकवासी पुण्यात्मा सुमित्रा देवी जी की पुण्यतिथि पर स्मरण पर्व का आयोजन किया गया जिसमें श्री हरिनाम संकीर्तन महोत्सव के साथ ही मातृभाव संवाद भी हुआ। मां की महिमा पर विस्तार से बोलते हुए गरीब स्थान न्यास समिति सदस्य और साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कहा कि मां की व्याख्या जितनी करें, कम है। मां का अर्थ मां ही होता है। मां की कभी मृत्यु नहीं होती, संतानों में उसका विस्तार होता है। हमारी धड़कनों और सांसों में मां ही तो होती है। डॉ पंकज ने मां केंद्रित कई कविताएं सुनाईं। उनका यह दोहा - शब्दों में ब्रह्मांड बंध, बंधे गीत संगीत /अपना अर्थ लगाइए, मां है शब्दातीत - मां की विशद व्याख्या प्रस्तुत कर गया। सब लोगों ने जिस दोहे को बार-बार स्वयं भी गया वह दोहा है - ईश्वर अल्ला गॉड मां, मंदिर मस्जिद चर्च/ औरों के हिस्से रही, मां होती नित खर्च। श्रद्धा भाव अभिव्यक्त करने वालों में डॉ सुधीर कुमार सिंह, डॉ मोनालिका मिश्रा, अविनाश तिरंगा, मनोज झा, सुधांशु राज, प्रमोद आजाद, संतोष पाठक आदि सैकड़ो प्रबुद्ध जन,अभिभावक और छात्र उपस्थित थे।

फायर सिलेंडर ब्लास्ट से जवान की मौत

मुजफ्फरपुर।वलसाड से मुजफ्फरपुर पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस में सोमवार सुबह अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट हो गया।. इस घटना में एक आरपीएफ जवान की दर्दनाक मौत हो गई है. ।मृतक आरपीएफ जवान विनोद कुमार आरा के निवासी बताए गये हैं ।घटना मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में हुई है।. वहीं हादसे के वक्त ट्रेन में कोई यात्री मौजूद नहीं थे।, ट्रेन अपने समय से मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंच चुकी थी।, इसी दौरान ट्रेन के एस 8 बोगी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी बताई गई है।

भाकपा माले का स्थापना दिवस मना

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड के सिमरा पंचायत एवं नुनफारा पंचायत में सोमवार को भाकपा माले का56 वां स्थापना दिवस मनाया। सर्वप्रथम कॉमरेड सुरेश भंडारी ने झंडोतोलन किया इसके बाद तमाम शहीदों के याद करते हुए पांच मिनट का मौन धारण किया ।इसके बाद उपस्थित पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना के उदेश्यों के बारे में विस्तार से बताया। भाकपा माले के प्रखंड सचिव रामबली मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव का दौर है। इस समय में पार्टी कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना के उदेश्यों को पूरा करने के लिए लोकतंत्र विरोधी भाजपा सरकार को केंद्र से बेदखल करना होगा। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव रामबली मेहता , संजय कुमार दास, चंद्रकला देवी, अजीत कुमार, महेश महतो, सत्रुधन महतो, चिंता कुमारी, सुनीता कुमारी, मोनी कुमारी, सुकुल महतो, रामचंद्र दास, आरती देवी, सकुंतला देवी, आदि लोग उपस्थित थे।

नामांकन में भाग लेने का किया अपील

विभूतिपुर, समस्तीपुर। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विभूतिपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार तथा किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद आजाद ने विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर कार्यकताओं से सम्पर्क किया तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के उजियारपुर लोक सभा के प्रत्याशी के रुप में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर चंदन कुमार, अरविन्द कुमार कुशवाहा, संजीव कुमार, लक्ष्मी नारायण, गौरब कुमार, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, दिनेश महतो, आदि मौजूद थे।

पृथ्वी दिवस पर लगाया पौधा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। पृथ्वी दिवस के अवसर पर सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत के मनीष कुमार सेठ के निजी जमीन में विभूतिपुर प्रखंड के निवर्तमान आत्मा अध्यक्ष सह किसान श्री से सम्मानित रामनाथ सिंह तथा पूर्व आत्मा सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार ने आम का पौधा लगाकर पृथ्वी दिवस मनाया। बताया कि हर मनुष्य को एक न एक पौधा लगाना चाहिए क्योंकि पौधा लगाने से धरती पर रहने वाले सभी जीव जन्तु को बहुत सारी फायदा होती है यदि धरती पर पेड़ नहीं रहेगा तो जीवन कि कल्पना भी नहीं कि जा सकती है। बिना हवा का कोई जीव जन्तु जिन्दा नही रह सकता है। मौके पर लालो भगत, विजय भगत, तथा शंकर भगत मौजूद थे।

लोकसभा निर्वाचन को लेकर प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में विशेष सामान्य प्रेक्षक बिहार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राजीव रौशन ने जिले की रूपरेखा,मतदान केंद्र, इलेक्ट्रॉल प्रोफाइल,जिला स्तर के पदाधिकारी, मानव संसाधन, वाहन, ईवीएम की आवश्यकता एवं उपलब्धता, ईवीएम डिस्पैच सेंटर, व्यय निगरानी, सी-विजील, एमसीसी, अतिसंवेदनशीलता, पोस्टल बैलट पेपर, दरभंगाक मोबाइल एप्प, नॉमिनेशन, स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता आदि के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रेक्षक महोदय को अवगत करायें ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दरभंगा संसदीय क्षेत्र में 17 लाख 74 हजार 656 मतदाता , कुल 1,785 मतदान केंद्रो हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 09 लाख 33 हजार 122 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 08 लाख 41 हजार 499 है। वही थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 35 है। उन्होंने कहा कि दरभंगा संसदीय क्षेत्र में सेवा मतदाताओं की संख्या 1,488 है, इसमें पुरुष - 1397 एवं 91 महिला सेवा मतदाता है। वही समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र (अंश भाग) में 05 लाख 18 हजार 150 मतदाता अपने मत का प्रयोग कुल 520 मतदान केंद्रो पर करेंगे, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 02 लाख 71 हजार 961 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 02 लाख 46 हजार 182 है। वही थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 07 है ।समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र (अंश भाग) में सेवा मतदाताओं की संख्या 399 है, इसमें पुरुष 378 एवं 21 महिला सेवा मतदाता है। मधुबनी संसदीय क्षेत्र (अंश भाग) में 06 लाख 26 हजार 600 मतदाता अपने मत का प्रयोग कुल 634 मतदान केंद्रो पर करेंगे, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 03 लाख 30 हजार 432 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 02 लाख 96 हजार 156 है। वही थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 12 है ।मधुबनी संसदीय क्षेत्र (अंश भाग) में सेवा मतदाताओं की संख्या -366 है, इसमें पुरुष 341 एवं 26 महिला सेवा मतदाता है। इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 29 लाख 19 हजार 406 है, जिनमें 15 लाख 35 हजार 515 पुरूष मतदाता, 13 लाख 83 हजार 837 महिला मतदाता एवं 54 थर्ड जेंडर मतदाता है। कुल सेवा मतदाताओं की संख्या 2254 है, जिनमें 2116 पुरूष सेवा मतदाता एवं 128 महिला सेवा मतदाता शामिल है। बैठक के पूर्व प्रेक्षक महोदय ने नामांकन सहायता केंद्र, नामांकन सुविधा हेतु पोर्टल ऑनलाइन केंद्र,नामांकन कोषांग एवं जिला संपर्क केंद्र समेकित जिला नियंत्रण कक्ष में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त दरभंगा प्रमंडल दरभंगा मनीष कुमार,पुलिस उप महानिरीक्षक मिथिला क्षेत्र बाबू राम,वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, नगर आयुक्त कुमार गौरव,नगर पुलिस अधीक्षक शुभम कुमार आर्य,उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्त्ता अनिल कुमार,अपर समाहर्त्ता नीरज कुमार दास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार,अपर समाहर्त्ता राकेश रंजन, अपर समाहर्त्ता कुमार प्रशांत, अपर समाहर्ता सलीम अख्तर, उप निदेशक जन-सम्पर्क सत्येन्द्र प्रसाद,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार झा,अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर दरभंगा विकास कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, बिरौल उमेश कुमार भारती, अनुमण्डल पदाधिकारी, बेनीपुर शंभू नाथ झा, एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

भारतीय मुद्रा नेपाली मुद्रा और प्रतिबंधित दवाईयों के साथ एसएसबी ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी हरने के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है, गुप्त सूचना के आधार पर समवाय प्रभारी हरने के निदेर्शानुसार विशेष गश्ती दल द्वारा ड्यूटी के दौरान सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार दास व अन्य जवानों एवं बिहार पुलिस के साथ की गई सयुंक्त कार्यवाही में भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 280/23 से लगभग 200 मीटर भारतीय क्षेत्र की एक संदिग्ध भारतीय व्यक्ति अमित कुमार उमर 35 वर्ष सुपुत्र राज किशोर महतो गांव सिरसिया बाजार वार्ड संख्या 07 डाकघर सिरसिया पुलिस स्टेशन बेला जिला सितामढ़ी बिहार को भारतीय मुद्रा रुपए 580 नेपाली मुद्रा रुपए 8210 प्रतिबंधित दवाईयों चाकू 01 मोबाइल-01 एवं एक मोटरसाईकल के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति मोटरसाइकिल पर भारतीय क्षेत्र से नेपाल में प्रवेश कर रहा था ।जब्त की गई भारतीय मुद्रा नेपाली मुद्रा प्रतिबंधित दवाईयों चाकू मोबाइल मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने को सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । आगामी चुनाव के मद्देनजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कारवाई की जा रही है ।साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोल में सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल में ताला लगा दिया। इस मामले में ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में बैग व पुस्तकों का वितरण अभी तक नहीं किया गया है। वहीं विद्यालय विकास मद की राशि को वापस किए जाने के साथ-साथ कई गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल ताला लगा दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य राम सुहाग पासवान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण विद्यालय पहुंचकर विद्यालय में ताला लगा दिया। सोमवार को जब विद्यालय में शिक्षक पहुंचे तो विद्यालय में ताला लटका देख अचंभित रह गए। सभी शिक्षकों को वापस जाने के लिए बोला गया। विद्यालय में ताला की जानकारी मिलने पर पहुंचे प्रखंड के बीआरपी दिनेश प्रसाद व प्रखंड परियोजना प्रबंधक आनंद अभिनंदन दोनों पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। ताकि विशेष क्लास की व्यवस्था कायम किया जा सके। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार यादव का बताया कि बीपीएम को मौके पर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारियों को डीएम ने दिया सख्ती से वाहन जांच का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राकेश कुमार द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण संपादन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत दिशा निर्देश के अनुरूप आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने हेतु चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने मुजफ्फरपुर एवं मोतीहारी बोर्डर पर मोतीपुर प्रखण्ड के बरजी में गठित चेकपोस्ट, मुजफ्फरपुर एवं शिवहर बोर्डर पर मीनापुर प्रखण्ड के शिवाईपट्टी थाना के करचैलिया में गठित चेकपोस्ट, मुजफ्फरपुर एवं सीतामढ़ी बोर्डर पर औराई प्रखण्ड के बेदौल में गठित चेकपोस्ट का निरीक्षण किया ।जिलाधिकारी ने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी से छोटे एवं बड़े वाहनों की कड़ाई से सघन जांच करने तथा आपतिजनक सामग्री पाये जाने पर आयोग के निर्देश के अनुरूप विधि-सम्मत कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट कार्यरत अवस्था में रहे तथा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी चेकपोस्ट पर ससमय उपस्थित होकर कड़ाई से जांच करें तथा पंजी का संधारण करें। अवैध शराब, अवैध हथियार अथवा नकदी मिलने पर संबंधित विभाग को सूचित करते हुए नियमानुकूल अपेक्षित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। चेकपोस्ट पर सभी जांच एजेन्सी व्यय अनुश्रवण, उत्पाद, परिवहन एवं थाना से संबंधित जांच की कार्रवाई कड़ाई से करें। विदित हो कि जिले के बोर्डर पर नौ चेकपोस्ट बनाये गये हैं, जिसे कार्यरत अवस्था में रखने तथा वाहनों का कड़ाई से जांच करने का सख्त निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने एस.एस.टी. एवं एफ. एस.टी. को सक्रिय रहने तथा स्थानीय स्तर पर थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को भी चेक पोस्ट का भ्रमण कर जांच करने तथा पंजी संधारित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी अमित कुमार तथा स्थानीय थानाध्यक्ष सहित कई अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थें।

दीप जलाने के दौरान बुजुर्ग महिला झुलसी, ईलाज के दौरान मौत

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतैलिया वार्ड चार में दीप जलाने के दौरान रविवार की संध्या एक बुजुर्ग महिला बुरी तरह झुलस गई। स्थानीय लोग व परिजन आनन-फानन जख्मी बुजुर्ग महिला को ईलाज के लिए विभूतिपुर सीएससी लाया जहां डॉक्टर गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। समस्तीपुर में प्रारंभिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की पहचान कलर साह की पत्नी बहोरणी देवी 80 वर्ष के रूप में की गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुजुर्ग महिला की पुत्री राजकुमारी देवी और एक अन्य पुत्री शादी शुदा है। दोनों ससुराल में रहती है। एक पुत्र अजीत साह अलग घर में रहता था। बुजुर्ग अकेली एक झोपड़ी में रहती थी। रविवार की संध्या दीप जलाने के क्रम में बुजुर्ग की साड़ी में आग पकड़ ली। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

महिला विकास मंच एवं रोटी बैंक के साथ मिलकर एसएसबी ने रक्तदान शिविर लगाया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर रक्तदान के महत्व एवं स्वस्थ जीवन प्रणाली को लेकर एसएसबी के जवानो युवाओं के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया उद्घाटन कर्ता द्वितीय कमांडेंट हरेंद्र कुमार बसवार डिप्टी कमांडेंट राम विशाल एवम संतोष निमोरिया डा भावेश झा महिला विकास मंच के दीप सिखा रोटी बैंक के लक्की राउत ने दीप प्रज्वलित किया कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में समय-समय पर एसएसबी के द्वारा सामाजिक एवं जागरूक अभियान चलाया जाता है ।रोटी बैंक एवं महिला विकास मंच मधुबनी के साथ मिलकर एसएसबी के मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानवता सेवा का परिचय दिया है ।रक्तदान ऐसा दान है जिसका कोई मूल्य नहीं होता है ,आपका रक्त दूसरे के शरीर में नई जिंदगी बनकर दौड़ता है। मानवता का सबसे बड़ा दान रक्तदान है। आप अपने शरीर से खून देकर दूसरे की जिंदगी बचाते है, क्योंकि खून को बनाया नही जा सकता है। आपका खून दूसरे को जिंदगी देने के साथ ही उनके शरीर में दौड़ता है। उन्होंने रक्तदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर 3 महीने पर एक स्वस्थ आदमी अपना रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने वाले दाता को शारीरिक रूप से कई फायदे है। सीमावर्ती क्षेत्र में जब भी किसी को रात की जरूरी होती है तो संगठन के माध्यम से उन्हें अविलंब रक्त मुहैया कराया जाता है ।उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में रक्त दान शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि इस छोटे से शहर में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन अभी के समय में अमृत की तरह है। । इस कार्यक्रम के तहत रक्तदान करें आपका दान जरूरतमंद के शरीर में रक्त बनके दौड़ेगा। रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। इस मुहिम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के लोगो ने जबानो के साथ बढ़ चढ़ कर रक्तदान में भाग लेकर 39 लोगों के द्वारा रक्तदान किया । दाताओं द्वारा दिए गए रक्त को मधुबनी के सरकारी सदर अस्पताल में भेजा जाता है। जहां से सभी रक्तदाताओं को डोनर को ऑनलाइन कार्ड जारी किया जाता है। जिसकी जरूरी कभी भी हो तो बिहार के किसी भी सरकारी ब्लड बैंक से 6 महीने के अंदर वह रक्त लेकर किसी जरूरतमंद की सेवा कर सकते हैं। इस मौके चंबल के महासचिव अनिल बैरोलिया, सचिव पवन पवन यादव, समाजसेवी अरुण जैन, दीपशिखा सिंह, चंद्रवीर सिंह सहित रोटी बैंक की टीम,महिला विकास मंच की टीम सहित गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

एमजीएसएस में पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के दोनों शाखाओं में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। गांधी विहार शाखा में कार्यक्रम का उद्घाटन समन्वयक श्रावणी शिखा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में श्रावणी शिखा ने कहा कि हम चांद पर पहुंच गए लेकिन पृथ्वी को संरक्षित रखने पर हमारा ध्यान ही नहीं है । हमे पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना चाहिए । भूमि संरक्षण पर जोड़ देना चाहिए। उन्होंने सबों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सी सी ए प्रभारी बी एन झा ने पृथ्वी संरक्षित रखने के विषय पर विस्तार से चर्चा की। वाजितपुर शाखा में भी पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अशोक राय, प्रशासक अजय झा एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पृथ्वी के संरक्षण एवं संवर्धन पर विचार व्यक्त करते हुए एवं बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक राय ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है क्योंकि जिस तरह से मां हमारी देखभाल करती है। हमारे सभी संसाधनों एवं जरूरतों का ख्याल रखती है, ठीक उसी तरह पृथ्वी भी हमारे सभी जरूरतों का ख्याल रखती है, हमारे जीवन के लिए जरूरी सभी आवश्यक तत्व पृथ्वी हमें उपलब्ध कराती है, इसलिए यह जरूरी है कि हम पृथ्वी की संरक्षा दिन प्रतिदिन करें, हर समय करें। जरूरत है कि पृथ्वी पर उपलब्ध जल, वायु, वातावरण सभी चीजों की रक्षा हम करते हुए ध्यान रखें की कोई दूसरे व्यक्ति भी इन संसाधनों को हानि न पहुंचाएं। पृथ्वी ने हमें बहुतायत मात्रा में अनेक वस्तुएं उपलब्ध कराई हैं परंतु यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उन सभी संसाधनों का विवेक पूर्ण तरीके से इस्तेमाल करें ताकि हमारी पृथ्वी को उससे नुकसान ना हो और हमारा जीवन हमेशा हमेशा के लिए बरकरार रहे। अगर हम पृथ्वी के संसाधनों के साथ अति छेड़छाड़ करेंगे तो उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसलिए हम उसे सही तरीके से इस्तेमाल करें। उन्होंने बच्चों से अपील की कि हर बच्चा एक वृक्ष पर्यावरण को बचाने के लिए आवश्यक लगाए। प्रशासक महोदय एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा भी कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण पर अनेक प्रकार के पोस्टर बनाएं। विद्यालय के छोटे बच्चों ने रंगभरों प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अनेक बच्चों ने इस पर अपने भाषण के रूप में विचार व्यक्त किया ।विद्यालय के सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने पोस्टर और अभिभाषण से पृथ्वी दिवस मनाने की सार्थकता को सिद्ध करने का पूरा प्रयास किया। पेंटिंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों को चार ग्रुपों में बांट कर आयोजित किया। पेंटिंग का विषय ह्य पृथ्वी हमारा घर, हमारा दायित्व ह्य रखा गया था। सभी बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय थी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवम मेडल प्रदान किया गया। गांधी विहार शाखा में मंच संचालन सौम्या चौधरी तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका अपराजिता सिन्हा ने किया तथा वाजितपुर शाखा में मंच संचालन सी सी ए प्रभारी श्रीमती कविता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रशासक श्री अजय झा ने किया।

मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल को नामांकन कार्य सम्पन्न कराने हेतु कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लोक सभा आम निर्वाचन में नामांकन की प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल रूप से संचालित करने हेतु योग्य एवं कुशल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का 26 अप्रैल से तथा वैशाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का 29 अप्रैल से नामांकन का कार्य शुरू होगा। इस कार्य में संलग्न कर्मियों को नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु उनका प्रशिक्षण कार्य आज समाहरणालय सभागार, मुजफ्फरपुर में शुरू हुआ। उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, राजस्व एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नामांकन प्रक्रिया की सूक्ष्मता से चरणबद्ध जानकारी प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया गया। इस कार्य को सफल रूप से कार्यान्वित करने हेतु हेल्प डेस्क बनाये गये हैं तथा योग्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है ताकि अभ्यर्थी को नामांकन कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जा सके। नामांकन के अवसर पर आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुरूप विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी द्वारा पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, मुजफ्फरपुर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर-1 मुजफ्फरपुर नामांकन प्रक्रिया की सम्पूर्ण अवधि में शान्ति एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु वरीय प्रभार में रहेंगे। नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 3 मई को 15-मुजफ्फरपुर एवं 6 मई को 16-वैशाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र।4 मई को 15-मुजफ्फरपुर एवं 7 मई को 16-वैशाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की नामजदगी के पर्चे की जांच होगी।अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अंतिम तिथि मुजफ्फरपुरं लोकसभा क्षेत्र के लिए 6मई एवं वैशाली सीट के लिए 9 मई है। मुजफ्फरपुर सीट के लिए मतदान 20 मई एवं वैशाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 25मई को कराया जाएगा।

दरभंगा के विधायक संजय सरावगी बने बिहार भाजपा के स्टार प्रचारक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अभी से तृतीय चरण तक वर्तमान लोकसभा चुनाव में बिहार के भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में संजय सरावगी का नाम शामिल होने पर शहरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह व्याप्त हो गया है। दर्जनों कार्यकताओं ने बिहार भाजपा के स्टार प्रचारक बनने पर नगर विधायक संजय सरावगी को फोन पर बधाइयां दी है। मालूम हो कि रविवार को कटिहार में भारत सरकार के गृहमंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की रैली में नगर विधायक मौजूद थे। वहीं उन्हें पार्टी की ओर से बिहार में स्टार प्रचारक बनने का पत्र प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को जारी किए गए स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गृह मंत्री अमित शाह राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के मंत्री मंगल पांडेय, समेत दर्जनों भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इस सूची में नगर विधायक श्री सरावगी का नाम शामिल किए जाने पर निश्चित रूप से भाजपा कार्यकताओं में एक उत्साह का माहौल बना है और लोकसभा चुनाव में इससे भाजपा को काफी लाभ मिलने की संभावना है।

संपत्ति हड़पने के लिए लगाया हत्या का आरोप

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केराई सरपत्ती में भैंसुर द्वारा भावज के सिर पर प्रहार कर हत्या कर देने के मामले में एक प्राथमिकी दर्ज हुई है। यह प्राथमिकी बेगुसराय जिला अंतर्गत बछवाड़ा थाना क्षेत्र के नारेपुर निवासी परमानंद राय के पुत्र सुमित कुमार ने दर्ज करवाया है। जिसमें केराई सरपत्ती वार्ड 3 निवासी फुलेश्वर मिश्रा के पुत्र विनय कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, कपलेश्वर मिश्रा के पुत्र लालबाबू मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा की पत्नी रिंकू देवी और पुत्र शिवम कुमार को नामजद किया है। कहा है कि उसकी बहन नूतन देवी की शादी 23 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार फुलेश्वर मिश्रा के छोटे पुत्र संजीत कुमार मिश्रा के साथ हुई थी। विगत दो वर्ष पूर्व से परिवार के सदस्यों द्वारा उसकी बहन नूतन को तंग-तबाह किया जा रहा था। यह कहा जा रहा था कि उसके पिता सेवानिवृत्त हुए हैं। घर बनाने के लिए उनसे रुपए मांग कर लाओ। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले रुपए को आरोपित संजीत और विनय दोनों ने मिलकर खर्च कर दिया था। आरोपित विनय मिश्रा का कहना था कि वह और लालबाबू मिश्रा इसी घर में रहेंगे। जिसका विरोध मृतका करती थी। आरोपितों ने उपरोक्त कारण से लाठी और लोहे के रड से सिर पर प्रहार कर निर्मम हत्या कर दिया है। पूरी घटनाक्रम को मृतका के पुत्र प्रिंस कुमार मिश्रा ने अपनी नजरों से देखा है। थानाध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि कांड अंकित कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

बलात्कार के बाद हत्या कांड का खुलासा, एक गिरफ्तार

प

संक्षिप्त खबरें

38 वर्षीय व्यक्ति सिंघिया घाट पुल से बूढ़ी गंडक में लगाया छलांग

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट पुल से रविवार की संध्या एक 38 वर्षीय व्यक्ति बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार कि अगले सुबह उसका शव मिला। मृतक की पहचान सलखन्नी वार्ड 11 निवासी स्वर्गीय गांगो दास के पुत्र कैलाश दास के रूप में किया गया। बताया जाता है कि कैलाश दास के माता-पिता व पत्नी का देहांत पहले ही हो चुका था। उनके दो पुत्री थी। एक पुत्री सुनीता कुमारी शादीशुदा जो ससुराल में रहती है वहीं एक पुत्री शिवानी कुमारी ननिहाल में थी। कैलाश अकेले घर पर रहता था। रविवार की संध्या वह एकाएक सिंघिया घाट पुल से बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवार की अहले सुबह कैलाश का शव मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई।

मुरलीगंज के पी डब्लू डी परिसर से 48 लाख का शराब जब्त

प्रात : किरण, संवाददाता

- 6 हजार बोतल यानी 194 कार्टून विदेशी शराब, चुनाव में खपाने की थी तैयारी
- कारोबारी हुआ फरार, उत्पाद टीम ने शराब तस्करो के मंसूबों पर फेर दी पानी

मधेपुरा उत्पाद टीम को बड़ी सफलता मिली। उत्पाद टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की जहां भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। हालांकि मौके वारदात से कारोबारी फरार हो गया। बताया जाता है कि लोक सभा चुनाव के दौरान शराब खपाने की तैयारी थी जिसे उत्पाद टीम ने शराब माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दी। दरअसल डीएम विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन में उत्पाद टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जहां मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पीडब्ल्यूडी कैंपस से 6 हजार बोतल यानी 194 कार्टून शराब जप्त की गई है। सूत्रों के मुताबिक इन शराब के गोरख धंधे में तथा कथित कुछ स्थानीय सफेद पॉश भी सामिल है जिसकी पुष्टि बहरहाल प्रसासनिक तौर पर नहीं की जा रही है। हालांकि इस मामले को लेकर उत्पाद मधनिषेद मधेपुरा अधीक्षक विनय कुमार ने बताया कि तत्काल अनुसंधान किया जा रहा है फिलहाल शराब तस्कर और अन्य लोगों की पुष्टि बाद में अनुसंधान उपरांत कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में लगातार शराब तस्कर और नशे के सौदागरों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है इसी क्रम में देर मध्य रात्रि में मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पीडब्ल्यूडी कैंपस में छापेमारी की गई। जप्त शराब की बाजार मूल्य लगभग 48 लाख आंकी जा रही है।

अलग-अलग जगहों से शराब, जिंदा कारतूस, मोबाइल के साथ चार गिरफ्तार

- 9 जिंदा कारतूस, दो विदेशी शराब की बोतल, दो मोबाइल के साथ किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लगातार थाना क्षेत्र में अवैध हथियार तस्करी लूट, छीनतई घटना और अवैध शराब तस्करी पर पूर्णत लगाम लगाने के लिए मधेपुरा जिला के पुलिस कप्तान संदीप सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापामारी कर तस्कर, अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है। कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर कुमारखंड थाना के एसआई गणेश पासवान, शंकरपुर थानाध्यक्ष रोशन कुमार, श्रीनगर थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण, भतनी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश, पुलिस फोर्स, चौकीदार के सहयोग से थाना क्षेत्र के भवानीपुर रहटा स्थित संजीत कुमार के घर छापामारी कर दो जिंदा कारतूस के साथ संजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गढ़िया वार्ड नंबर 10 निवासी शिवन यादव के घर छापामारी कर 750 एमएल का विदेशी शराब का दो बोतल, 180 एमएल का विदेशी शराब का तीन फ्रूटी पाउच, सात जिंदा कारतूस (गोली) दो मोबाइल के साथ शिवन यादव और विकास कुमार, कुणाल कुमार गिरफ्तार कर मध्य निषेध और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में सोमवार को मधेपुरा कोर्ट में पेश किया।

पृथ्वी जीवन का आधार, उसकी रक्षा मानव की सर्वोच्च प्राथमिकता :हर्ष वर्धन

विभिन्न स्तरों पर पृथ्वी के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट बनी वैश्विक समस्या

- इस साल के पृथ्वी दिवस का थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक अहम मुद्दा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के सार्क इंटरनेशनल स्कूल परिसर में छात्र छात्राओं ने छायादार, फलदार एवं फूलों के पौधे लगाए और पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे के मूल उद्देश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने कहा विश्व पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के महत्व को आम लोगों से जोड़ने व प्रकृति के अवर्णित योगदानों को समझने का अवसर देता है साथ ही उसको सुरक्षित रखने हेतु नीति निर्धारण की वकालत करता है। 21वी सदी में जब मानव विकास के पथ पर निरंतर नई नई ऊंचाइयों को चूम रहा है तब विभिन्न स्तरों पर अपनी असीम महत्वकांक्षा के कारण पृथ्वी के कालचक्र में बड़े स्तर पर किए गए मानव हस्तक्षेप चिंतनीय व विचारणीय बिंदु बन उभरे हैं। पृथ्वी दिवस ऐसे ही बिंदुओं पर मंथन व प्रकृति के अस्तित्व को मजबूती से कायम रखने की दिशा में पहल को प्रेरित करती है। राठौर ने कहा कि अभी मानव समाज अपने लालची स्वभाव के कारण प्रकृति असंतुलन के जिस दौर से गुजर रहा है उसमे यह अत्यावश्यक है कि इससे बचने के लिए गंभीर मंथन हो। विश्व के 192 देशों में बड़े स्तर पर हर साल एक निर्धारित फैसले के अंतर्गत थीम तय कर पहल की जाती है इस साल का थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक दिया गया है जिसका मूल उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करते हुए उसके विकल्प तलाशने की है। आर्गेनिक चीजों के प्रयोग को प्राथमिकता देने के साथ मानव का यह दायित्व बोध होना चाहिए कि वर्तमान इस तरह से जिए की उसकी भावी पीढ़ी को भी सफल परिवेश मिले। अपने संबोधन में प्राचार्य हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने छात्र छात्राओं को विशेष कर पृथ्वी की उपयोगिता पर अध्यन की बात कहते पृथ्वी को बचाने में अपनी भूमिका तय करने की अपील की। विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर छात्र छात्राओं में इससे जुड़े बिंदुओं पर दिन भर जिज्ञासा और चर्चा का माहौल रहा।सबों ने स्वीकार किया कि पृथ्वी जीवन का मूल आधार है और हर स्तर पर इसको बचाने की पहल मानव समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।इसके द्वारा प्रदत अनमोल उपहार का जरूरत के अनुसार ही उपयोग और भविष्य हेतु संरक्षित करना अत्यावश्यक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं सहित सभी शिक्षकों की भागीदारी रही।

कार कि चपेट में आने से वृद्ध मौत

मुरलीगंज-मधेपुरा एनएच 107 पर नवटोल के पास हुई घटना

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज-मधेपुरा एनएच-107 पर भतखोड़ा अंतर्गत चिलम चौक के पास सोमवार की सुबह करीब आठ बजे अनियंत्रित कार के चपेट में आने से एक 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया कि दुर्घटना में पड़वा नवटोल वार्ड सात निवासी उमेश दास (65) की मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची मुरलीगंज पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के बेटा बेचन दास ने बताया कि उनके पिता उमेश दास सोमवार की सुबह साइकिल से आंगनबाड़ी का समान खरीदने जीतापुर बाजार गए हुए थे। सामान खरीद कर वह पैदल ही साइकिल लेकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान भतखोड़ा पंचायत अंतर्गत चिलम चौक के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार कार लेकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी थाना और परिजनों को दी। जानकारी मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। इधर मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार और आसपास का माहौल गमगीन बना हुआ है। वहीं थाना प्रभारी मंजू कुमारी ने बताया कि मृतक के शव की पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

बिजली की आंख- मिचौली के कारण उपभोक्ता परेशान

रात में भी घंटों तक कटी रहती है बिजली ,उपभोक्तओं में पनप रहा गुस्सा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली की आंख-मिचौली के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में बिजली नहीं रहने से एक तरफ जहां लोगों को गर्मी की ताप झेलनी पड़ती है,तो दूसरी और लोगों के बीच पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है।इस संबंध में उपभोक्ता अर्जुन यादव ने कहा कि दिनभर बदन को झुलसाने वाली गर्मी में काम करने के बाद देर शाम घर में पंखे की ठंडी हवा की आस लगी रहती है। किंतु बिजली का चंद मिनटों के अंतराल में पुनः गुल हो जाने के कारण गर्मी से मन बेचैन हो जाता है।वही राज मिस्त्री रमनदेव मंडल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बिजली की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। बिजली विभाग के द्वारा पहले एक से दो दिनों तक मेंटेनेंस का काम किए जाने के कारण बिजली बाधित रहने की बात बताई गई थी।किंतु दस दिनों से रोजाना दिन तो दिन-रात में भी घंटों बिजली की समस्या बनी रहती है। एक तरफ इतनी तेज गर्मी तो दूसरी और बिजली की समस्या लोगों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है।पंकज यादव, अवध मंडल,भोला मंडल,रंजीत यादव,पप्पू यादव सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बिजली की व्यवस्था गड़बड़ा सी गई है। जिन उपभोक्ताओं के घर में बैटरी इन्वर्टर है उनका तो दिन,रात किसी प्रकार से कट जाता है।किंतु जिन उपभोक्ताओं के पास बैट्री का साधन नहीं है,उनका दिन,रात बहुत ही कष्ट से गुजर रहा है।वहीं बिजली गुल रहने की जानकारी के लिए बिजली विभाग के सरकारी नंबर पर संपर्क किया जाता है तो बिजली कर्मी के द्वारा फोन तक रिसीव नहीं किया जाता है। जिसके कारण उपभोक्ता को और अधिक परेशानी से गुजरना पड़ता है।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकास मित्रों ने निकाली साइकिल रैली

उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

- बीस फर्स्ट टाइम वोटर्स को दिया बधाई प्रत्र

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी मतदान केन्द्र संख्या- 235, 236 एवं 237 के पोषक क्षेत्र वार्ड 24, 25 एवं 26 में समावेशी स्वीप सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकास मित्रों की साईकिल रैली निकाली गई। उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह साईकिल रैली हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी पश्चिम भाग से निकलकर बजरंगबली मंदिर चौक भिरखी होते हुए खोपैती तुनियाही रोड के अंतिम छोड़ (महादलित बस्ती) से वापस होकर वार्ड नं0- 26 में घुमते हुए हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी वापस आयी। इस क्रम के विकास मित्रों द्वारा मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देते हुए 7 मई 2024 को अवश्य मतदान करने का अनुरोध किया गया। महिला विकास मित्रों की टीम द्वारा घर-घर जागरूक अभियान के तहत प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाताओं से डोर टू डोर सम्पर्क कर आमंत्रण पत्र दिया गया एवं 7 मई को मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। वहीं घरों एवं गाड़ियों पर समावेशी स्वीप स्टीकर भी लगाया गया। तत्पश्चात हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी में मतदाता जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। जिसका उप विकास आयुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य, आयुक्त स्काउट एवं गाईड श्री जयकृष्ण यादव एवं जिला स्वीप आईकॉन सुश्री सोनी राज द्वारा संबोधन किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वहीं 20 (बीस) फर्स्ट टाइम वोटर्स को बधाई पत्र भी दिया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी मधेपुरा एंव प्रखंड कल्याण पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान में हो रही है शिथिलता

प्रात : किरण संवाददाता

महनार । लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान में यहां शिथिलता बरती जा रही है और इस कारण मतदाताओं में कोई उत्साह देखने को नही मिल रहा है । दूसरे प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु सड़क पर रैली निकाली जा रही है किंतु महनार इससे अछूता बना है ।इस सम्बंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि देहाती इलाका में अभियान चलाई जा रही है किंतु वास्तव में वहां भी मात्र कागज पर ही अभियान चल रहा है । सूत्रों का कहना है कि आंगनवाड़ी सेविकाएं गांव की बहू होती है एवं वह तो घर के निकट रह कर केंद्र चला लेती है किंतु सड़क पर निकल कर रैली निकालने में इनलोगों को लाज लगता है तथा इनके घर के अभिभावक भी लोक लाज के भय से इन्हें ऐसा करने से रोकते है। यह लोग तेज धूप का बहाना बनाते है जबकि यह रैली सुबह या शाम में भी निकाली जा सकती है। चुनाव आयोग एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इसकी समीक्षा सिर्फ कागज पर ही कि जाती है इसी कारण इसका असर धरातल पर देखने को नही मिल रहा है। विद्यालय के बच्चों , शिक्षकों व पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा भी मतदाता जागरूकता हेतु अभियान चलाया जाना चाहिए था किंतु धरातल पर तो सब शून्य है तो फिर चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

गर्मी में पेड़ पौधे धूप से ना झुलसे, करें देखभाल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई के बैनर तले बढ़ते तापमान को देखते हुए पक्षियों को दाना पानी देने और झुलस रहे पेड़ो के जड़ में पानी देकर उसे संरक्षित करने का प्रयास किया। मंच द्वारा अपने नियमित रविवारीय यात्रा के 433वें क्रम में नगर परिषद क्षेत्र के प्रखंड परिसर, स्टेडियम परिसर, समाहरणालय रोड में भीषण गर्मी से मुरझाए पेड़ के जड़ में पानी देकर हरा भरा करने का प्रयास किया गया। तदपुरांत सिकहरिया ग्राम में पूर्व से लगाए गए पौधे की देखभाल कर पौधारोपण करते हुए यात्रा का समापन किया गया। सिकहारिया ग्राम के ग्रामीण गौतम कुमार दुबे के निजी बगीचा में सदस्यो के सहयोग से पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए गड्ढे कर पानी जमा किया गया ताकि पक्षियां यहां आकर पानी पी सकें। उनके द्वारा इसे नियमित रूप से प्रतिदिन पानी ताजा पानी रखने का संकल्प लेते हुए बताया गया की पक्षियों हमारे वातावरण के लिए सबसे बड़ा हितेषी होते है और जहां तहां पेड़ लगाने में इनका बहुत योगदान रहता है। परंतु जब गर्मी में हर क्षेत्र पानी विहीन हो जाता है तो इनके समक्ष काफी समस्या होती है जिससे धीरे धीरे संसार से पक्षियों के विहीन होने लगा है। इसके बचाव के लिए हर कोई आगे बढ़ाकर इनके प्रति सोचना होगा। सदस्य धीरज कुमार सिंह ने बताया की जिस प्रकार से तापमान की वृद्धि हो रही उसका नतीजा प्रकृति का अत्यधिक दोहन करने का परिणाम है। ऐसे में मानव पर तो प्रभाव पड़ रहा है वो लेकिन पेड़-पौधे पशु-पक्षियों अपने स्तर से निजात पाने से सक्षम नहीं होते हैं। जिससे इनका अस्तित्व समाप्त होते जा रहा है। संसार में यदि जीवन का कामना करना है तो सबसे पहले इनके संरक्षित करने के लिए स्वयं जागरूक हो कर जगह जगह पानी का बर्तन रखना चाहिए । जो कि इनके संरक्षण के लिए वरदान साबित होगी। सदस्य राहुल राठौर ने बताया की इस वर्ष गर्मी की शुरूवाती समय में ही 43-44 डिग्री सेल्सियस का सामना करना पड़ रहा है ऐसा संभावना है की इस वर्ष और अधिक तापमान बढ़ने की संभावना है। जो शरीर के काफी खतरनाक हो सकती है। तापमान कम रहने के लिए पेड़ो का हरा भरा रहना जरूरी है इसके लिए जितना भी संभव हो आस पास मुरझाए पेड़ में पानी जरूर दें इससे हरियाली बरकार रहेगा जो तापमान कम करने के लिए सहायक हो सकता है। इस अवसर पर राहुल सिंह, धीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, संतोष कुमार, सिपु परिहार, गौतम कुमार दुबे, दीपक कुमार ठाकुर, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

13 महीने मस्कत के बाद जमुई पुलिस को मिली कामयाबी

बैंक लूट काण्ड के अंतरार्जीय सरगना नीरज दास गिरफ्तार

- पचास हजार का ईनामी चढ़ा जमुई पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग के दौरान बैंक लूट कांड के अंतर राज्य गिरोह सरगना 40 वर्षीय नीरज दास उर्फ सतेन्द्र दास उर्फ विनोद कुमार को जमुई पुलिस ने किया गिरफ्तार। इस संबंध में जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने पुलिस सभागार प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके बताया कि इस अंतर्राजिये गिरोह के सरगना की तलाश जमुई पुलिस को 13 महीनों से थी।मुझे गुप्त सूचना मिली कि नीरज दास जमुई के रास्ते देवघर जा रहा है।प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेत्वृत में पु०नि० सह थानाध्यक्ष चकाई राकेश कुमार , पु०नि० लाल बहादुर सिंह एवम तकनीकी शाखा और थाना के पुलिस जवानों को शामिल कर टीम बनाकर सरौन के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान देखा गया कि एक हीरो स्पलेंडर प्लस मोटर साईकिल से वो आ रहा है।पुलिस को वाहन चेकिंग करते देख वो भागने लगा।जिसे पुलिस जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया।गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करने पर वो अपना नाम नीरज दास उर्फ सतेन्द्र दास उर्फ विनोद कुमार पिता जुगेश्वर दास सकिन पहरा थाना परैया जिला गया बताया।जिसे जमुई पुलिस को 13 महीनों से तलाश थी।इनके विरुद्ध कई थानों में मोटर साईकिल लूट से बैंक लूट की घटना को अंजाम देने जैसे मामले दर्ज हैं। नीरज दास 50,000 का ईनामी अंतर्राजिय गिरोह के मास्टर माइंड सरगना है।जिसे गिरफ्तार कर जमुई पुलिस ने राहत की सांस ली है और अन्य के विरुद्ध छापामारी जारी है।

गिद्धौर के प्रमुख चौक पर नहीं है सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था, बोतल बंद के भरोसे

प्यास लगने पर बोतल बंद पानी खरीद कर लोगों को बुझानी पड़ रही है प्यास

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर : बीते दो सप्ताह से शुरू हुई उमस भरी गर्मी में शहरी क्षेत्र के लोगों को चौक-चौराहों पर पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। अपनी प्यास बुझाने के लिए आम लोगों व दुकानदारों को बोतल बंद पानी का सहारा लेना पड़ रहा है।बाजार के किसी भी प्रमुख चौक चौराहा पर सरकारी स्तर से चापाकल नहीं लगाया गया है। और ना ही प्याऊ की व्यवस्था कराई गई है।एक जगह पर चापानल लगाई भी गई है, तो वह भी खराब अवस्था में है ऐसे में लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए चौक चौराहाओं के आसपास संचालित और होटलों से पानी मंगवाना पड़ता है। दुकानदार खुद बोतल बंद जार खरीद कर दुकान में रखते हैं और पीते हैं। जबकि हर कोई बोतल बंद पानी खरीदने में समक्ष नहीं है।बाजार के मुख सड़कों के किनारे चाय दुकान,नाश्ते की दुकान पर खाने की इच्छा नहीं भी हो रहा हो तो पानी पीने के लिए लोगों को कुछ ना कुछ खाना पड़ता है।

गिद्धौर बाजार के मिंटो टॉवर चौक,थाना चौक,झाझा बाजार चौक के गर्मी के मौसम के कारण बाजार आने वाले लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की आवश्यकता महसूस होती है तब वह सड़क किनारे चापाकल ढूंढने लगते हैं लेकिन दूर तक जब उन्हें चापाकल नजर नहीं आता है तब नहीं चाहते हुए भी वह होटल में जाते हैं और पानी पीने के लिए कुछ ना कुछ खाद्य पदार्थ की खरीदारी करते हैं या बोतल बंद पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझाते हैं।

जार का पानी खरीदना पड़ रहा वही इसको लेकर दुकानदार दिनेश साह,बबलू पटेल,मिथुन कुमार,मुन्ना रावत,विजय राम कहते हैं कि पास में कोई चापानल नहीं होने से जार खरीद कर पानी पीते हैं।पास में एक चापानल भी है तो वह खराब पड़ा है। वह ठीक भी रहता है। तो पानी उपयोग नहीं कर सकते क्योंकि चापानल दुकान से दूर है। पानी की समस्या होगी खत्म कहते पतसंडा मुखिया ललिता देवी पानी की समस्या तो है जिन-जिन जगहों पर चापानल की आवश्यकता है।उन जगहों को चिन्हित कर पीने के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक प्याऊ के लिए भी जगह चिन्हित किया जा रहा है। जगह मिलने पर आम लोगों के लिए प्याऊ लगाए जाएंगे।

कब हम अपने पृथ्वी के प्रति जागरूक होगें

प्रात : किरण संवाददाता

कहते है इंसान जहां अपना निवास स्थान बनाता है उसे बनाने के लिए पूरा जीवन भर का कमाई लगा देता है, ताकि वे अपने और अपना परिवार के साथ शेष जीवन सुरक्षित रूप से जी सकें।लेकिन यह कैसी विडंबना है की जिस पृथ्वी पर हमारा जीवन है उसे ही लगातार क्षति कर भविष्य में सुरक्षित जीवन का कामना कैसे कर सकते है। बार बार प्रकृति खतरनाक संकेत दे रही है फिर भी लोग इसके प्रति जागरूक नही हो रहे है। आज 22 अप्रैल के दिन दुनियाभर में पृथ्वी दिवस मनाया जा रह है। इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन उत्सर्जन काफी बढ़ा है। इसका बुरा असर हमारी पृथ्वी पर पड़ रहा है। इस कारण पृथ्वी दिवस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस वर्ष 2024 विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है । आज हमारे पर्यावरण,नदियों वातावरण यहां तक कि हमारे खाद्य पदार्थ में प्लास्टिक पूरी तरह से समा चुका है। यह थीम इसके निपटारे के लिए सामूहिक प्रयास को दशार्ती है। यह पृथ्वी दिवस प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल खत्म करने और सामूहिक रूप से पृथ्वी के प्रति सजग होकर कार्य करने की अवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधन हो या हरे भरे जंगल इसकी क्षति 21वीं सदी में जितनी नहीं हुई है उतना पिछले दो दशक में हो चुकी है। इस पर हर लोगो को चिंतन करना इसलिए भी आवश्यक हो गया है की वर्तमान में जिस प्रकार जिस प्रकार हिट वेब का सामना बिहार में करना पड़ रहा है उससे आम जनजीवन पूरी तरह हस्त व्यस्त हो गया है। बिहार के वन विहीन क्षेत्र शेखपुरा जिला के लोगो को कल 44.1 डिग्री सेल्सियस का सामना करना पड़ा है और इसके साथ बांका और जमुई सहित 11 जिला भी लू के चपेट में रहा है। मौसम विभाग भी दोपहर 12 से 3 बजे बाहर नही निकलने का चेतावनी दी गई है।

सम्पादकीय

खामोश चुनाव के मायने

आम चुनाव, 2024 के प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। कुल मतदान शनिवार की रात्रि 11 बजे तक करीब 65.5 फीसदी रहा। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उप्र और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है।

आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं...

अवधेश कुमार

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है। कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी। विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है। व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है। यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है? यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है। कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लड़की को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए। बावजूद देशव्यापी व्याप्त अंतधार्रा क्या है? 10 वर्षो की नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की स्वयं की छवि, वर्षो तक संगठन परिवार द्वारा हिंदू समाज के बीच किए गए सकारात्मक कार्य, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, विरोधियों द्वारा हिन्दुत्व को लेकर उपेक्षा या प्रहार का व्यवहार तथा अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए विपक्षी दलों की प्रतिस्पर्धा भाजपा के पक्ष में ऐसा आधार बनाती है जिसका कोई विकल्प नहीं। भाजपा के समर्थकों में एक बड़ा वर्ग विचारधारा के कारण जुड़ाव रखता है और पिछले कुछ वर्षो के कायरे के कारण हिन्दुओं के अंदर हिन्दुत्व एवं भारतीय राष्ट्रभाव की चेतना प्रबल हुई है। वह बहस करते हैं कि आखिर भाजपा नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बनता और ऐसी प्राण प्रतिष्ठा होती? वे धारा 370 से लेकर समान नागरिक संहिता, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून आदि की चर्चा करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून का तो आईएनडीआईए के ज्यादातर दलों ने विरोध किया है। उन्हें लगता है कि घातक अल्पसंख्यकवाद पर अगर किसी पार्टी की सरकार द्वारा नियंत्रण लगा है तो भाजपा ही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रभावों के कारण जिन माफियाओं पर सरकारें उनके समुदाय के कारण हाथ डालने से बचती थी, वे मटियामेट हुए हैं, सड़कों पर नमाज पढा बंद हुआ है। स्वाभाविक ही उन्हें लगता है कि आने वाले समय में कोई पार्टी अगर इन सब पर काम कर सकती है तो वह भाजपा ही है। दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं विकास को मोदी सरकार ने जिस तरह से व्यावहारिक रूप दिया है उसका बड़ा आकषर्ण समाज के हर वर्ग में है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ते का परिदृश्य

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढे से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है।

डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढे से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढे से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है।

सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढे के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

जनता किस पार्टी के साथ जायेगी - 4 जून को मतगणना होने के बाद ही पता चलेगा

तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इंडी गठबंधन के हिस्से के रूप में केन्द्र में तृणमूल की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ ही एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जायेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारत को मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 3+ करोड़ और पक्के मकान बनाने, घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गगनयान की सफलता से अंतरिक्ष में नया इतिहास रचने, देश में बुलेट ट्रेन लाने, बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुविधा देने जैसे वादे कर रहे है। तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर मनरेगा के तहत मानदेय 400 रुपये करने, सभी बीपीएल परिवारों को एक साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देने, दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने और प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उनके निवास स्थान पर पांच किलो मुफ्त राशन पहुंचाने

जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार है

लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपना अपना घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सभी पार्टियों ने केन्द्र में उनकी सरकार बनने पर इसे लागू करने की बात कही है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इंडी गठबंधन के हिस्से के रूप में केन्द्र में तृणमूल की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ ही एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जायेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारत को मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 3+ करोड़ और पक्के मकान बनाने, घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गगनयान की सफलता से अंतरिक्ष में नया इतिहास रचने, देश में बुलेट ट्रेन लाने, बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुविधा देने जैसे वादे कर रहे है।

तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर मनरेगा के तहत मानदेय 400 रुपये करने, सभी बीपीएल परिवारों को एक साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देने, दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने और प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उनके निवास स्थान पर पांच किलो मुफ्त राशन पहुंचाने, 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपये प्रति माह पेंशन दने, सभी नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवर देंने, लक्ष्मी भंडार योजना को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने (जिसके तहत महिलाओं को एक निर्धारित मासिक राशि दी जायेगी), 25 वर्ष तक के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक युवाओं को मासिक स्टाइपेंड के साथ एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप (किसी भी क्षेत्र में ट्रेनिंग) देने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 लाख रुपये तक का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि तीन गुना बढ़ाने का वादे किए गए हैं।

वहीं कांग्रेस अन्य वादों के अलावा भारत के संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 28, 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। अनुच्छेद 15 और 16 का विस्तार करेगी। 2025 से महिलाओं को विधान सभाओं में एक तिहाई आरक्षण देगी..।

राजद ने अपनी घोषणा पत्र में केन्द्र में एक करोड़ नौकरी देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की सहायता देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, 200 यूनिट फ्री बिजली देने, स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिश लागू करने, सेना में 4 वर्षीय अग्निवीर योजना को बंद करने. जैसे वादे किए गए है।

घोषणा पत्रों के मुख्य विंदुओं को देखने से यह संशय उत्पन्न होता है कि जनता का रूख किस ओर जायेगी यह कहना मुश्किल है। लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि बुद्धिजीवियों के वर्ग जो वैश्विक विचार रखते हैं उनका रुख निश्चित ही भाजपा की ओर घूमेंगी। वहीं जिनका विचार संविधान से प्रेरित रहता है वे कांग्रेस की ओर, और जो आरक्षण पर विश्वास रखता है या मुफ्त सहायता चाहता है उनका रूख अन्य पार्टियों की ओर जायेगा। सात चरण में होने वाले चुनाव में पहली चरण का मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हो गया है। शेष 6 चरण का मतदान 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होगी। मुझे लगता है कि इस लंबी अवधि में मतदाताओं को पार्टियों की घोषणा पत्र को समझने का समय मिल जायेगा और ऐसी स्थिति में मतदान समाप्त होने तक पार्टियों की स्थिति में उतार चढ़ाव आयेगा और चुनाव परिणाम क्या होगा किस पार्टी की ओर जायेगा यह पहले चरण से सातवें चरण तक हुए मतदानों की गिनती 4 जून को होने पर ही पता चलेगा।

चुनाव में फसूकर डालती रानी-महारानी....

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा में जाने के लिए चुनाव लड़ रहे मध्यप्रदेश के राजा हों या महाराजा अपनी जीत को लेकर एकदम बेफिक्र नहीं हैं। इसीलिए राजा हों चाहे महाराजा उन्हें जिताने के लिए उनके बीबी-बच्चे तक चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे है। बुंदेलखंड में इसे फसूकर डालना भी कहते हैं। मध्यप्रदेश की 29 में से दो सीटें गुना और राजगढ़ इन दिनों सुर्खियों में है। गुना से सिंधिया राजघराने के प्रमुख केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है। 2019 में इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी और उनके पास से अजेय होने का तमगा छीन लिया था। 2024 में वे भाजपा के ही प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है लेकिन ज्योतिरादित्य को शायद भाजपा के फौज-फांटे पर यकीन नहीं है इसलिए उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अपनी पत्नी महारानी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे , बेटे महाआर्यमन को भी मैदान में उतार दिया है। सिंधिया परिवार में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने परिजनों का इस्तेमाल करने की हालाँकि बहुत पुरानी परम्परा है। राजमाता विजया राजे सिंधिया के चुनाव में उनके बेटे माधवराव सिंधिया 1971 से पहले भीड़ को आकर्षित करने के लिए युवा महाराज के रूप में उतारे जाते थे। 1984 के चुनाव के बाद खुद माधवराव सिंधिया के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती माधवी राजे और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र कुल १४ साल की थी। इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी बाजपेयी को पराजित किया था। पिछले चुनाव में पराजय का सामना कर चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी हैं किन्तु उन्हें भाजपा कार्यकताओं पर पूरा भरोसा नहीं है, क्योंकि भाजपा ने निवर्तमान सांसद केपी यादव का टिकिट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया को यादवों में विद्रोह की आशंका है। इसीलिए उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी पत्नी प्रियदर्शनी राजे और बेटे महाआर्यमन सिंधिया को मैदान में उतारा है। दोनों इलाके में दीवार लेखन से लेकर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क करने में दिन -रात एक किये हुए हैं। सिंधिया परिवार के सदस्यों के प्रति इलाके के मतदाताओं में आकर्षण आज भी बरकरार है। आपको बता दूँ कि सिंधिया पिछले चुनाव में एक लाख बीस हजार वोटों से हारे थे। गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने 6 और पिता माधवराव सिंधिया ने 4 चुनाव जीते थे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को लगातार चार बार जीता था। मध्यप्रदेश में दूसरा दिलचप चुनाव राजगढ़ में हो रहा है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वे 31 साल बाद राजगढ़ वापस लौटे है। दिग्विजय सिंह ने यहां से पहला लोकसभा चुनाव 1984 में लड़ा था और आखिरी 1991 में। बाद में उनके भाई लक्ष्मण सिंह ने यहां से ४ चुनाव कांग्रेस के टिकिट पर और एक चुनाव 2004 में भाजपा के टिकिट पर जीता था। 2009 के चुनाव में भी ये सीट कांग्रेस के पास ही थी लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से ये सीट छीन ली थी। अब यहां से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर से है। दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में उनका बेटा जयवर्धन सिंह अपने आठ साल के बेटे के साथ मैदान में था। पौत्र के चुनाव प्रचार पार उँगलियाँ उठीं तो अब

संक्षिप्त खबरें

अग्निकांड में कई झोपड़ियां जलकर हुई राख

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के विश्वंभरपुर गिरी टोला में हुई अग्निकांड में आधा दर्जन झोपड़ी तथा भुसौल जलकर राख हो गई। वहीं झोपड़ी में बांधी गई गाय बछड़ा की भी जलने से मौत हो गई।पीड़ितो में बालेश्वर भारती,शैलेंद्र गिरी,बिगन गिरी,लगनदेव गिरी तथा आनंद गिरि शामिल है।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अचानक एक झोपड़ी में आग लगी और देखते ही देखते तेज हवा के साथ आग फैलकर लगभग आधा दर्जन झोपड़ी एवम कई भूसौल को अपने चपेट में ले लिया।हालांकि आग की खबर फैलते ही ग्रामीणों ने मोटर तथा ट्यूबवेल की मदद से आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक कई भुसौल में रखे भूसा और गेहूं जलने के साथ ही एक गाय बछड़ा की भी जलकर मौत हो गई।वही राजस्व कर्मचारी के द्वारा मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया जा रहा था।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के अचलपुर चंवर स्थित सुल्तानपुर-अचलपुर पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से के युवक की मौत हो गई।मृतक अचलपुर निवासी रामनरेश राम का 37 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार राम बताया जाता है।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविवार की देर शाम सुल्तानपुर बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर वापस आ रहा था।इसी बीच किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जिसके उपरांत ग्रामीणों की नजर पड़ने के पर पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया।मृतक दो भाइयों में बड़ा था।वही दो लड़की तथा एक लड़का है।परिवार के जीवन यापन के लिए शहर में मजदूर का काम करता था।घटना के उपरांत पत्नी पूजा देवी समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

अगलगी की घटना में हजारो का सम्मान जलकर हुआ राख

परसा।नगर पंचायत परसा बाजार वार्ड 11 के पोझी गांव में अचानक दलान में आग लग गई. जिसमें रखे गेहूँ कपड़ा बर्तन समेत हजारो का सम्मान जलकर राख हो गया. अग्नि पीड़ित पोझी गाव निवासी धुरेन्द्र राय ने बताया कि रविवार की देर रात दलान में सोए हुए थे कि अचानक आग लग गई.वही ग्रामीणों के सहयोग से चापाकल पम्पइसेट लोटा बाल्टी से काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया.आग पर काबू पाया जाता तबतक सारे सम्मान जलकर राख हो गया.इस दौरान एक गाय बाल बाल बच गया.घटना की सूचना सीओ को दिया गया है

आग लगने से पांच व्यक्तियों का घर जलकर राख

बेतिया(घनश्याम)।बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर दस में रविवार के रात्रि अचानक आग लग जाने से पांच व्यक्तियों का घर जलकर राख हो गया जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर खाक हुई है रविवार की रात्रि आग प्रमोद मुखिया के बगला से लगा और बिंदा मुखिया ,प्रमोद मुखिया, योद्धा मुखिया, लालू मुखिया, हीरा मुखिया, के घर जलकर खाक हो गया हालांकि आग कैसे लगा यह स्पष्ट नहीं हो रहा है ग्रामीणों के द्वारा काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया हालांकि अग्नि शामक की गाड़ी भी पहुंची एवं आग बुझाया गया।

विधि व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया के तहत विभिन्न निर्धारित महत्वपूर्ण अवसरों पर सामान्य विधि व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने आज विभिन्न संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बताया गया कि जिला में बेहतर यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से दो दिन पूर्व भारी वाहनों के परिचालन का रूट एवं समय को रेगुलेट करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को इसका अनुपालन कराने हेतु महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिये गए हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को फिलहाल 7 दिनों के लिये लिये गये इस प्रायोगिक निर्णय को प्रभावी बनाने का निदेश दिया गया। सीसीए के तहत पारित आदेश के आलोक में जिस भी व्यक्ति द्वारा संबंधित थाने में निर्धारित तिथि को अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जायेगी, उनके विरुद्ध समाहर्त्ता द्वारा वारंट निर्गत किया जायेगा। जिन शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों द्वारा अपने शस्त्रों का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है, उनकी नाम-पता सहित सूची उपलब्ध कराने का निदेश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। इन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को नियमानुसार रद्द/निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी। शस्त्र दुकानों के भौतिक सत्यापन के क्रम में उनसे अनुज्ञप्ति धारकों को बेचे गए कारतूस की जानकारी ली जा रही है। जिसका सत्यापन सभी संबंधित क्रेताओं से किया जा रहा है। सत्यापन में कोई भी भिन्नता पाये जाने पर ऐसे शस्त्रों को नियमानुसार जमा कराने/जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। नामांकन हेतु सारण एवं महाराजगंज के लिये निर्धारित तिथियों एवं अवधि में समाहरणालय परिसर के दोनों तरफ थाना चौक एवं म्युनिसिपल चौक के बीच सामान्य यातायात अवरुद्ध रहेगा। नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशी दोनों चौक से आगे समाहरणालय के प्रवेश द्वार तक अधिकतम 3 वाहन के साथ आ सकते हैं। समाहरणालय के प्रवेश द्वार से पैदल निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष तक जायेंगे। निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष में प्रत्याशी सहित अधिकतम 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्याशी या उनके साथ आने वाले विशिष्ट व्यक्ति को दी गई निर्धारित श्रेणी की सुरक्षा के तहत अनुमान्य सुरक्षा पदाधिकारी/कर्मी उनके साथ समाहरणालय परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन के अवसर पर प्रभावी की जाने वाली व्यवस्था को लेकर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सारण लोकसभा के लिये 26 अप्रैल से 3 मई की अवधि में 27अप्रैल, 28 अप्रैल एवं 1 मई को छोड़कर शेष दिन प्रातः11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। महाराजगंज लोकसभा के लिये 29 अप्रैल से 6 मई की अवधि में 1 एवं 5 मई को छोड़कर शेष तिथियों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। ईवीएम एवं कर्मियों के डिस्पैच के अवसर पर भी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

प्रधानमंत्री के पक्ष बिहार में अदभुत लहर : गोपाल नारायण सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने बेगूसराय दरभंगा लोकसभा क्षेत्र का दौरा के पश्चात महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के एकमा विधानसभा क्षेत्र के एकमा के विमल रेडेसी रेस्टोरेंट में पार्टी कार्यकताओं के साथ एक बैठक की इस दौरान स्थानीय पत्रकारों से कहा कि बेगूसराय व दरभंगा में भाजपा प्रत्याशी से कोई लड़ाई नहीं है । वहां पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में अदभुत लहर दिख रहा है । राज्य के हर चौक चौराहे पर तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों स्थान पर इस बात कि चर्चा हो रही है कि मोदी ही एक सख्त व्यक्ति है जो जाति बंधन से ऊपर उठकर सभी धर्म के लोगों के मान सम्मान दिलाने में कहीं से पीछा नहीं है । उनके दस सालों के कार्यकाल से देश ही नहीं पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया है । वहीं पिछड़े दलितों एवं किसानों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजना चलकर उनका सम्मान बढ़ाया है। पत्रकारों ने सवाल किया कि अभी तक महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा आज तक नहीं हुई। अन्य संभावित निर्दलीय प्रत्याशी कह रहे हैं कि सांसद सिग्रीवाल को हराने की बात कर रहे हैं। इस पर श्री सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने आप को जरूर से ज्यादा समझने लगे तो उसकी अहंकार बोल रही है । इसके पश्चात रसूलपुर धानाडीह एक्सार योगिया आदि गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर आगामी चुनाव के लड़ाई लड़ने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह नगर अध्यक्ष पप्पू सिंह बलवंत सिंह चितरंजन सिंह ओम प्रकाश सिंह जितेंद्र कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

आपात बैठक कर सारण जिला वैश्य महासभा के अध्यक्ष पद से वीरेंद्र साह को किया गया पदमुक्त

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला वैश्य महासभा की आपात बैठक कर अध्यक्ष वीरेंद्र साह को अध्यक्ष पद से पदमुक्त किया गया। सुपन प्रसाद बिहारी की अध्यक्षता में प्रदीप कुमार गुप्ता के निवास स्थान कटहरी बाग में वैश्यों की आपात बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि अध्यक्ष पद पर रहते हुए वीरेंद्र साह मुखिया ने पद का दुरुपयोग किया है। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष पद से वीरेंद्र साह मुखिया को पदमुक्त किया जाएँ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुपन प्रसाद बिहारी ने कहा कि तत्काल प्रभाव से वर्तमान अध्यक्ष को सर्व सहमति से पद मुक्त किया गया है। जल्द हीं चुनाव कर नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। बैठक का संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। बैठक में सुपन प्रसाद बिहारी को सर्व सम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया वैश्य समुदाय ने किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपना समर्थन अभी तक नहीं दिया है। जहाँ तक समर्थन की बात है आम सभा बुलाकर सर्व सम्मति से समर्थन की घोषणा की जाएँगी। सारण जिला वैश्य महा सभा के जिला महासचिव छट्ठी लाल ने कहा व्यक्ति से बढ़कर समाज है। कोई व्यक्ति चाह कर भी समाज को नही बेच सकता। वैश्य समाज चट्टानी एकता के साथ खड़ा है। वैश्य समाज ने समय समय अपना निर्णय समाज के हित में लिया है। जिस निर्णय को दूसरे समाज के लोगो ने भी सराहा है। इस अवसर पर बैठक में गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, छठी लाल प्रसाद, श्याम बिहारी अग्रवाल, धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, धर्मनाथ पिंटू, वरुण प्रकाश, मनीष कुमार जायसवाल, देवेश कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, पिंटू कुमार गुप्ता, राजेश फैशन, ददन प्रसाद, संजीव कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजेश नाथ प्रसाद, संजय कुमार आर्या, राज कुमार, सर्वेश कुमार, अजीत कुमार स्वर्णकार, सुजीत कुमार मोर, सुनील कुमार ब्याहुत आदि उपस्थित हुए।

विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत, घर में पसरा मातम, शराब तस्करी मामले में हुआ था गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। बेतिया जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत हों गई। इस घटना के बाद जेल प्रसाशन में भी हड़कंप का माहौल है। हालांकि, इस कैदी की मौत की वजह बीमारी बताई जा रही है। उसे पुलिस ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायिक हिरासत में ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बेतिया मंडल कारा में जिस विचाराधीन कैदी की मौत हुई उसे शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मृतक मझौलिया थाना इलाके का रहना वाला बताया जा रहा है। उसे तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल प्रसाशन में भी हड़कंप का माहौल है। बताया जा रहा है कि इस कैदी को विगत 18 अप्रैल को मुफस्सिल थाने के पुलिस ने 12 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया था। 19 अप्रैल को मुफस्सिल थाना की पुलिस ने जीएमसीएच में उसकी मेडिकल जांच कराकर उसे बेतिया मंडल कारा भेज दिया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद फिर उसका मंडल कारा बेतिया के डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी तबियत कुछ ठीक होने के बाद उसे विगत 20 अप्रैल को बेतिया मंडल कारा लाया गया था। जहां फिर से उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। रविवार की सुबह इस कैदी को फिर से मंडल कारा द्वारा बेतिया जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

मां की हत्या करने के आरोप में पुत्र को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एकादश राजेश कुमार त्रिपाठी ने मढ़ौरा थाना कांड संख्या 865/20 के सत्र वाद संख्या संख्या 421/ 22 ने अपनी सगी मां की हत्या कर देने के मामले में मढ़ौरा थाना के गौरा ओ पी के नरहरपुर बसंत गांव निवासी विकास कुमार सिंह को अंदर दफा 302 भा द वी के अंतर्गत आजीवन कारावास और अर्थ दंड की सजा सुनाई है। मृतक इंदु देवी के पति सुदामा सिंह ने 10 अक्टूबर 2020 को प्राथमिकी की दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने दशार्या था कि 10 अक्टूबर की रात्रि में वे अपनी पत्नी इंदु देवी के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे उसी समय उनका छोटा लड़का विकास कुमार सिंह शराब पीकर घर पर आया और आकर गाली गलौज करने लगा मना करने पर अपनी मां को फैट मुक्का से मरने लगा और सूचक के साथ भी मारपीट किया तभी पुत्र ने हाथ में लाठी लेकर अपनी मां की जान मारने की नीयत से उस पर वार कर दिया। चोट के कारण उनकी पत्नी वहीं बेहोश होकर गिर गई और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक गिरीश नंदन प्रसाद सिंह एवं उनके सहयोगी जैनेंद्र कुमार सिंह तथा सुधांशु कुमार सिंह ने न्यायालय में अभियोजन का पक्ष न्यायालय में रखा और डॉक्टर तथा अनुसंधान कर्ता सहित 6 लोगों की गवाही न्यायालय में कार्रवाई ।पुलिस ने 10 दिसंबर 2020 को अंतिम प्रपत्र न्यायालय में समर्पित कर दिया था।

मूल्यांकन कार्य का कुलपति ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने सोमवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन में चल रहे स्नातक प्रथम खंड परीक्षा सत्र 2021-24 के मूल्यांकन कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मूल्यांकन कार्य कर रहे परीक्षकों से पूछा कि उनको कोई समस्या तो नहीं है। कुलपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि नियमानुसार कॉपियों की जाँच हो और मूल्यांकन कार्य में शुचिता और पारदर्शिता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाय। इसके बाद कुलपति ने बहुद्देशीय परीक्षा भवन में अवस्थित स्नात्तकोत्तर विभागों का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, अंग्रेजी विभाग सहित अन्य विभागों का जायजा लिया। कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय में कक्षाओं का नियमित तौर पर संचालन किया जाय। कक्षाओं में छात्र -छात्राओं की ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित की जाय तथा सिलेबस को ससमय पूर्ण कर लिया जाय। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिशचंद भी मौजूद थे।

विहिप की बैठक में हुई चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। विश्व हिन्दू परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष सुमित कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय रामबाग बैंक्वेट , उत्तरी दहियावॉ टोला , छपरा में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से मंगलवार को होने वाले हनुमान जयंति समारोह पर चर्चा हुई । इस अवसर पर जिला मंत्री वसंत कुमार सिंह ने बताया कि इस बार भी संगठन हनुमान जयंती पूरे धूम धाम से स्थानीय धर्मनाथ धनी मंदिर परिसर में मनाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील कर कहा कि सभी को हनुमान जयंति के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए । आगे जिला सेवा प्रमुख गौतम बंसल ने बताया कि इस बार कार्यक्रम संध्या 5 बजे से शुरू होगा । सबसे पहले बजरंग दल द्वारा अखाड़ा पूजा किया जाएगा, उसके बाद सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा और अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा । उन्होंने शहर के सभी सनातनियों को इस अवसर पर आने का आमंत्रण भी दिया । बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रभात सिंह, जिला अखाड़ा प्रमुख अनिमेष पटेल सत्या , प्रदीप गुप्ता , छठ्ठिलाल , करण, आशीष आदि लोग उपस्थित थे।

पुलिस कस्टडी में महिला ने की आत्महत्या

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)। बेतिया में पुलिस कस्टडी में एक महिला ने आत्महत्या कर लिया ।महिला कों हाजत के बजाय महिला पुलिस बैरक में रखा गया था।पुलिस की बड़ी लापरवाही से महिला की जान चली गई वही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया । घटना शिकारपुर थाना का हैं। बता दे की रविवार को शिकारपुर थाना पुलिस एक विवाहिता के हत्याकांड में उसकी सास संभा देवी कों गिरफ्तार किया था जिसे सोमवार को जेल भेजा जाना था। मृत महिला संभा देवी शिकारपुर थाना क्षेत्र के महुअवा गांव की रहने वाली थी। इस पुरे मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई हैं।महिला कों हाजत के बजाय महिला पुलिस बैरक में रखा गया था जंहा महिला ने दरवाजा बन्द कर साड़ी कों फंदा बना पंखा से लटक जान दे दी।वही दरवाजा तोड़ पुलिस ने शव कों कब्जे में ले आगे की कार्यवाही कर रही हैं। घटना के बाद से पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठ रहें हैं ।गिरफ्तार महिला कों हाजत के बजाय क्यों महिला पुलिस बैरक में रखा गया था? पुलिस पर सवाल खडे हो रहें हैं इस पुरे प्रकरण में बेतिया एसपी अमरकेश डी ने बताया की महिला कों उसके बहु के हत्या मामले गिरफ्तार कर लाया गया था। तबियत कल खराब हुई थी इसलिए उसे पुलिस महिला बैरक में रखा गया था जंहा उसने आत्महत्या कर ली हैं ।वंही नरकटियागंज के अनुमंडलिय अस्पताल के प्रभारी डॉ गोविन्दचंद्र ने बताया की जब महिला कों पुलिस के द्वारा अस्पताल लाया गया लेकिन वह मर चुकी थी शव कों पुलिस कों सौप दिया गया।

पश्चिमी चंपारण जिले में आग का कहर जारी,20 एकड़ में लगी गेंहू की फसल सहित सैकड़ों घर जलकर राख

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)। पश्चिम चंपारण में अग्नि देव का तांडव लगातार जारी है ।जिले के विभिन्न प्रखंडों में अगलगी की हुई घटनाओं में अब तक हजारों लोग बेघर हो चुके हैं जो पेड़ों के नीचे या तंबू में सर छुपाने को मजबूर हो गए हैं ।इतना ही नहीं उनका सब कुछ जलकर राख हो चुका है जिनका निवाला तक छिन चुका है। इसी कड़ी में सोमवार को दोपहर योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत नवलपुर थाना के बलडीहा गाँव स्थित गेहूं की खेत में लगी लगी आग में देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और करीब 20 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

इस घटना से आसपास के गांव में कोहराम मच गया और हजारों लोग इकट्ठा हो गए तथा आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करने लगे लेकिन उनका प्रयास पूरी तरह से असफल रहा। इस अग्नि कांड में लाखों रुपए की गेहूं जलकर नष्ट हो गई और 35 किसानों की गहरी कमाई पर पानी फिर गया ।वही सूत्रों के अनुसार बीड़ी पीकर फेंकने से आग लगने की बात बताई जाती है ।इस आरोप में ग्रामीणों ने चौबे टोला निवासी बुजुर्ग गौरीशंकर महतो एवं उनकी पत्नी को बुरी तरह पिटाई कर दी ।

वहीं इसी थाने के पिपरिया ग्राम में आग लगने से लगभग 100 घर जलकर राख हो जाने की खबर है। तेज हवा के कारण कुछ भी नहीं बचाया जा सका ।इधर बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत स्थित वार्ड नंबर बस में रविवार की रात्रि अचानक आग लग जाने से पांच लोगों के घर जलकर राख हो गई ।ग्रामीणों द्वारा भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई ।बताया जाता है कि आग प्रमोद मुखिया के बंगाल से लगा और बिंदा मुखिया प्रमोद मुखिया योद्धा मुखिया लाल मुखिया एवं हीरा मुखिया का घर जलकर राख हो गया।

प्राकृतिक खेती करने वाले चार कृषकों को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र माधोपुर में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर में ह्लबदलते जलवायु परिदृश्य में प्राकृतिक खेती और इसके महत्वह्व विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले चार कृषकों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीएस पाण्डेय के द्वारा सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों को भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी माधोपुर अनुसंधान के ंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि सम्मान पाने वाले कृषकों में योगापट्टी प्रखंड के अनूप कुमार, नरकटियागंज प्रखंड के दीपेन्द्र दूबे, रामनगर प्रखंड के बच्चा सिंह तथा चनपटिया प्रखंड के बीरेंद्र यादव शामिल रहे। वहीं कुलपति के द्वारा कृषकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की गई तथा उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामना भी दिया गया। इस कार्यशाला में पूरे भारत के विभिन्न प्रांतों व विश्वविद्यालयों से आए कुलपति, वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक भी उपस्थित थे। सम्मानित हुए कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र, नरकटियागंज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ आर पी सिंह, डॉ धीरु तिवारी, डॉ चेलपुरी रामुलु, डॉ जगपाल एवं डॉ रीता देवी तथा अन्य लोगों के द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी।

सिलेंडर से निकले आग से आधा दर्जन घर जले, लाखों की संपत्ति जली

बनियापुर। प्रखण्ड के पिठौरी गांव में अचानक सिलेंडर से आग पकड़ लेने से करीब आधा दर्जन घर जल गए, जिसमे लाखों का नुकसान हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पिठौरी गांव में सोमवार को दीनानाथ राउत के घर मे बेटे की शादी में कथा मटकोर की तैयारी चल रही थी ।जिसमे गैस सिलेंडर पर प्रसाद वैगरह बन रहा था ।इसी दरम्यान गैस सिलेंडर के लौ से अचानक आग पकड़ लिया ।इसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट कर गया ।लोग जबतक समझ पाते तबतक आग अगल बगल के करीब आधे दर्जन घर आग की चपेट में आ गया। बाद में स्थानीय लोगों के सहायता से आग पर काबू पाया गया ।लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच कर आग को बुझाया गया ।घर मे शादी के लिए गहने एवम शादी के लिए अन्य सामान की खरीदारी हो गई थी ।जो कि इस आगलगी में जलकर राख हो गया ।दीनानाथ राउत के घर मे शादी के लिए कथा मटकोर का आयोजन हो रहा था ।वहाँ लड़के की अगले दिन बारात जाना था ।घर मे रखे सारे समान के जलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कार तथा बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की हुई मौत, दो अन्य जख्मी

प्रात : किरण, संवाददाता

दाउदपुर। छपरा-सिवान मुख्य मार्ग (एनएच 531) पर नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर के पश्चिम रक्षा बाबा ब्रम्ह स्थान के समीप कार तथा बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना रविवार की देर रात की बताई जाती है। मृत युवक की पहचान कोपा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के हरेंद्र यादव का 17 वर्षीय पुत्र आकाश यादव के रूप में की गई है। जबकि जख्मी लोगों में कोपा थाना क्षेत्र रामनगर के टोला निवासी जितेंद्र राय का 24 वर्षीय पुत्र देव नारायण यादव तथा छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के भरत मिलाप चौक के लालू राय के 25 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार शामिल हैं। बाद में घटना की सूचना मिलने के बाद गश्ती में निकले दाउदपुर थाने के एसआई शंकर प्रसाद अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और जख्मियों को उपचार के लिए एकमा पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी युवकों को सदर अस्पताल छपरा भेज दिया जहा गंभीररूप से जख्मी आकाश यादव की रास्ते में ही मौत हो गई। इस मामले में मृतक के चाचा योगेंद्र यादव ने भगवान बाजार थाना के समक्ष दिए अपने फर्द बयान में बताया है की उसका भतीजा आकाश एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से एकमा जा रहा था तभी दाउदपुर थाना क्षेत्र के नंदलाल सिंह कालेज के समीप अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दिया जिसके कारण उनके भतीजे की मौत हो गई जबकि दो लोग जख्मी हो गए। जिनका उपचार चल रहा है।

संक्षिप्त खबरें

मतदाता प्रतिशत में वृद्धि को लेकर निकाली गई साइकिल रैली

नोखा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के हथिनी पंचायत में लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने एवं शत प्रतिशत करने के लिए पंचायत सचिव के नेतृत्व में निकली साइकिल रैली। जिसका शुभारंभ सोमवार को हथिनी पंचायत सरकार भवन से सैकड़ों ग्रामीण मतदाता के बीच किया गया। जिस रैली के माध्यम लोगों को जागरूक करते हुए पूरे पंचायत में सचिव संजीव कुमार ने साइकिल रैली तहत लोगों से रूबरू होते हुए बताया कि वह मतदान के दिन बूथ केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़ चढ़ करें। साथ ही इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें। मौके पर विकास मित्र सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

15 लीटर देसी शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार, गई जेल

दिनारा(रोहतास) : दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी दारू के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के कोईरियां गांव में एक महिला कारोबारी दारू का बिक्री करती है। उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच मामले को सत्यापन करने के उपरांत उसी गांव की रहने वाली पुष्पा कुमारी को 15 लीटर देसी दारू साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों का दिया गया प्रशिक्षण

अरवल। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तैयारी के क्रम में मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 20.04.2024 से उमैराबाद उच्च विद्यालय अरवल में कराया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आज औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि 40 से 50 कर्मी को अलग-अलग कुल 12 कमरे में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। सभी कमरे में साउंड सिस्टम, पंखा, लाईट इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई है। मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा ईवीएम का हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। जिला पदाधिकारी द्वारा हेल्प डेस्क, मेडिकल टीम के साथ-साथ फेसिलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण किया गया। फेसिलिटेशन सेन्टर पर कुल 03 काउंटर बनाये गये है- प्रथम 214-अरवल विधान सभा के लिए, द्वितीय 215-कुर्था विधान सभा के लिए एवं तृतीय अन्य जिला के मतदान कर्मियों के लिए। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डमी पोलिंग बुथ का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नहर रोड पर लगे बैरियर में डीजे गाड़ी टकराई, डीजे ऑपरेटर की मौत

अरवल। नहर रोड पर में लगे बैरियर में डीजे गाड़ी टकराई डीजे ऑपरेटर की मौते जानकारी के मुताबिक जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बेलसार लख स्थित सोन नहर पर लगे बैरियर में डीजे गाड़ी टकरा गई जिसके ऊपर में बैठे ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल हो गयो जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 टीम को दी सूचना के उपरांत डायल 112 की टीम घायल अवस्था में युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलेर लाया गया जहां नाचुक की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दियो इस संबंध में मेहंदिया थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि एक डीजे ऑपरेटर की मौत हो गई है मृत्यु युवक की पहचान करपी थाना क्षेत्र के नादी गांव निवासी अखिलेश कुमार के पुत्र 22 वर्षीय विकास कुमार के रूप में की गई है वह अपनी साथियों के साथ डीजे लेकर दाउदनगर कि ओर जा रहा था तभी बेलसार लख स्थित नहर रोड पर लगे बैरियर में टकरा जाने से हादसा का शिकार हो गया है।

ग्राम भारती महाविद्यालय रामगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। ग्राम भारती महाविद्यालय, रामगढ़ में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में "मतदाता जागरूकता अभियान" कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार समाहरणालय कैमूर के द्वारा महाविद्यालय के नामित अम्बेसडर समन्वयक डॉ.अजय कुमार चौधरी एवं डॉ प्रेम शंकर सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 01 जून 2024 को होने वाले मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी को शत प्रतिशत सुनिश्चित करना है कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ) राधेश्याम सिंह ने कियो उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका एवं सहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही साथ मतदाताओं के लोकतंत्र के प्रति उत्तरदायित्व को लेकर भी चर्चा की। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान में युवाओं की महता भूमिका पर एंबेसडर डॉ अजय कुमार चौधरी ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और उन्होंने युवाओं का आवाह्न करते हुए कहा कि निडर और निष्पक्ष होकर मतदान करना , उनका संवैधानिक अधिकार है कार्यक्रम में खुशी कुमारी, रिया कुमारी, राहुल कुमार ,वंदना कुमारी प्रद्युम्न, मुकेश आदि छात्र-छात्राओं ने वाद विवाद पर चर्चा करते हुए मतदान की अहमियत पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ यादवेंद्र दुबे ने कियो कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ गजानंद सिंह, डॉ विनोद सिंह ,डॉ मोहन प्रसाद वर्मा डॉ मधुलता शुक्ला, डॉ. प्रियदर्शिनी सिंह, डॉ संजय खन्ना ,डॉ अमरेंद्र आर्य तथा डॉ प्रियंका यादव, भोला सिंह ,धनंजय सिंह छोटेलाल त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे अंत में डॉ विकास यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को लोकसभा निर्वाचन में 01 जून 2024 को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई।

कैमूर में नारे के साथ चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़(कैमूर)। प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता कर्मी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिविका दीदी सहकारिता कृषि विभाग आदि के द्वारा विभिन्न पंचायत के गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत के सभी मुख्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छता कर्मियों ने पंचायत के विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है।1 जुन को वोट डालकर कैमूर जिले को नंबर वन बनाना है के नारे लगाते हुए गांवों की भ्रमण कर रही थी। इस संबंध में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ केशव कुमार राय ने कहा सभी विभाग के द्वारा रोस्टरवाइज प्रखंड के 101 मतदान केंद्रों के गांवों मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने ने कहा मतदाता जागरूकता रैली में महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने ने कहा प्रखंड में पिछले बार से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

मैराथन दौड़ से मताधिकार के लिए लोगों को किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर के नोखा प्रखंड मुख्यालय से मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीड़ीओ अतुल गुप्ता ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय से शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मैराथन दौड़ के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जो आयोजित मैराथन दौड़ में नोखा की गुड़िया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लोगों को मतदान में बढ़चढ़ भाग लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम का उद्घाटन बीड़ीओ अतुल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर की। जिसका शुभारंभ प्रखंड मुख्यालय से होते हुए। नहर डग से होते हुए नगर परिषद के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर,पश्चिम पट्टी से बाईपास होते हुए पुनः प्रखंड मुख्यालय पर संपन्न हुई। अवसर पर बीड़ीओ ने बताया कि मतदाता जागरूकता में नारी शक्ति का जज्बा निष्पक्ष देखने को मिला।

ट्रांसफॉर्मर पोल को क्षतिग्रस्त करने को लेकर वाहन पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज । नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मां आस्कामिनी नगर के भारती जी गली में 200 केवीए का अधिष्ठापित ट्रांसफॉर्मर पोल तार को टाटा मैजिक वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसका वाहन संख्या-बीआर 01 जीएच 9968 है, जो भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 एवं 140 के तहत दंडनीय अपराध है । कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल के द्वारा ऊक्त वाहन पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु बिक्रमगंज थाना को आवेदन समर्पित की गई है ।जिसमे 3 लाख 50,000 रुपये का क्षति भी दशार्यी गयी है । आगे बताते चले कि वाहन द्वारा तार पोल ट्रांसफॉर्मर में धक्का मारकर विभागीय सामग्री की क्षति पहुंचाने से भारती जी गली में विद्युत आपूर्ति बंद है ।

पृथ्वी को बंजर होने से बचाने का संत ग्लोबल के छात्रों ने लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के संत एसएन ग्लोबल स्कूल में सोमवार को अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम प्रस्तुत की। अवसर पर स्कूल छात्र विवेक कुमार के संचालन में पृथ्वी की जननी मां धरती नमन पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्रार्थना का शुभारंभ श्रीगणेश धरती माता की प्रार्थना समुद्र-वसने देवी,पर्वत-स्तन-मंडिते,विष्णु-पत्नि नमस्तुभ्यं, पाद-स्पर्श क्षमस्व मे से हुआ। जिस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक गीति नाटक धरती व मानव रूपांतरण प्रस्तुत किया। जिसमें छात्र शालिनी,विवेक ने भाषण प्रस्तुत कर मां धरती की अलौकिक विशेषता का उल्लेख व छात्रा जाह्नवी ने अपनी स्वरचित कविता पाठ सहित सुप्रिया ने इंग्लिश पोएट्री आवर मदर अर्थ को नृत्य के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया।

विद्यालय की कॉर्डिनेटर सिमरन मुखिया ने बताया कि छात्र और मानव जीवन में हमें कम से कम पांच वृक्ष अवश्य लगाने की शपथ लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नेहा छेत्री ने अवसर पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। विद्यालय उप प्राचार्य विकास राय ने पृथ्वी की वैज्ञानिक संरचना का उल्लेख करते हुए पृथ्वी संरक्षण हरियाली को बचाने पर प्रकाश डाला।

जबकि विद्यालय निदेशक प्रकाश आनंद ने श्लोक प्रस्तुत करते हुए कहा कि सागर से सीखो जी भरकर लहराना , प्रकृति नहीं सिखाती किसी को ठुकराना , इसे बस आता है सबको अपनाना। जो इस साल की पृथ्वी दिवस ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम को आधारित है। जो थीम प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे पर प्रकाश डालती है। जो आज हमारे ग्रह निवासियों को नुकसान पहुंचा रहा है। जो 2024 पृथ्वी दिवस का मुख्य लक्ष्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण से प्लास्टिक कचरे खत्म करने के लिए लोगों जागरूक होना जरुरी है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत बीडीओ के नेतृत्व में साईकिल रैली का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। रजनी कान्त पाण्डेय रिपोर्ट : रोहतास जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश के आलोक में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के चिकसिल पंचायत एवं बुढ़वल पंचायत में स्वीप कार्यक्रम तहत सभी गतिविधियां कराई गई ।

जिस कार्यक्रम में डोर टू डोर मतदान संवाद,विद्यालय में पेंटिंग,चित्रांकन व रंगोली के माध्यम से मतदाता को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया । वहीं चुनाव का पर्व देश का पर्व, मतदाता जागरूकता रैली,साईकिल रैली का आयोजन किया गया । स्वीप कार्यक्रम के मुख्य उदेश्य के बारें में बीडीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करना, महिला मतदाताओं के लिए अधिक सुगम, अधिक आकर्षक एवं अधिक अनुकूल बनाना,सभी मतदाताओं में विशेषकर महिला , युवाओं, दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के बीच मताधिकार के प्रयोग से आत्मगौरव की भावना जगाना तथा शत-प्रतिशत जनभागीदारी सुनिश्चित कराना, मतदाताओं की जिम्मेंदारी एवं कर्तव्य की भावना को प्रेरित कराना है । उन्होंने कहा कि चिकसिल पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुरूर एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका ,आशा कार्यकर्ता, जीवीका दीदी बीएलओ, छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । मौके पर बुढ़वल स्कूल के प्रधानाध्यापक जितेंद्र पांडेय , कुरुर स्कूल के प्रधानाध्यापक कृष्णा कुमार , प्रमोद पांडेय ,अजमल अंसारी ,अनिल कुमार पासवान , वकील प्रसाद,अनूप कुमार ,मनोरंजन कुमार, प्रियंका , श्वेता ,मुकेश ,शैलेंद्र ,घनश्याम सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

भंडारे के साथ श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा के आदर्श ग्राम रघुनाथपुर में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हो गया । श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार आवाहित देवी-देवताओं के पूजनोपरान्त पूणार्हुति सम्पन्न कराया गया । इस दौरान यज्ञ भगवान के उद्घोष से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा और यह सिलसिला सारे यज्ञादि कर्मोपरान्त जारी रही ।

बताते चलें कि इस महायज्ञ को लेकर क्षेत्रीय व आसपास के लोगों में काफी उत्साह व्याप्त था । लोगों का कहना है कि इस महायज्ञ में पूजन,अर्चन एवं कथा श्रवण से उनका जीवन धन्य हो गया ।

इस महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात आयोजित महाआरती कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया । लोगों की अवधारणा है कि महाआरती में शामिल होने मात्र से ही प्राणी भवमुक्त हो जाता है । जिसका नजारा महाआरती के दौरान दृष्टिगोचर हुआ । आयोजित इस महायज्ञ के समापन के बाद सोमवार को यज्ञ समिति के द्वारा वृहद भंडारा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के आयोजक मंडली के साथ साथ यज्ञ समिति अध्यक्ष जितेंद्र पाण्डेय की अहम भूमिका निभाई जिस कारण से पूरे यज्ञ पूणार्हुति खुशी खुशी समाप्त ।जिसमें हजारों-हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया ।

रेडीमेड दुकान में लगी आग,लाखों की संपति जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड चांदी चौक स्थित एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना सोमवार दोपहर 12 बजे के बाद की है। आग इतनी भयावह थी कि जबतक लोग उसे बुझा पाते तब तक आग ने पूरी दुकान को जलाकर स्वाहा कर दिया। अगलगी की इस घटना में लाखों की संपत्ति स्वाहा हो गई है। दुकान सकड्डी पंचायत के नरही की पूर्व सरपंच रिंकी देवी के बेटे विक्रांत सिंह की द लग्जरी वर्ल्ड शोरूम थी जो अगलगी में पूरी तरह स्वाहा हो गयी। आग कैसे लगी कारणों का पता लगाया जा रहा है ।मिली जानकारी के अनुसार नरही निवासी विक्रांत सिंह की चांदी चौक पर कपड़े की दुकान द लग्जरी वर्ल्ड अवस्थित थी। दोपहर 12 बजे के बाद दुकान में अचानक धुआं दिखाई दिया। जबतक दुकान के कर्मी और मालिक कुछ समझ पाते आग ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया और विकराल रूप धारण कर लिया। आनन फानन में इसकी दुकान मालिक ने इसकी सूचना चांदी थाने और अग्निशमन को दी। जिसके बाद चांदी थाना और अग्निशमन की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगी। हालांकि जबतक आग पर काबू पाया जाता तबतक आग ने दुकान की लगभग सारी संपति जलाकर स्वाहा कर दिया था।

उपेंद्र कुशवाहा ने किया क्षेत्र का भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट विधानसभा के अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया । उनमें अमाथू , मोरौना , इंद्रार्थ खुर्द ,कस्तर महादेव , धावां, जमोढीं , बसगितिया सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया । भ्रमण के क्रम में कस्तर महादेव मंदिर के समीप एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । इस सभा में प्रत्याशी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाने का आग्रह किया । इस भ्रमण के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सह राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, जिला के मंत्री कपिल सिंह, काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह ,पूर्व जिला अध्यक्ष मदन वैश्य, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश सिंह ,मालती कुशवाहा ,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ बलिराम मिश्र , जिला उपाध्यक्ष यदयू बिरेंद्र सिंह कुशवाहा,महिला मोर्चा अध्यक्षा रूबी देवी , उमेश कुशवाहा ,संजय वर्मा ,विजय चौधरी, माधव केसरी, संजय राम सहित अन्य लोग थे ।

16 जून को आदि गंगा पुनपुन महोत्सव

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी पुनपुन बटाने के पावन संगम तट पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णुधाम के समीप आदि गंगा पुनपुन माता मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव 16 एवं 17 जून को आयोजित की जाएगी ।इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के संस्थापक पुजारी देवबली सिंह ने बताया कि 16 जून को गंगा दशहरा के मौके पर पुनपुन माता एवं अन्य सभी देवी देवताओं का षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया जाएगा। तत्पश्चात पुनपुन माता के महिमा एवं उनके गरिमा विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है ।संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है ।वही 17 जून को हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है जबकि संध्या में सम्मान समारोह एवं विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी ।महोत्सव आयोजन समिति के आयोजक ने बताया कि यह महोत्सव लगातार 20 वर्षों आयोजित की जा रही है। इसकी शुरूआत 2004 में की गई थी तब से लेकर आज तक इसकी निरंतरता को बरकरार रखते हुए महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।

शादी समारोह में वर और वधु पक्ष के बीच मारपीट में तीन जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर में रविवार की देर रात शादी समारोह में वर और वधु पक्ष के बीच जमकर मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गये। इसकी सूचना मिलते ही चांदी पुलिस मौके पर पहुंच सभी जख्मियों को इलाज के लिए पीएचसी कोईलवर ले आयी। जानकारी के अनुसार चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर में बड़हरा के बिन्दगांवा से बारात पहुंची थी। बाराती मनोरंजन के लिए महिला नर्तकी को साथ लाये थे। इस दौरान गांव के लोगो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्तकियों के साथ हूटिंग किया जाने लगा। विरोध करने पर गांव के कुछ शरारती लड़के बारातियों में आये लोगो के साथ उलझ गए जिसके बाद देखते ही देखते वर और वधु पक्ष के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में जहां वधु पक्ष की ओर से दो लोग जख्मी हुए हैं वही वर पक्ष की ओर एक युवक घायल हो गया। जख्मियों में फरहंगपुर निवासी चुन्नू सिंह के 19 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और बिन्दगांवा निवासी प्रल्हाद सिंह के 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार सिंह शामिल है। घटना को लेकर चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षो की ओर से फिलहाल कोई आवेदन नहीं मिला है।

नगर निगम क्षेत्र में लू से बचने के लिए पनशाला स्थापित कराए गए : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।गर्म हवाएं एवं लू से बचने के लिए नगर आयुक्त नगर निगम गया नगर आयुक्त अभिलाष शर्मा के द्वारा गया नगर निगम के विभिन्न स्थलों पर पनशाला स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम के निम्न स्थलों पर पनशाला का अधिष्ठापन किया जाएगा। गांधी मैदान रैन बसेरा ,1 गांधी मैदान रेन बसेरा 4, राय काशीनाथ मोड, समाहरणालय के सामने, पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड के समीप, आजाद पार्क, टावर चौक, नई गोदाम पंप हाउस के निकट ,गया जंक्शन के निकट ,सरकारी बस स्टैंड ,गया कॉलेज, गया क्लब ,मिर्जा गालिब कॉलेज के नजदीक, चंद चौरा, बाईपास ,सिकरिया मोड़ खालिस पार्क आदि स्थलों पर पनशाला का संचालन किया जाएगा। रेन बसेरा गांधी मैदान संख्या 1 एवं रेन बसेरा गांधी मैदान संख्या 4 में आज से ही पनशाला का संचालन किया जा रहा है। पनशाला में शुद्ध पेयजल के अतिरिक्त ङ्क.१.२ की भी व्यवस्था रहेगी साथ ही साथ कुछ स्थलों पर कूलर एवं बेड की भी व्यवस्था की जाएगी। गर्म हवाएं एवं लू से बचने हेतु नगर आयुक्त ,गया नगर निगम के द्वारा आम जनों से आपदा विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने एवं निम्न उपाय करने की अपील की गई - जितनी बार हो सके पानी पियें, सफर के दौरान पानी हमेशा साथ रखें, बाहर निकलते समय हल्के रंग का सूती कपड़ा एवं ढीले ढाले कपड़े पहने, टोपी गमछा एवं जूता चप्पल पहन कर ही घर से बाहर निकले, अधिक पानी वाले फलों का सेवन करें ,अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना तथा खस को शामिल करें ।घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक चीनी का घोल , छाछ, नींबू पानी ,आम पन्ना आदि का नियमित सेवन करें तथा जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकले।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दिनांक 22को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अमृतेंदु घोषाल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. उमा शंकर सिंह, डॉ. किशोर पासवान, डॉ. राजेश रंजन पांडेय , डॉ. नीरज कुमार आदि ने स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाते हुए अपनी अपनी सारगर्भित बातें रखीं तथा स्वयंसेवकों के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया है। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित करने के लिए और पृथ्वी को प्रदूषण से बचने के लिए एक सार्थक किया गया है। हमें अपनी पृथ्वी को हरा भरा रखना पड़ेगा तभी जाकर हम ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण जैसे गंभीर परिस्थितियों से बच सकते हैं आदि बातों पर विशेष जोर दिया गया है। एन एस एस टीम लिडर प्रितम कुमार, विक्रम, सुजीत, अभिनव आदि स्वयंसेवकों ने भी अपनी अपनी बातें रखीं हैं।

नाजरथ एकेडमी स्कुल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।नाजरथ एकैडमी गया में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया है। इस मौके स्कुल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे आशुभाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ का संदेश दिया है। वी.के. संजय कुमार ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। स्कूल के प्रधानाध्यापिका सिस्टर अनीता ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों ने पेंटिंग व अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया है।

हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया समीक्षा बैठक

गया। हज यात्रा 2024 का आयोजन को लेकर आज मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में गया जिला, पटना जिले एव जहानाबाद जिला के डीएम एव एसएसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया है ।मुख्य सचिव बिहार ने बताया गया कि इस वर्ष हज यात्रा शुरूआत दिनांक 09 मई से 25 मई तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। गया एयरपोर्ट से लगभग 1100 लोग हज को जाएंगे। मुख्य सचिव ने गया जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम को बधाई दिया और कहा कि पिछली वर्ष गया में हाजियों के लिये काफी अच्छी व्यवस्था का इंतेजाम की गई थी। माइक्रोप्लान बनाकर क्लोज मोनिटरिंग डीएम के द्वारा की गई थी। इस वर्ष भी हाजियों के लिये पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखवाने को कहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने हज यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया है ।पूर्व वर्ष एयरपोर्ट पर हज यात्रियों के सुविधा हेतु आवासन, शुद्ध शीतल पेयजल, शौचालय, स्नानागार, कूलर की व्यवस्था, पर्याप्त रौशनी साथ ही साथ वजूखाना, नमाजगाह, इत्यादि की मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। इस वर्ष भी पूर्व वर्ष की भांति हज यात्रियों की सुविधा उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हज भवन से गया ऐरपोर्टपर जाने की पूरी व्यवस्था का प्रारूप तैयार कर ले। मखदुमपुर जहानाबाद के समीप पानी, टॉयलेट,रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था रखा जाय। ट्रैफिक व्यवस्था पूरा दुरुस्त रखे। अधिकांश हज यात्री बुगुर्ज रहते हैं इसे लेकर स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्था पूरी तरह अनुकूल रखे। अति आवश्यक टाइप के सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता रखे। हज यात्रा के पहले हाजियों का टीकाकरण किया जाता है, इसे हर हाल में तय समय के अंदर करवा लें। गया एयरपोर्ट के बाहरी परिसर में हाजियों के ठहराव के लिये पंडाल, टॉयलेट,पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की जाती है, इसके लिये अभी से ही प्लान तैयार कर कार्य करवाना शुरू कर ले।

संक्षिप्त खबरें

नकली तार एंव ईलेक्टोनिक्स पार्ट्स बरामदगी मामले मे एफआईआर दर्ज

घोड़ासहन। मुम्बई से आये एंकर कम्पनी कम्पनी के जांचकर्ता की शिकायत पर स्थानीय बाजार घोड़ासहन बाजार स्थित रविवार की देर शाम दो अलग -अलग इलेक्ट्रॉनिक्स दूकानो में की गयी छापेमारी के दौरान बरामद नकली तार तथा ईलोक्ट्रोनिक्स पार्ट्स मामले मे अंततः सोमवार प्राथमिकी दर्ज करायी गयी ।थानाध्यक्ष संभू कुमार ने पुष्टि करते बताया कि एंकर कंपनी के कथित नकली तार सहित इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स बेचे जाने की सूचना पर पहुची संबधित कंपनी की जांचकर्ता के बयान पर उक्त कारवाई मे तार व अन्य ईलोक्ट्रोनिक्स पार्ट्स की बरामदगी की गयी है , वही एफआईआर दर्ज कराया गया है। बताया कि मामले मे अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है ।गौरतलब हो कि छापेमारी स्थानीय आर.के इलेक्ट्रॉनिक एवं अकाश इलेक्ट्रिकस प्रतिष्ठान मे की गयी थी ।इधर कारवाई के बाद नकली समान बेचने वालो दूकानदारो के बीच हड़कंप व्याप्त है।

बिजली की चिंगारी से बांसवारी में लगी आग

रक्सौल ।अनुमंडल के रामगढ़वा पंचायत के वार्ड नम्बर 14 में सोमवार की दोपहर बिजली ट्रांसफर से निकली चिंगारी से लगी आग से करीब दो दर्जन बांस तथा बगल में अवस्थित मोबाइल टावर की चार्जिंग प्लेट जल कर राख हो गयी ।अचानक हुई अगलगी के कारण आसपास मुहल्ले के ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई ।वही ग्रामीणों ने इसकी सूचनाउप प्रमुख अरविंद पांडेय को दी ,जहाँ उप प्रमुख ने सबसे पहले बिजली सप्लाई को बंद करावाया तथा अग्निशमक कर्मियों को सूचना दी ,सूचना मिलने के बाद अग्निशमक वाहन व कर्मी घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया ।दूसरी ओर भैंसड़ा गांव के सरेह में बाँसवाड़ी में आग लगने से सैकड़ो बांस जल कर राख हो गया।

अग्नि पीड़ित परिवार को कैंप लगाकर किया गया उपचार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के भुसवर बसौना वार्ड 03 में अग्नि पीड़ित परिवारों को कैंप लगाकर मुफ्त उपचार किया गया। यह कैंप सीएससी विभूतिपुर के द्वारा लगाया। कैंप में सामुदायिक चिकित्सा पदाधिकारी एकता राणा, एएनएम कमला कुमारी, स्वर्णालता कुमारी, नीलू कुमारी उपस्थिति थे। जहां पीड़ित परिवारों को चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक दवा दिया गया।

इसुआपुर में दशरथ पुत्रों का मनाया गया छठीयार

इसुआपुर ।इसुआपुर बाजार स्थित महावीर मंदिर के परिसर में सोमवार को दशरथ पुत्रों बालक स्वरूप श्रीराम, भरत, लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न का छठीयार बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।शरथ पुत्रों श्री राम जी का छठीहार बड़े धूमधाम तथा हरसोलास के साथ मनाया गया। वही राम समेत लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारों भाइयों का छठीहार भी मनाया गया। वही पूजा पाठ से छठीहार की शुरूआत की गई। इस मौके पर महावीर मंदिर कमेटी द्वारा बृहद भंडारे का आयोजन किया गया था। वहीं रात्रि में सिवान जिले के ब्यास साहेब गिरी तथा छपरा जिले के ब्यास संतोष सिंह के बीच दुगोला चैता का मुकाबला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आदर्श बाल कमेटी के बच्चों के सहयोग से विशाल भंडारा का का आयोजन किया गया था। पूर्व में भी रामनवमी के अवसर पर महावीर मंदिर कमेटी के द्वारा भव्य जुलूस का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के आयोजन में आम से लेकर खास लोगों ने काफी सहयोग किया। महावीर मंदिर कमेटी के सदस्यों में अमरनाथ प्रसाद, शारदानंद प्रसाद सोनी, महादेव साह, दिलीप चौरसिया, ढ़ोलन सिंह, भृगुनाथ चौरसिया, नागेश्वर सिंह, अर्जुन सिंह, मुन्ना कुमार, श्रीभगवान प्रसाद, रवि कुमार, रविंद्र कुमार, दीपराज व अन्य थे।

प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा

भेल्दी ।भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुर पंचायत के आदमपुर गांव में हनुमान मंदिर के .प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विशाल कलशयात्रा निकाला गया इस कलशयात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष पीले तथा लाल रंग वस्त्र धारण किए माथे पर कलश लेकर आदमपुर पोखरा से बांसडीह चैनपुर होते हुए पोझी भुवालपुर सूर्य मंदिर पर पहुंचे जहां आचार्य पंडित .अजय कुमार त्रिपाठी तथा पंडित मुकेश कुमार तिवारी के वेद मंत्र के उच्चारण से गंगा का शुद्ध जल कलश में स्थापित किया गया सूर्य मंदिर से कलश लेकर महिला तथा पुरुष आदमपुर पहुंचे जय श्री राम हर हर महादेव के नारों से भक्ति में माहौल बना हुआ था इस कलशयात्रा में हाथी घोड़ा बैंड बाजे तथा डीजे से पूरे इलाके में भक्ति में माहौल बना हुआ है यह कलशयात्रा आदमपुर के पोखर के भिन्न पर वीर हनुमान जी का मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई थी जो कल हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

पंच सरपंच संघ एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का हुई संयुक्त बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ का जीबी बैठक यशवंत होटल के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में सैकड़ो पंच सरपंच उपसरपंच, वार्ड सदस्य, मुखिया, पंसस आदि ने भाग लिया।

त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ के सहसंयोजक किरण देव यादव ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंच सरपंचों , वार्ड सदस्यों एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अधिकार देने, पंच सरपंच को एम एल सी चुनाव का वोटर बनाने, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों सरपंच मुखिया वार्ड सदस्य आदि को 2001 से पेंशन चालू करने , ग्राम कचहरी – पंचायत को सशक्त करने, गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपना को साकार सच्चे अर्थों में करने संबंधी मांग लोकसभा के उम्मीदवार द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में एवं जीतने के बाद लोकसभा में सवाल उठाने का शपथ पूर्वक लिखित घोषणा जो करेंगे, उन्हें समर्थन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए उपस्थित सभी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष किरण देव यादव को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव रविंद्र यादव, जिला महासचिव मनोज कुमार, सहरसा जिला अध्यक्ष विनोद यादव , सचिव लाल बहादुर शाह, जिला सचिव श्रवण कुमार, जिला संयोजक रणवीर यादव, जिला संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार, सहसचिव रुदल पासवान, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद मासूम, परवत्ता प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, अलौली प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार, खगड़िया प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मानसी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, गोगरी प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र यादव, बेलदौर सामो देवी सुनीता देवी, रंजू देवी गोगरी आशा देवी शोभा देवी पिंकी देवी अनीता निर्मला चंद्रकला सुमित्रा सविता आदि दर्जनों वार्ड सदस्य पंच सरपंच ने भाग लिया।

सबों ने एक स्वर में कहा जो प्रत्याशी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन चालू करने की बात करेगा, जो वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 6000 रु मासिक करवाने की बात करेगा, वह खगड़िया में राज करेगा।

मशरक में लगी भीषण आग, 26 घर जले , 25 लाख से अधिक की संपति जली

3 महिला सहित 5 झुलसे , आधा दर्जन बकरी जली

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मदारपुर नोनिया टोली में सोमवार को भीषण आग से 26 घर जलकर राख हो गये। आग लगने की खबर पर मशरक सीओ सहित स्थानीय प्रशासन एवम पंचायत प्रतिनिधि फायर ब्रिगेड के साथ पहुंचे। मढ़ौरा , बनियापुर , पानापुर से फायर ब्रिगेड टीम को बुला आग पर काबू पाया। जिससे आसपास के सैकड़ों घर जलने से बच गए ।

हालांकि 30 घर को आग ने अपना निवाला बना लिया। जिसमे 25 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग की चपेट में आने से तीन महिला एवम दो पुरुष झुलस गए जिनकी चिकित्सा मशरक सीएचसी में कराई जा रही है । जबकि आग की लपट में 6 बकरी एवम घर में रखे 4 बाइक , गहना , अनाज , कपरा , पंखा , कूलर अनाज सहित कीमती वस्तु जल गया। आग लगने के कारण का पता नही चल पाया। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार बस्ती के सभी पुरुष बाहर काम करने गए थे । आगलगी में शत्रुघ्न महतो, भरत महतो, लक्ष्मण महतो, गौरव महतो, प्रेमचंद महतो, भभीखन महतो, बहरन महतो , बीरेंद्र महतो, धर्मेंद्र महतो , योगेंद्र महतो, लालबाबू शर्मा , सुनील महतो, विश्वकर्मा शर्मा, शिवतहल शर्मा , लालदास महतो, योगेंद्र शर्मा, अजय महतो, मेहीलाल शर्मा, हकीम शर्मा, उमरावती देवी , इस्लाम मंसूरी सहित 26 गृह स्वामी आग लगी का शिकार हो खुले आसमान के नीचे आ गए है।

ग्रामीणों एवम फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने में सीओ सुमंत कुमार , प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, उप प्रमुख पति रणधीर राय, मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह, बीडीसी पारसनाथ सिंह समेत अन्य ने काफी सहयोग किया।

मतदाताओं का निर्धारित लक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु बैठक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिला अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं का मतदान प्रतिशत को निर्धारित लक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी प्रखंडों में बी.एल.ओ. एवं बी.ए.जी. के साथ बैठक का आयोजन किया गया` इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ, सेक्टर पदाधिकारियो,सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियो एवं कर्मियों ने भाग लिया` बैठक के दौरान उपस्थित सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं बी ए जी के सदस्यों से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया` इसी क्रम में उप विकास आयुक्त वैशाली ने पटेढ़ी बेलसर, एवं वैशाली प्रखंड अंतर्गत आयोजित बैठक में भाग लिया` उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारियो एवं बी ए जी के सदस्यों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। जीविका के द्वारा गोरौल, भगवानपुर एवं वैशाली प्रखंड अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम में जीविका दीदियो एवं आम जनों ने भाग लिया` उपस्थित सभी लोगों से मतदान करने एवं अपने परिवार के सभी मतदाताओं, आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया` जीविका दीदियो ने घर-घर जाकर भी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की` चेहराकला,जंदाहा,पातेपुर, पटेढ़ी बेलसर, एवं वैशाली प्रखंड में भी आईसीडीएस की सेविकाओ, जीविका दीदियो, प्रखंड स्तरीय कर्मियों, सेक्टर पदाधिकरियो ने घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया ` बुनियाद केन्द्र बिदुपुर,महनार एवं पातेपुर, द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने हेतु बुनियाद केन्द्र के कर्मियों ने घर-घर जागरुकता अभियान चलाया। गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस- पास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की।

बूथ की मजबूती ही एनडीए को 400 पार करेगा : दीपक प्रकाश

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। बूथ की मजबूती एवं संगठन की समीक्षा बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा ने किया ।संचालन जिला मंत्री मिथिलेश तिवारी ने किया ।बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रेम सिंह कुशवाहा ने विषय प्रवेश करते कहा बूथ की मजबूती ही हमें 400 पार कराएगा !इसलिए हर बूथ जो मजबूत है। उसको और मजबूत करना है और जो कमजोर है उसको अभी से मजबूत करना है ।

बैठक में मुख्य रूप से बिहार के सब प्रभारी दीपक प्रकाश ने विस्तार से संगठन की मजबूती पर चर्चा किया एवं दिशा निर्देश दिए ।

इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन प्रभारी त्रिभुवन नारायण सिंह, पूर्व विधायक सतीश यादव ,पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गौतम ,मनेंद्रनाथ सिंह, भाजपा नेता बीके सिंह, संजीव चौरसिया,जिला उपाध्यक्ष बच्ची मिश्रा, प्रिय रंजन दास, श्री नवीन कुमार कुशवाहा ,बबीता सिंह राजपूत, नीरू सिंह, प्रियदर्शनी दुबे ,मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, विधानसभा प्रभारी ,विधानसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, जिला के सभी पदाधिकारी ,मंच मोर्चा के प्रभारी, लोकसभा कोर कमेटी के सभी सदस्य ,लोकसभा प्रबंध कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पर नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया

गया। माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पटना-गया रोड पर स्थित चाकन्द के समीप रहीम बिगहा में नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया है। इस दौरान कुमार गौरव ने अपने अपना माता का पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और विद्यालय के बच्चों को भोजन कराया गया है। सिन्हा ने कहा कि कोरोना काल में मेरी माता माधुरी देवी का निधन हो गया, उसके बाद से मैं इन असहाय बच्चों के साथ ही माता का पुण्यतिथि को मनाता हूं। इनलोगों के पास आकर इनकी सेवा कर मैं अपनी माता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी अर्पित कर पाता हूं। वर्ष 1983 से चलने वाले इस नेत्रहीन विद्यालय के संस्थापक महेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि आज तक किसी प्रकार की हमें सरकारी सुविधाएं नहीं प्राप्त हुई हैं।

पुस्तकें, बदलव का माध्यम: पद्म श्री डॉ. बीकेएस संजय

प्रात : किरण संवाददाता

देहरादून। संजय ऑथोर्पीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर दून विहार, जाखन, राजपुर रोड, देहरादून के द्वारा विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय लोकसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड डॉ. रमेश पोखरियाल ह्यनिशंकह्य ने सम्मानित अतिथि औरोवैली आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मदेव एवं विशिष्ट अतिथि पर्यावरणविद् पद्म श्री कल्याण सिंह रावत, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, देहरादून महानगर के बी.जे.पी. अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, झांसी विश्वविद्यालय के प्रो. पुनीत बिसारिया एवं कार्यक्रम के आयोजक पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि पुस्तकें ऐसी दोस्त हैं कि जब भी आप उनका साथ चाहते हो वह आपके साथ हो जाती हैं और अपने पूरे कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाती हैं। उनके लिए समय और परिस्थितियों की बाधता नहीं होती है जैसे कि व्यक्तियों के साथ होती है। लेखक लिखने के बाद मर जाते हैं पर पुस्तकें अमर रहती हैं जैसे हमारे ग्रंथ रामायण, महाभारत, कुरान, बाइबल, गुरु ग्रंथ साहब, आगाम और पिटिक इत्यादि। जब हम कोई पुस्तक पढ़ते हैं तो ऐसा लगता है मेरा लेखक से सीधा साक्षात्कार हो रहा है और यही भावना उसमें लेखकों की लेखन के साथ अमर बनाती हैं। डॉ. संजय ने सभी से अनुरोध किया कि हम सभी को बचपन से ही पढ़ने की आदत डालनी चाहिए और बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

कार्यकम के सम्मानित अतिथि स्वामी ब्रह्मदेव ने कहा कि चाहे हम किताबें कितना भी पढ़ लें लेकिन अपनी जिंदगी को पढ़ना सबसे बडा काम है। अपने आप को समझें, जानें और खुद को पहचानें। पुस्तकों से ही जीवन का विकास होता है इसलिए पढ़ते रहें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रमेश पोखरियाल निशंक जी ने कहा कि पुस्तकों का महत्व असीमित है। आज हम जो भी हैं, जहा भी हैं, यह सब पुस्तकों की ही देन है। हम जैसा सोचते हैं, वैसा बोलते हैं और हम जैसा बोलते हैं, वैसा करते हैं इसलिए अच्छा सोचें, अच्छा करें और अच्छे बनें। डॉ. योगेंद्र नाथ अरुण ने कहा कि पुस्तकें आपकी सबसे अच्छी दोस्त हैं, बशर्ते तुम्हें चुनना आता हो। आज संस्कारों एवं संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है और पुस्तकें ही इस कार्य को करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देती हैं।

डॉ. सुधा रानी पांडे ने कहा कि हम सभी पुस्तकें पढ़ कर ही आगे बढ़े हैं। पुस्तकें हमारी मानसिक, वैचारिक, बौद्धिक एवं सैद्धांतिक विचारों की अवधारणा को प्रभावित करते हैं। प्रो. प्रियदर्शन पात्रा ने कहा कि हमें स्वयं पढ़ना चाहिए और दूसरों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्री विश्वंबर नाथ बजाज ने कहा कि हमारे जीवन में धार्मिक ग्रंथों का महत्वपूर्ण योगदान है।

शिवजी बाबू की पुण्यतिथि पर सरकारी शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य पर हुआ सेमिनार

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। बाबू शिवजी राय मेमोरियल लाइब्रेरी , हाजीपुर में शिवजी बाबू की 13 वीं पुण्यतिथि पर लाइब्रेरी के पदाधिकारियों एवं पाठकों ने पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया। लेखक एवं आजीवन सदस्य हरिशंकर प्रसाद सिन्हा सुमन की अध्यक्षता में ' सरकारी शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य पर छात्रों के बीच सेमिनार हुआ। सर्वप्रथम सचिव शिक्षक उमेश कुमार निराला ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की स्थित और नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था सुधरे और लोगों को महंगी निजी शिक्षा व्यवस्था से मुक्ति मिली लेकिन जन मानस की सोच विपरीत है जिस कारण सरकारी शिक्षा सम्मान नहीं पा सकी है। हिंदी भाषा के उच्च स्तरीय प्रशिक्षक डॉ अरुण कुमार निराला ने कहा कि सरकारी शिक्षकों की गुणवत्ता निजी विद्यालयों से बेहतर है लेकिन छात्र और शिक्षक में लक्ष्यों को लेकर सम्यक चिंतन और एकीकृत प्रयास की कमी है।

अधिवक्ता ममिता राय ने शिक्षा के संदर्भ में शिवजी बाबू की उच्च दृष्टि की तारीफ की और बोली कि उनके नाम पर दस हजार से अधिक पुस्तकों की लाइब्रेरी का 12 वर्षों से निर्बाध्य चलना सुखद है। सरकार को सीबीएससीई की स्कूल भी खोलना चाहिए। रंगकर्मी बबलू सुल्तान ने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था अगर नहीं बची तो पचहत्तर प्रतिशत आबादी शिक्षा से महरूम रह जायेगी। लाइब्रेरी के छात्र आदित्य भूषण ने कि सरकार जान बूझ कर शिक्षा निजी हाथों में सौंप रही है जो खतरनाक है। महाविद्यालय में ललित कला के अध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि आज भी सरकारी संस्थान ही है जो गरीबों को न्यूनतम खर्च शिक्षा दे रही है लेकिन बिहार में रंगमंच, संगीत, पत्रकारिता आदि की सरकारी अकादेमी आज भी नही है जो दुखद है। छात्रा ज्योति गुप्ता ने कहा कि सरकारी व्यवस्था सुधरी है लेकिन और सुधर सकती है। आज माता पिता की बेटी की शिक्षा पर कम खर्च करने की नीयत रहती है उनके लिए तो सरकारी संस्थान ही आशा है। अतिथियों का स्वागत उप पुस्तकालयी अंजू चौबे ने किया और संचालन लाइब्रेरी के प्रभारी संजय दास ने किया।

विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ने चलाया अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों मे सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर, ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुये स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा की पृथ्वी पर रहने वाले तमाम जीव -जन्तु, पेड़ पौधों को बचाने तथा दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस यानी "अर्थ डे" मनाया जाता हैं। स्वयंसेवक गुप्ता ने कहा की इस दीवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण हेतु जागरूक करना है। स्वयंसेवक गुप्ता ने कहा ने कहा की आधुनिक काल में जिस तरह से मृदा अपरदन हो रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, ग्लोबल वार्मिग बढ़ रहा है और प्रदुषण फैल रहा है, इससे पृथ्वी का ह्रास हो रहा है। ऐसी स्थिति में पृथ्वी की गुणवता, उर्वरकता और महत्ता को बनाये रखने के लिए हमें, पर्यावरण और पृथ्वी को सुरक्षित रखने की जरुरत है। स्वयंसेवक गुप्ता ने लोगों से पृथ्वी को हरा-भरा, स्वच्छ ग्रह बनाने के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा की पर्यावरण संरक्षण हर एक नागरिक का कर्तब्य है, हमें प्रकृति के संरक्षण को प्राथमिकता देना चाहिए तथा अपनी उपभोक्तावादी जीवन शैली मे बदलाव करना चाहिए। स्वयंसेवक गुप्ता ने इस कार्यक्रम के अवसर पर लोगों से अधिक संख्या मे पेड़ -पौधा लगाने, नदी -तालाब व कुओं को स्वच्छ रखने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधी योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, कन्या उत्थान योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम के अवसर राजेश कुमार मिश्रा, हरिश्चन्द्र मिश्रा, पशु टिकाकर्मी रणधीर कुमार, प्रवीण कुमार, बेदामि देवी, कौशल्या देवी, नगीना महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

पूर्वी चंपारण एवं शिवहर लोकसभा निर्वाचन के लिए 29 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी ।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर छठे चरण में पूर्वी चंपारण एवं शिवहर लोकसभा के लिए 29 अप्रैल को जारी अधिसूचना के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। पूर्वी चंपारण लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण तथा शिवहर लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण हैं। पूर्वी चंपारण के नामांकन अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण के कार्यालय पोस्ट में तथा शिवहर लोकसभा के लिए नामांकन जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में लिया जाएगा। नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारंभ हो जाएगी जो 6 मई 2024 (सोमवार) तक चलेगी। सार्वजनिक अवकाश के दिन नाम निर्देशन का कार्य स्थगित रहेगा। 07 मार्च 2024 को स्क्रुटनी की तिथि निर्धारित है जबकि अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 9 मई 2024 (गुरुवार) निर्धारित है। आज डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में जिलाधिकारी की उपस्थिति में नाम निर्देशन कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन निर्धारित तिथियों को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक लिया जाएगा। नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को निर्धारित कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे तक पहुंच जाने वाले सभी व्यक्ति का नामांकन प्राप्त किया जाएगा। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दल के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक, गैर मान्यता प्राप्त किंतु पंजीकृत राजनैतिक दल के उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक तथा निर्दलीय उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक होने चाहिए। नामांकन के समय निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों को जाने की अनुमति रहेगी तथा अधिकतम पांच व्यक्ति ही निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जाएंगे। अभ्यर्थी या उनके प्रस्तावक अधिकतम चार एवं न्यूनतम एक सेट में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। प्रथम नामांकन पत्र के साथ जमा राशि का नाजीर रसीद/ चालान की मूल प्रति संलग्न होना जरूरी है। सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी 25000 एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी के लिए जमा राशि 12500 रुपए निर्धारित है। अभ्यर्थी को आदर्श आचार संहिता से संबंधित आयोग के अद्यतन निर्देश की प्रति देनी होगी।अभ्यर्थी की उम्र स्क्रुटनी की तिथि को 25 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए वही व्यक्ति नामांकन कर सकेगा। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि को 3:00 बजे अपराह्न तक नाम वापसी ली जा सकती है।

उसके बाद निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी एवं सभी को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी तरह के प्रपत्रों की जांच करने एवं निर्धारित शेड्यूल का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण, अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर एवं अन्य पदाधिकारी तथा कर्मीगण उपस्थित थे।

बिस्कोमान प्रतिनिधि के चुनाव को लेकर हुआ नामांकन तीसरी बार भी निर्विरोध चुने गए अरुण कुमार सिंह

मोतिहारी। जिले के किसानों के हितों की रक्षाके लिए तत्पर रहनेवाले ,उन्हें सस्ते दर पर खाद बीज उपलब्ध करवाने व गरीबो की सेवा के लिए समर्पित संस्था बिस्कोमान के जिला सदस्यों के चुनाव के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन जिले के कई गणमान्य लोगों ने स्थानीय बिस्कोमान कार्यालय में अपना अपना नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने वाले प्रमुख लोगो मे ग्रुप बी के लिए दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया वही ग्रुप ए के लिए समाजसेवी वरुण विजय ,सुदर्शन प्रसाद सिंह ,रामचंद्र कुंवर,राणा रंजीत सिंह ,जाप नेता अभिजीत सिंह ,कन्हैया सिंह व प्रमोद कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।वही आज ग्रुप बी के लिए दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह लागतार तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित किये गए हैं ।चुकी ये एक सिंगल पोस्ट था और उनके अलावा किसी अन्य ने इस पद के नामांकन दाखिल नही किया था जिसके कारण वे निर्विरोध चुने गए वही नामांकन दाखिल करने वाले वरुण विजय व अन्य सातों सदस्य के भी निर्विरोध ही चुने जाने की संभावना है क्योंकि ग्रुप ए में भी सात सदस्यों को ही चुना जाना है और समय सीमा समाप्त होने तक ग्रुप ए के लिए भी किसी ने अपना नामांकन दाखिल नही किया है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण प्रेमियों ने चलाया संरक्षण जागरूकता अभियान

कैमूर। विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण प्रेमियों ने बा किलकारी केंद्र देवकली, मोहनियां में पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बा किलकारी केंद्र के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस इस साल का थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक। इस थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शंस की तलाश पर जोर देना है। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किस तरह दुनिया में पर्यावरण को हुए नुकसान को कम किया जाए और इस नुकसान की भरपाई की जाये। पृथ्वी के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। शहरीकरण

संक्षिप्त खबरें

शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के मिर्जा चक गांव मे शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सुचना बरियारपुर पुलिस को मिला कि मिर्जा चक गांव में दो शराबी शराब पीकर हंगामा कर रहा है। इस गुप्त सूचना के आधार पर बरियारपुर पुलिस स्थल पर पहुंच कर शराब के नशे में धुर्त दो शराबी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे लेकर पुलिस दोनों का ब्रेथ एनालिसिस जॉच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों से परीक्षण कराया। शराब पीने की पुष्टि होने पर दोंनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

अचानक लगी घर में आग, सक्रियता से आग पर पाया काबू

बारियारपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के बंगाली टोला गांव में काश के टाल एवं उपला के ढेर में सोमवार की संध्या 4 बजे अचानक लगी आग से अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। नहीं तो आसपास कई फुस के घर थे जो आग के चपेट में आ सकते थे। जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बंगाली टोला गांव निवासी विलास मंडल एवं नारायण मंडल का टाल लगा हुआ था। उसी के बगल में घरों के लोगों के द्वारा चूल्हे के राख को फेंका गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि चूल्हे के राख में चिंगारी थी जो काश के टाल में पकड़ ली और देखते ही देखते पूरे काश के टाल को अपने चपेट में ले लिया। साथ ही उपले के ढेर को भी अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीण ने आग लगा देख तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। इस बीच अग्निशमन वाहन को भी सूचना उपलब्ध कराई गई। आग से आसपास के लोगों में अफगानिस्तान तफरी का माहौल देखा गया।

मारपीट की घटना में 12 पर केस दर्ज

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शामपुर थाना क्षेत्र के गोवड्डा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है एक पक्ष से खुशबू देवी के आवेदन पर आठ लोगों व दूसरे पक्ष के रूपा देवी के आवेदन पर चार लोगों पर प्राथमिक की दर्ज किया गया है। इसकी पुष्टि शाहपुर थाना अध्यक्ष ने की।

पुआल में लगी आग

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। प्रखंड के बनगामा बहियार में पुआल में अचानक आग लगने से भोला यादव के खलिहान में रखें पुआल में अचानक आग लग गई। अग्निशमन दल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

मोटरसाइकिल के धक्के से मजदूर घायल, चल रहा इलाज

संग्रामपुर (मुंगेर)। सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग संग्रामपुर थाना के समीप सोमवार की सुबह करीब 10:00 बजे तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर साइकिल से सड़क पार कर रहें मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं संग्रामपुर पुलिस के द्वारा घायल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल मजदूर थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव निवासी 55 वर्षीय छब्बू पासवान बताया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल मजदूर की बेटी का आज तिलक था वह साइकिल से संग्रामपुर बाजार जा रहा था। तभी संग्रामपुर की ओर से तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर दूर जा गिरा। वही बाइक सवार भी बाइक सहित विपरीत दिशा में जा गिरा। इस घटना में बाइक सवार को भी मामूली चोटे आई हैं। थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने बताया कि घटनास्थल से मोटरसाइकिल को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया हैं। अभी तक किसी भी पक्ष के द्वारा घटना के संबंध में आवेदन नहीं दिया गया है।

शराब के धंधे बजा का आज भी धंधा चालू

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) हवेली खड़गपुर ही नहीं मुंगेर जिले में अवैध शराब का धंधेबाज को उत्पाद कानून का कोई भय नहीं है। पुलिस ने प्रतिदिन जिले में विभिन्न स्थानों से 50 से 60 धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल तो भेज देते हैं लेकिन उत्पादन कोर्ट से बेल हो जाता है और जेल से बाहर आकर पुनः शराब तस्करी का धंधा शुरू कर दिया करते हैं। इस धंधे में कोई आधा दर्जन ऐसे तस्कर हैं जो गिरफ्तारी के बाद अपना नाम बदल लिया करते हैं ताकि उनके अपराधी के इतिहास का पुलिस को पता नहीं चल सकता है। जानकारी के अनुसार बीते दो वर्ष में उत्पाद के दो विशेष कोर्ट में मात्र दो शराब घंधेवाज को सजा मिल पाई है।

प्रमंडलीय आयुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी का किया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। मुंगेर लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के तैयारियों की समीक्षा को लेकर सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 13 मई को चौथे चरण में होने वाले निर्वाचन के तहत 28 - मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 165 - मुंगेर तथा 166 - जमालपुर विधान सभा क्षेत्र में निर्वाचन को लेकर हो रहे तैयारी के विषय पर बिंदु वार चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, मुंगेर, अवनीश कुमार सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्र, आयुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है, द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आगामी 6 एवं 7 मई तथा तृतीय चरण का अंतिम प्रशिक्षण 11 मई को दिया जाएगा। सभी प्रशिक्षण उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी, बैद्यनाथ राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, टाउन विद्यालय तथा मॉडल स्कूल में पाली वार दिया जाएगा। विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के बावत आयुक्त ने कहा कि 40 - जमुई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस बार भी मतदान के कम प्रतिशत की जानकारी प्राप्त हुई है, 28 - मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कम चिन्हित मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र क्षेत्रों में जागरूकता अभियान तो चलाएं हीं, साथ ही नए युवा वोटरों, जो इस बार पहली बार वोट करेंगे, उनमें से कुछ जागरूक युवा मतदाताओं को चिन्हित कर उन्हें स्थानीय बूथ का एंबेसडर बनाएं और उनके माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। ऐसे युवा मतदाता जिन्हें एंबेसडर बनाया जाएगा, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर भी उनको सम्मानित करने का निर्देश दिया। मतदान के दिन सभी बूथों पर पेय जलापूर्ति के साथ-साथ वैसे बूथ जहां मतदाताओं को खुले में मतदान करना पड़ेगा उसे भी चिन्हित कर वहां शेड लगाने तथा वृद्ध एवं गर्भवती महिला मतदाताओं के बैठने की भी समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे यदि कोई किसी मतदान केंद्र दुर्गम पथ से गुजर रहा हो तो वहां मतदाताओं के आवागमन के लिए सुगम साधन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

आयुक्त द्वारा मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के भी पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं। जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित सीआरपीएफ एवं सीआईएसएफ की पर्याप्त बल उपलब्ध रहेगी। पर्याप्त संख्या में मतदान के लिए कार्मिक उपलब्ध हैं। वाहन की भी समस्या नहीं है। वहीं डिस्पैच सेंटर में आयुक्त द्वारा सीसीटीवी कैमरे संधारित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि डिस्पैच सेंटर में सीसीटीवी कैमरे का संधारण किया गया है, इसके अलावे वहां सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 11 एवं 12 मई को डिस्पैच सेंटर पर पी-1 सहित सभी दण्डाधिकारियों, मतदान कर्मियों एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों को ब्रिफिंग भी किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 4662 बॉण्ड डाउन कराया गया है। वहीं सीसीए में प्राप्त प्रस्तावों के आलोक में 70 प्रस्ताव में आदेश पारित किए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आयुक्त को विस्तृत रूप में कोषांगवार अब तक की तैयारियों एवं मतदान के मद्दे नजर आगे की कार्य योजना से अवगत कराया। अब तक की निर्वाचन संबंधि तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए लोक सभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप में सफलता पूर्वक संपन्न कराएं। वहीं प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अपराह्न में जिला जन सम्पर्क कार्यालय में संचालित मीडिया व एमसीएमसी कोषांग तथा राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित अभ्यर्थी व्यय एवं लेखा संधारण कोषांग का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त ने दोनों कोषांगों में संचालित सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी दिलीप कुमार देव द्वारा मीडिया/एमसीएमसी कोषांग में संचालित सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी।

आंगनवाडी सेविका ने क्षेत्रीय मतदाताओं को मतदान हेतू किया जागरूकता

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर। आंगनबाड़ी केंद्र के कुल 85 सेविका रीना कुमारी द्वारा बूथ संख्या 8 पर सीडीपीओ चंचला कुमारी की अध्यक्षता में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई थी। कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के क्रम में सभी ग्रामीण महिलाएं उपस्थित हुई और उन्हें पुरस्कार के रूप में गिफ्ट भी दिया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार रानी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रेणु देवी और तृतीय पुरस्कार अरुणा देवी निर्णायक मंडल के द्वारा घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में खेरपुर कदवा और धोलबाजा पंचायत की सभी सेविका उपस्थित थीं।

उपस्थित सभी ग्रामीणों ने मतदान से संबंधित जानकारी प्राप्त की और सभी ने पूरी तरह से जोश दिखाया कि उन्हें शत प्रतिशत मतदान बढ़ोतरी के साथ कार्य सुनिश्चित करना है। इस दौरान उन्हें यह बात बहुत अच्छी लगी कि उन सबके मतदान की कीमत एक समान है। इस मौके पर रीना कुमारी, ममता कुमारी, हेमलता कुमारी, सावित्री देवी, मीना कुमारी, मुन्नी कुमारी, रिंकी कुमारी, बबिता कुमारी, रंजीता कुमारी, रेखा देवी और रेणु देवी सहित दर्जनों सेविका व सहायिका मौजूद थीं।

शिशुआ में खड़ी ई रिक्शा के पलटने से चार वर्षीय बालक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/तारापुर। शनिवार को जब मासूम गगन के मौत हो गई तो उसकी मां प्रीति देवी ने अपने बच्चों की मौत पर उसे सीने से लगाए फुट-फुट का रो रही थी। उसे वक्त इस दृश्य को देखकर न सिर्फ उन्हें जानने वाले बल्कि हर किसी की आंखें दिखाई दे रहा था। जानकारी के अनुसार तारापुर प्रखंड के शिशुआ निवासी सूरज मिश्रा के 4 वर्षीय पुत्र गगन की मौत घर के निकट ई रिक्शा पलटने से दबाकर हो गई।

इस घटना के बाद परिजनों ने बालक को अनुमंडल अस्पताल लाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर फारुक खान ने बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू किया लेकिन बालक की मौत घर से अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही हो गया था। बालकके पिता सूरज मिश्रा ने मौत का कारण इलाज के क्रम में चिकित्सकों की लापरवाही बताया। इसके बाद वहां मौजूद परिजनों में चिकित्सकों को लेकर आक्रोश पनपा। दूसरी और चिकित्सा फारुख खान का कहना है कि अत्यधिक जख्मी अवस्था में बच्चों को लाया अस्पताल गया था । बच्चें के कान से खून बह रहा था। और मुंह से झाग निकल रहा था खूनकी सफाई के क्रम में ही पता चला की बच्चों की मृत्यु हो गई है। इस बीच स्थित का आकलन करने पहुंचे थाना अध्यक्ष सह

प्रशिक्षु डीएसपी रागिनी कुमारी ने स्वजनों को समझा बुझाकर बच्चें का शब को पोस्टमार्टम के लिए सदार अस्पताल भेजा। इस समझ में थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षित डीएसपी ने बताई की आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

रन फॉर वोट एंड रन फॉर भागलपुर के लिए दौड़े प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्वक, निष्पक्ष, एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद आनंद के नेतृत्व में भागलपुर के युवाओं व एनसीसी कैडेट ने के बीच दौर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया। "रन फॉर वोट एंड रन फॉर भागलपुर" प्रतियोगिता की शुरूआत स्थानीय सैंडिश कंपाउंड मैदान प्रांगण हुई। इस दौरान डीएम व एसएसपी ने भी युवाओं व एनसीसी कैडेट्स के साथ मिलकर एक साथ दौड़ लगाई है। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक समय था, जब सभी को वोट करने का अधिकार नहीं था, जब हमें आजादी मिली, तो हमारे संविधान निमार्ताओं ने सबको समान मताधिकार हक दिया है। चाहे वह किसी जाति, किसी धर्म, किसी वर्ग समुदाय का हो, सबके मत का मूल्य एक समान है। जरा सोचिए जिस दिन

हमें वोट का अधिकार नहीं था उन दिनों हमारे मन में कितनी ग्लानि रहती होगी। आज हम सब को वोट का अधिकार मिला है, तो इसका उपयोग करना हमारा कर्तव्य निर्वाह करना जरुरी है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि हम जानते हैं बिहार के लोग सबसे ज्यादा मेहनती होते हैं, लेकिन जब अखबार की सुर्खियों में पढ़ा कि बिहार में मतदान का प्रतिशत सबसे कम रहा, तो बहुत अफसोस हुआ। वही उन्होंने कहा कि हमारे युवा समाज में क्रांति ला सकते हैं। आप अपने परिवार व अपने समाज में जितने मतदाता हैं आगामी 26 अप्रैल को वोट करने के लिए उन्हें प्रेरित करना है, और वोट दिलवा देना है, ताकि भागलपुर की प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सके। अगर आप वोट नहीं करते हैं तो देश के विकास के लिए कोई भी निर्णय होता है, उस समय आपको अफसोस रहेगा, कि मैं इस निर्णय में शामिल नहीं हो सका। इसलिए अपने देश के निर्माण में एक ईंट के रूप में अपना एक वोट देकर शामिल हो जाय और अपना मतदान देकर देश विकास में योगदान दें।

वही यूवाओं को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जरा सोचिए देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों ने लड़ते समय जो सपने देखें थे, कि हम अपनी सरकार खुद बनाएंगे, अपना प्रतिनिधि खुद चुनेंगे। अगर हम वोट ही ना करें तो उनकी आत्माओं को कष्ट होगा। इसलिए देश की आजादी के लिए अपनी लड़ाई में जान देने वाले व कठिन यातनाएं सहने वालों वैसे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम आगामी 26 अप्रैल को सुबह घर से निकलकर 7:00 बजे वोट करें। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट सिर्फ हम अपने लिए नहीं करते, अपने बच्चों के भविष्य के लिए भी करते हैं, कि हमारी शिक्षा, रोजगार व्यवस्था कैसे होगा, जो हम पर शासन करेंगे, वह कैसा होगा। वही उन्होंने कहा कि सोचिए जब परिवार में कोई निर्णय होता है और यदि आपको उसमें शामिल नहीं किया जाता है, नहीं पूछा जाता है तो आपको कितनी तकलीफ होती है, आज इस देश का सबसे बड़ा पंचायत निर्णय 26 अप्रैल को होने जा रहा है और उसमें अगर आप शामिल नहीं रहते हैं, तो आपको कैसा लगेगा। इस लिए आप सबसे अपील है कि आप भागलपुर का एक एक मतदाता 26 अप्रैल को घर से निकलकर अपना मतदान करें, और लोकतंत्र के इस महापर्व में देश विकास में सारथी बनकर, इस महापंचायत के निर्णय में खुद को शामिल करें। इस मौके पर संयुक्त निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानी, हमारे शहीदों की आत्मा जब ऊपर से देखती होगी कि जिस देश की आजादी के लिए हमने इतनी यातनाएं सही, इतने दिनों तक जेल काटे, उस देश के नागरिक वोट देने के लिए 10 मिनट मतदान केंद्र पर खड़े नहीं रह सकते है, तो उन्हें कितना कष्ट होता होगा। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार के सुविधाएं उपलब्ध है। ठंडा पानी, प्रतीक्षा के लिए बैठने के व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधाओं से लैस है। आपसे निवेदन है कि 26 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 6 बजे के बीच अपने मतदान केंद पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट जरूर करें।

स्कूल वाहन में एक बार फिर लगी आग, बड़ा हादसा घटित होने से बचा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र स्थित गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालूचक स्थित निजी विद्यालय में नामांकित बच्चों को लाने व पहुंचाने वाली कार में अचानक अगलगी की घटना घटित होने की सूचना सामने आई है। वाहन में अचानक आग लगने के बाद से आसपास के लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी थी। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि स्थानीय एक निजी स्कूल के नामांकित छात्र-छात्राओं को कार द्वारा उसके घर से स्कूल व स्कूल से घर

पहुचाया जाता था। इसी दौरान उक्त कार चालक द्वारा अचानक अनियंत्रित होकर बच्चों से भरी कार से सड़क मार्ग किनारे एक बिजली के पोल में ठोकर मार दी, जिसके बाद उस ठोकर में निकली आग की चिनगारी से पूरे कार को अपनी चपेट में लेलिया था। इस दौरान आग लगने पर कार चालक बच्चों को कार में छोड़ मौके से फरार हो गया। इस दौरान देखते ही देखते आग भयावह रुप लेने लगा, वही इस आग की चिंगारी में पास के खेत में लगी गैहूं की फसल में भी आग ने अपने चपेट में ले लिया था, वही अगलगि की घटना को देख आनन फानन में ग्रामीणों ने सभी बच्चों को कार से किसी तरह सकुशल बाहर निकालने में सफल रहे, जिसके बाद और ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास में जुट गए। वही घटना की सूचना स्थानीय गोपालपुर थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके अग्नि शमन के कर्मियों को जानकारी दी। जिसके बाद गोपालपुर थाने की फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची जहां चालक राकेश यादव, अग्नि सिपाही रंजन कुमार व गृहरक्षक नंदकिशोर मंडल ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने की कवायद में जुटी जिसके बाद पुलिस टीम के काफी अथक प्रयास के बाद भयावह आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त की। वही ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी घटना होते-होते बची थी। इस अगलगि की घटना से किसानों को अपनी फसल नुकसान के साथ आर्थिक रूप से परेशानी हुई है। वही घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक शराब के नशे में था, जिसकी लापरवाही से किसी बड़ी अनहोनी घटित हो सकती थी लेकिन ससमय ग्रामीणों ने बच्चों को सुरक्षित करने के साथ आग को आगे फैलने से भी रोका गया।

महिला की बेरहमी से हत्या की वारदात को अपराधियों ने दिया अंजाम

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के परबत्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत गैरैया गांव स्थित बहियार में बने एक बासा पर स्थानीय एक ग्रामीण महिला की हत्या वारदात को अंजाम दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने बेरहमी से महिला की गला काट कर उसके चेहरा को पूरी तरह से साक्ष्य पहचान मिटाने के उद्देश्य से ईंट व पत्थर से कुचल दिया गया है। वही घटना को लेकर सूचना मिलते ही स्थानीय परबत्ता थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल की कवायद में जुट गई है। वही पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया को लेकर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंची है। जहां देर शाम हो जाने के कारण महिला के शव का पोस्टमार्टम हेतू पुलिस को दिक्कत का सामना करना पड़ा था। वही पुलिस ने देर रात कागजी प्रक्रिया पूरी कर वरीय अधिकारियों के आदेश जारी किये जाने के बाद चिकिसक की टीम ने देर रात पोस्टमार्टम करवाया गया था। वही पुलिस ने मृत महिला की पहचान परवत्ता थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के जियालाल यादव की 60 बर्षीय पत्नी हरिया देवी के रूप में की गई थी। वही दूसरी तरफ पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे मृत महिला के पुत्र पिंटू यादव ने बताया कि घर से दूर मां बासा पर कुछ काम से गई हुई थी, आम दिनों की तरह हम लोगों ने सोचा की बासा पर वह सोने चली गई है, जब मैं बासा पर पहुंचा तो मां को देखा कि वह मोटे चादर ओढ़ कर सो रही थी, इस पर कुछ शंका हुई तो चादर हटाया तो खून से लथपथ मां को देखा और इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। जिसके बाद घटना को लेकर लोगों के बीच यह जानकारी आग के तरह फैल गई। वहीं उन्होंने बताया कि मां की हत्या किसने की है, यह उनकी जानकारी में नहीं है, लेकिन उनके शरीर से कान व गले के सोने के जेवर नहीं है, और गदी में लगभग 50 हजार रुपया रखा हुआ था।

सड़क दुर्घटना में दो युवक की हुई दर्दनाक मौत

प्रातः किरण संवाददाता।

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में सड़क हादसे में मौत होने का शिलशिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक और सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत होने की सूचना सामने आई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौक के समीप बेलगाम हाइवा ट्रक चालक ने एक बाइक सवार दो युवक को ठोकर मार गम्भीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई हैं। वही घटना के बाद दोनों घायल युवक को त्वरित इलाज के लिए स्थानीय लोगों व राहगीरों के द्वारा गंभीर स्थिति में सीएससी जगदीशपुर ले जाया गया जिसे देखते ही अस्पताल प्रभारी बीबी मंडल ने मायगंज रेफर कर दिया गया जहां पहुंचते ही चिकिसक द्वारा जांचोपरांत एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की स्थिति भी नाजुक होने के कारण मायागंज अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया था, इसी क्रम में बेगूसराय के समीप सुबह 6:00 बजे दूसरे युवक

बैंक शाखा प्रांगण में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया सर्चिंग अभियान

भागलपुर। जिले भर में अपराध गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ साथ अपराध नियंत्रण की दिशा में क्षेत्र इलाके में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिले के सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए एसएसपी आनंद कुमार ने कहा है कि अपने अपने थाना क्षेत्र इलाके के सभी बैंक शाखाओं, एटीएम और वित्तीय प्रतिष्ठानों में अपराधी गतिविधि पर निगरानी को लेकर इलाके के साथ साथ बैंकों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया जाय के निर्देश जारी कर दिये हैं। इसी कड़ी में नाथनगर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीम ने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रांगण में सघन चेकिंग अभियान चलाया है। वहीं इस दौरान स्थानीय थाना के थानेदार मो. सफदर अली ने बैंक परिसर में ग्राहकों की सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को परखते हुए बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से सतर्कता बरतने की सलाह दी। साथ ही थानाध्यक्ष ने बैंक परिसर के साथ आसपास के बैंक एटीएम में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर यथाशीघ्र पुलिस को सूचना देने की बात कही है। उन्होंने जांच के दौरान बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों व बैंक में मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी एवं सुरक्षा से जुड़े अन्य उपकरणों की भी जांच की है। इस दौरान थानेदार ने एटीएम के बाहर खड़े लोगों की तलाशी लेते हुए उन लोगों को बिना काम के बैंक शाखाओं और एटीएम के इर्द-गिर्द खड़ा नहीं रहने की हिदायत दी गई है। ज्ञात हो कि विगत दिनों पूर्व में थाना के महज दो सौ मीटर दूरी पर अपराधियों ने बैंक सटर का लॉक व ताला तोड़ कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के समान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

बड़ी तादाद में हथियार बरामदगी के पीछे पुलिस की एक बड़ी साजिश

प्रात : किरण संवाददाता ईशु राज

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में संचालित सीएचसी, पीएचसी व स्थानीय अस्पताल में भी अक्सर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ सेवा व्यवस्था को लेकर तरह तरह के सवाल उठते रही हैं। वही अपनी लचर कुव्यवस्था को लेकर पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है, अस्पताल में मरीजों के लिए न तो सही इलाज सुविधा उपलब्ध हो पाती हैं और न ही स्वास्थ सेवा के तहत मिलने वाली सुविधा मुहैया हो पता है, और न मरीजों के लिए कोई दवाई सुविधा ही मिल पाती हैं। आलम यह है कि मरीजों को अस्पताल लेजाने के लिए कोई एंबुलेंस सेवा की सुविधा मिल पाती है। जिसे लेकर पहले ही कई मरीजों के परिजनों को स्थानीय प्रशासन से लेकर राजनीति दलों के लोगों से सुविधाओं का लाभ हेतू गुहार भी लगते नजर आते रहे हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे है जहां एक युवक इस चिलचिलाती धूप में अपनी बीमार वृद्ध मां को गम्भीर हालत में इलाज के लिए ठेले पर लाद कर मायागंज अस्पताल लेजाया गया, जहां

से इलाज कराने के बाद वह अपनी वृद्ध माँ को घर लेजाने के लिए कई जगह पर एम्बुलेंस सेवा की सुविधा को लेकर मांग करता रहा, जब उसे एम्बुलेंस सुविधा नही मिली तो उन्होंने अपनी वृद्ध मां को ठेला पर लादकर घर लौट रहा था, इसी क्रम में प्रातः किरण संवाददाता की नजर जब उक्त युवक पर पड़ी तो उन्होंने युवक से इस कड़ी धूप में वृद्ध महिला को कहा लेजाने के सवाल पर बताया कि वृद्ध महिला हमारी माँ है जिसका इलाज करकर वापस अपने घर लोट रहे है। इस दौरान तेज धूप से बचाव हेतू वृद्धि महिला के ऊपर काफी सारे कपड़े ढके हुए दिख रहे थे।

-मरीज के पुत्र ठेले पर अपनी मां को सुलाकर घर ले जा रहे देख लोगों के स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करते दिख रहे थे। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मायागंज अस्पताल प्रशासन एंबुलेंस की सुविधा नहीं दी गई, तो मजबूरन इस भीषण गर्मी के बीच चिलचिलाती धूप में अपनी वृद्ध मां को ठेला पर लादकर घर वापस जा रहे हैं। दरअसल घटना को लेकर बताया गया है कि विगत 22 मार्च को बारिश के दौरान घर के आंगन में वृद्ध महिला का पैर फिसल गया था जिसके कारण वृद्ध महिला 75 बर्षीय चित्तनी देवी का पैर टूट गया था। जिसका इलाज करीब एक महीने तक मायागंज अस्पताल में चलाता रहा था। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज बनाकर मरीज चित्तनी देवी छुट्टी किये जाने के साथ घर वापस लेजाने को कह दिया। वही घर वापसी को लेकर वृद्ध महिला के पुत्र द्वारा लगातार अस्पताल कर्मी से एंबुलेंस की मांग की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी गुहार को नहीं सुना और एंबुलेंस देने से मना कर दिया। जिस कारण महिला के पुत्र ने व्यवस्था के आगे थक हार कर मजबूरन ठेले पर लाद कर अपने घर की और तेज धूप में चल पड़ा था। वही मामले को लेकर अस्पताल अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया की जरूरत के अनुसार हम लोग मरीज को मदद करते हैं, वही मरीजों के सुविधा को लेकर सरकारी रेट निर्धारित है, मीडिया प्रतिनिधि के सवाल अगर कोई भी गरीब व्यक्ति, या वृद्धावस्था में हो तो उन्हें एंबुलेंस सेवा सुविधा मिलने बात पर उन्होंने कहा कि लोगों को जरूरत हो तो उसको इस सुविधा का दिया जा सकता है, लेकिन उन्होंने घर वापस जाने के लिए उक्त सेवा का लाभ मिलता है या नहीं?? यह सवाल गरीबों के नाम पर सुविधा उपलब्ध कराने की दाबे करने वाले हर राजनीति व सरकारी महकमों के लोगों पर एक सवालिया निशान लगा दिया है, ??,

वही अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि विकट परिस्थितियों में जरूरत के अनुसार हम लोगों की मदद करते हैं, अस्पताल में अवस्थित सभी एम्बुलेंस का सरकारी रेट दर है, वही उक्त नियम के अनुसार मरीज के परिजनों को शुल्क देना होता है, उसमें है क्या की जिले के अंदर कुछ किलोमीटर तक जा सकते हैं। जिले के बाहर नहीं जा सकते हैं। वही मरीज के पुत्र का कहना रहा है कि वे लोग कई बार सरकार द्वारा निर्धारित इमरजेंसी सेवा टोलफ्री नं

संक्षिप्त समाचार



चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।

लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी। साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.

अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून- यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून- वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून- नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून- श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून- अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून- नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून- भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून- पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून- यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून- नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून- न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून- नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून- वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून- भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून- ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून- साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून- यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून- वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून- इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून- बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून- अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून- यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून- साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून- न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून- भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून- नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून- पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून- बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून- श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून- न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून- वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून- ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून- बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून- सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून- बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून- बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून- ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून- ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून- सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून- ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून- सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून- बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून- सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून- सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून- सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून- फाइनल, बारबाडोस

इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।



इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा(

डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।

तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20 गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.

छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.

संक्षिप्त समाचार

14 साल की दुष्कर्म पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट से की अबॉर्शन की मांग

नईदिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता को उसकी लगभग 30 सप्ताह की गर्भावस्था का चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखकर आदेश दिया। रिपोर्ट में नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

अयोध्या, एजेंसी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे। मंदिर परिसर में एक समय में 25,000 तीर्थयात्री आ सकेंगे। यहां पर इन्हें अपने सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी तरह का प्रदूषण न हो, इसकी व्यवस्था की गई है। यहां के पेड़-पौधे संरक्षित हैं। परिसर में 600 पौधे थे और सभी सुरक्षित हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी वहां पर हैं। यह मंदिर अपने आप में स्वतंत्र होगा। अयोध्या के लोगों को मंदिर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं।

मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है।

कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए

नईदिल्ली, एजेंसी।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह

से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।'

चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिंदबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है।

चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।

चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'

चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है।

उन्होंने कहा, 'यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।'

अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

शिमला, एजेंसी।
नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें

(कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं।

चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने या पार्टी या राजनीतिक आकाओं के राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। मेरा मानना है कि स्वतंत्रता आंदोलन 1857 में मंगल पांडे के विद्रोह के साथ शुरू हुआ था। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, खुदीराम बोस जैसे कई लोग थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन भी था, जिसका अपना प्रभाव भी था। पंडित जवाहरलाल नेहरू निश्चित रूप से विभाजित भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।

मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं; ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई?

पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर

निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं पीपीपी, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल और इश्तेकाम पाकिस्तान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।

उपचुनाव के दौरान कई जगह हुई हिंसा

उपचुनाव के दौरान पाकिस्तान में कई जगह हिंसा भी देखने को मिली और पीटीआई और पीएमएलएन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की जान चली गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सरकार ने कई जगहों पर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही कई जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी पाबंदी रही।

इजराइली हमले में मौत के बाद महिला की डिलीवरी

डॉक्टरों ने जिंदा बच्ची को गर्भ से निकाला; इसके पिता-बहन भी एयर स्ट्राइक में मारे गए

गाजा , एजेंसी।
गाजा के राफा शहर में रविवार को इजराइली हमले में मौत के बाद एक महिला के गर्भ से जिंदा बच्ची को निकाला गया है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि महिला 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट थीं।

डॉक्टरों ने इमरजेंसी सी-सेक्शन डिलीवरी के जरिए बच्ची को निकाला। जन्म के समय बच्ची का वजन 1.4 किलोग्राम (3.09 पाउंड) था। उसकी हालत स्थिर है। धीरे-धीरे उसकी सेहत में और सुधार हो रहा है। महिला की पहचान सबरीन अल-सकानी के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि दो घरों पर इजराइली एयर स्ट्राइक में बच्ची की मां के अलावा उसके पिता और बहन समेत 19 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं।

नवजात बच्ची के चाचा रामी अल-शेख ने बताया कि उसके जन्म को लेकर उसकी बड़ी बहन मलक काफी खुश थी। वह अपनी छोटी बहन का नाम रूह रखना चाहती थी, जिसका अरबी में अर्थ आत्मा होता है। हालांकि, छोटी बहन के दुनिया में आने से पहले ही मलक की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई।

राफा के अस्पताल में बच्ची की देखभाल कर रहे डॉक्टर मोहम्मद सलामा ने बताया कि नवजात को एक अन्य शिशु के साथ इनक्यूबेटर में रखा गया है। उसे तीन से चार हफ्ते तक हॉस्पिटल में ही रखा जाएगा।

डॉक्टर ने कहा कि सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि बच्ची बच तो गई, लेकिन अनाथ पैदा हुई। इसलिए हम देखेंगे कि उसे कहां भेजा जाए, उसके चाची या चाचा या दादा-दादी के पास।

खान युनिस में इजराइल की कार्रवाई के बाद वापस लौटे लोगों को नासेर अस्पताल में कई सौ कब्र मिली हैं। इनमें से अब तक 180 लोगों की लाश बरामद की गई है। आरोप है कि इन्हें इजराइल की सेना ने मारकर दफनाया था। इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर 2023 से जंग जारी है। इसी दिन, हमास के लड़ाकों ने इजराइल में घुसकर हमले किए थे और इसमें 1200 इजराइली नागरिक मारे गए थे। 234 लोगों को किडनैप किया गया था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल के हमले से गाजा में 34,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजराइली सैन्य हमलों में 48 फिलिस्तीनियों की मौत हुई और 79 लोग घायल हो गए।

बुर्का नहीं पहना और कुमकुम लगाया तो... पत्नी के सामने महिला के साथ की हैवानियत

बेलगावी। कर्नाटक में 28 वर्षीय महिला की निजी तस्वीरों का उपयोग करके उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। वहीं, महिला पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान रफीक और उसकी पत्नी के रूप में हुई, जो उसके साथ यौन गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया है। तीनों एक साथ रह रहे थे और 2023 में उसके पति रफीक ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और उसे इस्लाम में परिवर्तित करने की मांग की। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भीमाशंकर एस गुलेद ने कहा, अप्रैल 2024 में आरोपी ने पीड़िता को पांच बार नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने और कुमकुम न पहनने के लिए मजबूर किया। आरोपी रफीक ने उससे अपने पति को तलाक देने और इस्लाम धर्म अपनाकर उनके साथ रहने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर महिला ने ऐसा नहीं किया तो उसकी निजी तस्वीरों को दुनिया से उजागर कर दिया जाएगा।

लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन

वॉशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।

लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन

टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकार दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर, आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने

रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।

शिया आतंकियों ने किया था अपहरण: टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जॉहानेसबर्ग और फिर बेरूत में काम किया। बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ाने की मांग की। अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी। अमेरिकी सरकार ने भी टेरी की रिहाई के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब बेकार गईं।

एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां

टेक्सास, एजेंसी।एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं। मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129